# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




इथियोपिया के पीएम अबी अहमद अली ने पीएम नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया


• बोकारो, गुरुवार 18 दिसम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 211 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## रामगढ़ में जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात एक ही दिन में चार को उतारा मौत के घाट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** जिले के घाटो ओपी क्षेत्र में हाथियों के हमले से एक ही दिन में चार लोगों की मौत हो गई। लगातार हुई इन घटनाओं से पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। हाथियों के हमले में जान गंवाने वालों में अमित रजवार (33), अमूल महतो (35), पार्वती देवी (40) और सावित्री देवी (45) शामिल हैं। एक ही दिन में चार मौतों की खबर फैलते ही गांवों में अफरातफरी मच गई और लोग रातभर दहशत में रहे। पहली घटना में हाथियों ने अमित रजवार पर हमला कर दिया। वेस्ट बोकारो के आरा चार नंबर फीडर ब्रेकर के पास घटना तब हुई जब हाथियों का झुंड सड़क किनारे आराम कर रहा था और आसपास के लोग उन्हें देखने के लिए



झुंड के पास पहुंच गए। कुछ ग्रामीणों ने हाथियों को खदेड़ने की कोशिश की जिससे एक हाथी भड़क गया और ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इस हमले में अमित रजवार को हाथी ने सूंड से पटक-पटक कर मार डाला। इससे अफरातफरी मच गई और रामगढ़-केदला मुख्य मार्ग जाम हो गया। बड़े वाहन चालक अपनी गाड़ियां छोड़कर भाग गए। मृतक अमित रजवार सारूबेड़ा कोलियरी में ड्यूटी कर घर इचाकड़ीह लौट रहे थे। परिजनों ने बताया कि वह हाथियों के झुंड को देखने आरा चार नंबर फीडर ब्रेकर के पास गए थे। इधर, इसके कुछ घंटे बाद ही गिद्दी निवासी अमूल महतो को भी हाथियों ने अपना शिकार बना लिया। देर रात हाथियों का आतंक और बढ़ गया। हाथियों के झुंड ने महावीर मांझी की पत्नी पार्वती देवी और स्वर्गीय लखन करमाली की पत्नी सावित्री देवी को भी मार डाला। एक के बाद एक हुई इन घटनाओं ने ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया। चार लोगों की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को आर-4 नंबर सड़क को जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ रही है। लोगों ने आरोप लगाया कि हाथियों की आवाजाही की जानकारी होने के बावजूद न तो समय पर पेट्रोलिंग की गई और न ही ग्रामीणों को सतर्क किया गया। स्थिति को देखते हुए इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार इस क्षेत्र में 42 हाथियों का एक बड़ा झुंड सक्रिय है। यह झुंड मांडू, घाटो और कुजू के जंगलों में घुम रहा है। तीन अलग-अलग टुकड़ियों में बंटा हुआ है। हाथियों के लगातार गांवों की ओर बढ़ने से लोगों में भय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक हाथियों को सुरक्षित जंगल की ओर नहीं खदेड़ा जाएगा तब तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं। एक ही दिन में चार मौतों ने वन विभाग और प्रशासन की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जमीन विवाद में फायरिंग जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में एक ताईद के घर पर हवाई फायरिंग की घटना हुई है। हालांकि फायरिंग की घटना में किसी को नुकसान नहीं हुआ है। घटना के बाद पुलिस मामले में छानबीन शुरू कर दी है। फायरिंग की घटना को जमीन विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। फायरिंग करने वाले आरोपियों का वीडियो वायरल भी हुआ है। पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के लालगंज के रियाजुद्दीन अंसारी नामक व्यक्ति ने चैनपुर थाना को आवेदन देकर रंगदारी के लिए सद्दाम कुरैशी, सूरज चंद्रवंशी, रौशन समेत कई युवकों पर रंगदारी के लिए फायरिंग करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में चैनपुर के थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि रियाजुद्दीन अंसारी के आवेदन के आधार पर पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। आरोपियों के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है। प्रथम दृष्टया जमीन विवाद का मामला प्रतीत हो रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि जिस व्यक्ति के घर पर फायरिंग हुई है वह भी कई मामलों का आरोपी है। दरअसल, रियाजुद्दीन अंसारी ताईद का काम करते हैं और काम खत्म करने के बाद वह वापस अपने घर लौट थे। घर लौटने के बाद चार से पांच बाइक पर सवार होकर अपराधी उनके घर पहुंचे और रंगदारी की मांग करते हुए फायरिंग की। इस दौरान घर पर पथराव भी किया गया। जिन लोगों पर फायरिंग करने का आरोप लगा है उनका भी आपराधिक इतिहास रहा है। फायरिंग करने वाले पहले भी आर्म्स एक्ट समेत कई मामलों में जेल जा चुके है। वीडियो के आधार पर पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान की कोशिश कर रही है।

### संक्षिप्त समाचार

### कमरे में फंदे से लटकी मिली छात्रा

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रायडीह थाना क्षेत्र में एक किराए के कमरे में 18 वर्षीय छात्रा की फंदे से लटकी लाश मिली। यह घटना लाटू केमते गांव की है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। आशंका जाहिर की जा रही है कि छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मृतका की पहचान स्वर्गीय रंजीत सिंह की पुत्री आयशा कुमारी के रूप में हुई है। आयशा ने पतराटोली स्थित अपने किराए के मकान में पंखे के हुक से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगाई।

### आमने-सामने भिड़ी ट्रेलर और ट्रक

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बगोदर-बिष्णुगढ़ मुख्य मार्ग पर मंगलवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। उपरैली बोदरा गांव के पास माल लदा ट्रक और ट्रेलर की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हुई जिससे पूरा इलाका दहल उठा। टक्कर इतनी तेज थी कि आवाज लगभग तीन किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। आसपास के गांवों में लोग घरों से बाहर निकल आए। हादसे के तुरंत बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हालांकि मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाया। हादसे के कारण कुछ देर के लिए मेन रोड पूरी तरह ठप हो गया।

### सिर कटी लाश मिलने से मचा हड़कंप

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोतरोगढ़ा गांव में बुधवार को एक व्यक्ति का सिर कटा धड़ बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। गांव के पास एक सुनसान जगह पर बोरे में बंद शव मिलने की खबर आग की तरह फैल गई, जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जिस हालत में शव मिला है उससे साफ है कि हत्या बेहद निर्ममता और सोची-समझी साजिश के तहत की गई है। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में डर का माहौल है।

### युवती ने फांसी लगा की आत्महत्या

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत दर्जी मोहल्ले में 20 वर्षीय युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में लोगों की भीड़ जुट गई। मृतका की पहचान मोहम्मद मुस्तफा की बेटी हसीना खातून के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर तिलैया थाना पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार हसीना अपने घर में अकेली थी। उसकी मां किसी काम से बाहर गई हुई थीं जबकि पिता मोहम्मद मुस्तफा पेशे से धोबी हैं। वह ग्राहकों के कपड़े पहुंचाने के लिए घर से निकले हुए थे।

## देश के बाहर बैठे अपराधियों को करें गिरफ्तार : आइजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुनील भास्कर ने बुधवार को कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, रामगढ़, कोडरमा, हजारीबाग और चतरा सहित सात जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) के साथ जोनल स्तर की बैठक की। इस दौरान संगठित अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के उपायों पर चर्चा हुई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक के बाद आईजी सुनील भास्कर ने बताया कि सातों जिलों की पुलिस अच्छा काम कर रही है। मामलों का तेजी से निष्पादन हो रहा है और अपराध पर लगाम लगाने तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी तेजी से कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने चतरा जिले में संगठित अपराध के खिलाफ की गई संपत्ति जब्ती की





कार्रवाई का उदाहरण दिया। आईजी ने कहा कि इसी तर्ज पर अन्य जिलों में भी संगठित अपराध से जुड़े सदस्यों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। आईजी ने यह भी बताया कि जेल से बाहर आए अपराधियों की सूची तैयार कर उन पर लगातार नजर रखी जा रही है। पुलिस सीसीए (क्राइम कंट्रोल एक्ट) के तहत भी कार्रवाई की तैयारी कर रही है ताकि वे जेल से बाहर आकर दोबारा किसी अपराध को अंजाम न दे सकें। इसके अतिरिक्त, जो अपराधी देश के बाहर बैठकर अपने गुर्गों के माध्यम से यहां अपराध कराते हैं, उनके प्रत्यर्पण के लिए भी कार्य जारी है। संबंधित एजेंसियों से इस संबंध में लगातार बातचीत चल रही है। आईजी ने विश्वास व्यक्त किया कि जल्द ही देश के बाहर बैठे इन भगोड़े अपराधियों को भी पकड़कर जेल भेजा जाएगा।

## पांडेय गिरोह के सात अपराधी गिरफ्तार

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** हजारीबाग पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पांडेय गिरोह के सात सक्रिय अपराधियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई जिससे एक संभावित बड़ी आपराधिक वारदात को टाल दिया गया। विष्णुगढ़ एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि चरही थाना क्षेत्र के इंदरा जंगल में कुछ अपराधी हथियारों और गोलियों के साथ एक बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने बताए गए स्थान पर छापेमारी की और मौके से सात अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान आलोक राज, सूरज सिंह, लक्ष्मण पासवान, सौरभ कुमार, राहुल कुमार, विजय कुमार और पप्पू पांडे के रूप में हुई है।

## देशभर के 6,117 स्टेशनों पर नि:शुल्क वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध : रेल मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल के 6,117 रेलवे स्टेशनों पर निःशुल्क वाई-फाई सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। रेलवे स्टेशनों पर वाई-फाई सेवाओं के लिए रेल मंत्रालय द्वारा कोई पृथक निधि स्वीकृत नहीं की गई है। यह जानकारी रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में लिखित उत्तर में दी। श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध वाई-फाई सेवा का उपयोग करने के लिए ओटीपी हेतु प्रयुक्त मोबाइल नंबर के अलावा कोई भी व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगी जाती। वाई-फाई सुविधा के संचालन से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में रेलवे प्रशासन द्वारा त्वरित रूप से उचित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि स्टेशनों और कोचों में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना एक सतत प्रक्रिया है। अब तक यात्रियों की सुरक्षित और संरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 1,731 स्टेशनों और 11,953 कोचों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली उपलब्ध कराई जा चुकी है। सीसीटीवी निगरानी प्रणालियां पूंजीगत व्यय के अंतर्गत प्रदान की जाती हैं और उसी मद से शुल्कित की जाती हैं। रेल मंत्री ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहले से ही प्रवेश/निकास बिंदुओं, फुट ओवर ब्रिज, प्लेटफार्मों जैसे बाहरी क्षेत्रों तथा प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर जैसे आंतरिक क्षेत्रों को कवर करने हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। हालांकि 15 फरवरी 2025 के बाद नई दिल्ली स्टेशन परिसर में कुछ नए क्षेत्र विकसित किए गए, जिनको कवर करने के लिए अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वर्तमान में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुल 250 सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध हैं।

## रंगदारी नहीं देने पर पत्थर व्यवसायी को जान से मारने की धमकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** जिले में गैंगस्टर प्रिंस खान का नाम सामने आने से कारोबारियों में डर का माहौल है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता और हंटरगंज के रहने वाले पत्थर व्यवसायी प्रेमचंद उर्फ प्रेम सिंह को दो करोड़ रुपए की रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। यह धमकी एक ऑडियो क्लिप के जरिए दी गई जिसमें खुद को दुबई से बोलने वाला बताने वाले शख्स ने खुलेआम हत्या की बात कही। ऑडियो में कहा गया कि मारने से पहले भी बोलते हैं और मारने के बाद भी जिम्मेवारी लेते हैं। धमकी में यह भी जोड़ा गया कि एसपी, डीजीपी या कोई भी पुलिस अधिकारी उन्हें नहीं बचा पाएगा। प्रेम सिंह को यह धमकी करीब एक सप्ताह पहले उनके वॉट्सऐप नंबर पर एक अज्ञात विदेशी नंबर से मिली। करीब एक मिनट से अधिक के इस ऑडियो में क्रशर व्यवसाय का जिक्र करते हुए सीधे दो करोड़ रुपए की मांग की गई। धमकी देने वाले ने कहा कि बेटे की शादी के कारण पहले छोड़ दिया गया था। अब अगर पैसा नहीं दिया गया तो खोपड़ी खोल देंगे। इसके साथ ही यूट्यूब वीडियो लिंक भेजकर खुद को कुख्यात गैंगस्टर साबित करने की कोशिश की गई। ऑडियो के बाद लगातार वॉट्सऐप कॉल कर भी धमकाया गया। इस घटना के बाद से प्रेम सिंह और उनका पूरा परिवार गहरे डर में जी रहा है।

## रिम्स की जमीन पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण हटाओ अभियान में और तेजी आई है और पक्के मकानों को तोड़ने में तीन तीन बुलडोजर लगाए गए हैं। जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त कार्यपालक दंडाधिकारी साइनी तिग्गा के साथ साथ बड़गाई के अंचलाधिकारी विजय कुमार दास खुद अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। बड़गाई सीओ ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायलय के आदेश पर आज भी कार्रवाई जारी है। उन्होंने आगे बताया कि रिम्स के डॉक्टर्स आवासीय



कॉलोनी में कई दिनों तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाने के बाद से डीआइजी ग्राउंड के चारों ओर रिम्स की जमीन पर बनाये गए अवैध निर्माण को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीआइजी ग्राउंड के पूर्वी भाग में बने पक्के निर्माण को आज हटाया जा रहा है। इसके लिए तीन-तीन बुलडोजर को लगाया गया है। बड़गाई के अंचलाधिकारी ने बताया कि कानून के हिसाब से ये सभी निर्माण अवैध हैं। जब 1960-65 में इस जमीन का मालिकाना हक रिम्स के पास चला गया, उसके बाद जो भी रजिस्ट्री या म्यूटेशन एवं अन्य प्रक्रिया हुई है वे सब अवैध हैं। सीओ ने कहा कि किस अधिकारी का इसमें क्या दोष रहा है? यह तो आगे की जांच का विषय है लेकिन ये निर्माण अवैध हैं और इसे पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। बड़गाई अंचल के अंचलाधिकारी विजय कुमार दास ने बताया कि रिम्स की जमीन पर बने बहुमंजिला अपार्टमेंट को तोड़ने की कार्रवाई आज भी जारी है। उन्होंने कहा कि चूंकि यह अपार्टमेंट रिहायशी इलाके में है और आसपास भी लोग रह रहे हैं, इसलिए कोई अनहोनी या अप्रिय घटना नहीं हो, इसलिए पहले ऊपर के दो तलों को बेहद सावधानी से तोड़ा जा रहा है। उसके बाद इसे बुलडोजर से ढहाया जाएगा।

## इडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के विरोध में बुधवार को रांची में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में जुटे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध करार देते हुए केंद्र सरकार और केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया। उनके साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, सिमडेगा विधायक एनवी कौनगाड़ी, प्रदेश कांग्रेस महिला अध्यक्ष रामा खलखो, प्रदेश प्रवक्ता किशोरनाथ शहदेव, राकेश सिंहा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। रांची के अलावा खूंटी, गुमला



और रामगढ़ जिलों से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल हुए। मीडिया से बातचीत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि बिना एफआईआर के सोनिया गांधी और राहुल गांधी को ईडी द्वारा परेशान किया जा रहा है, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में ईडी को फटकार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर राजनीतिक विरोधियों को निशाना बना रही है और यदि यह सिलसिला जारी रहा तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर लगाए गए आरोप निराधार साबित हो चुके हैं, इसके बावजूद ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग लोकतंत्र को कमजोर करने के बजाय मजबूत करने के लिए होना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने एक स्वर में केंद्र सरकार की कार्रवाई की निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र पर हमला बताया।


बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।
2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।
3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com


C M Y K

# जंगल में रची जा रही थी डकैती की बड़ी साजिश

## पुलिस ने समय रहते तोड़ी कमर, पाण्डेय गिरोह के 7 सक्रिय बदमाश हथियारों संग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले में अपराधियों के हौसले एक बार फिर जंगलों की आड़ में पनप रहे थे, लेकिन इस बार पुलिस की पैनी नजर ने उन्हें वारदात से पहले ही बेनकाब कर दिया। संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए हजारीबाग पुलिस ने पाण्डेय गिरोह से जुड़े सात कुख्यात बदमाशों को हथियार और गोलियों के साथ गिरफ्तार कर जंगल में डकैती की साजिश को नाकाम कर दिया। पुलिस अधीक्षक को 17 दिसंबर की देर रात करीब 12:10 बजे गुप्त सूचना मिली कि चरहीझबादम मार्ग स्थित ग्राम इंद्रा के जंगल में कुछ अपराधी हथियारों के साथ इकट्ठा होकर किसी बड़ी डकैती की योजना बना रहे हैं।



सूचना को गंभीरता से लेते हुए विष्णुगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजनाथ प्रसाद के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया। टीम ने चरही थाना क्षेत्र के इंद्रा जंगल में त्वरित छापेमारी की। पुलिस को देखते ही अपराधी भागने लगे, लेकिन चारों ओर से घेराबंदी कर सभी सातों को दबोच लिया गया। तलाशी में आलोक राज और लक्ष्मण पासवान के पास से लोडेड देशी कट्टा और पिस्टल बरामद की गई, जबकि अन्य के पास से सात एंड्रॉयड मोबाइल फोन मिले। पूछताछ में गिरफ्तार बदमाशों ने स्वीकार किया कि वे पाण्डेय गिरोह के लिए काम करते हैं और गिरोह के सदस्य ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश साव के निर्देश पर बड़कागांव, केरेडारी, पगार, गिद्दी और पतरातू क्षेत्रों में रंगदारी वसूली के लिए धमकी देते थे। सभी अभियुक्त हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी और आर्म्स एक्ट जैसे कई गंभीर मामलों में पहले भी जेल जा चुके हैं। इस कार्रवाई ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि हजारीबाग पुलिस संगठित अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शने 7 के मूड में नहीं है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रंगदारी और माफिया नेटवर्क के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# कक्षा एक से आठ तक में शिक्षको की भारी कमी दिख रही : बिनोद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बगोदर के पूर्व विधायक बिनोद सिंह जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर स्कूल कई समस्या की चर्चा की और सुझाव भी दिया पूर्व विधायक बिनोद सिंह जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर कई स्कूल में शिक्षकों की कमी की चर्चा की, उन्होंने बताया कि जिस स्कूल पहले से तीन चार शिक्षक थे अब वह नए जगह बहाली के बाद चले गए तो शिक्षकों की कमी वैसे जगहों पर दिखने लगी है।



कक्षा एक से आठ की में शिक्षको में भारी कमी दिखने लगा है,अभी लगभग 900 शिक्षकों की बहाली हुई है, लेकिन उसमें कई पारा शिक्षक भी थे तो जिस स्कूल में पढ़ा रहे थे अब वह दूसरे जगह ज्वाइन कर लिए है जिससे पहले वाली स्थिति छात्रों के बीच दिखाई दे रही है पूर्व विधायक विनोद सिंह ने कहा कि हाई स्कूल शिक्षक की भी परीक्षा जल्द होगी तो हाई स्कूल की समस्या खत्म हो जाएगी किंतु खास कर,बच्चे छात्र जिसमें है उसमें कमी को पूरा करने की जरूरत है,जिस प्रखंड के है वही महिला शिक्षक और दिव्यांग को ज्वाइनिंग मिली है बहुत अच्छी पहल है किन्तु जिस स्कूल में पुराने शिक्षकों के चले जाने से शिक्षक की कमी हुई है उसके बारे भी ध्यान की जरुरत है सिंह ने यह भी जिक्र किया कि एक दो जगह ऐसे है जहां लड़कियों के लिए हॉस्टल बनाया जाना था वहां लड़कों का हॉस्टल बनाया जा रहा है,एक आध ऐसे स्कूल है जहां स्टूडेंट नहीं है वही बिल्डिंग अभी से भविष्य के लिए बनाया जा रहा है,जांच करने की जरूरत है जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद ने सभी बातों को सुनकर बताया कि जल्द ही हमलोग ऐसे स्कूल को चिन्हित कर बेहतर उपाय करेंगे, उपायुक्त को संज्ञान में देंगे, जिला शिक्षा अधिकारी ने यह भी कहा कि हाई स्कूल के रिजल्ट के बाद गिरिडीह में शिक्षा में बहुत सुधार होगी, साथ ही साथ नए शिक्षकों की बहाली से अभी बहुत सुधार की गुंजाईस है,जल्द सब बेहतर नजर आएगा गिरिडीह से माले नेता राजेश सिन्हा और समाजसेवी संजय यादव भी साथ थे।

# चौपारण में तीन पंचायतों में शुरू हुए सरकारी धान क्रय केंद्र

## किसानों को मिलेगा तय समर्थन मूल्य, पारदर्शी व्यवस्था से होगी खरीद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड क्षेत्र की पांडेय बारा, दादपूर और दैहर पंचायतों में बुधवार को तीन नए सरकारी धान क्रय केंद्रों की शुरूआत की गई। विधायक मनोज कुमार यादव ने संबंधित पंचायतों का भ्रमण कर फीता काटकर इन केंद्रों का उद्घाटन किया और किसानों को केंद्र की सुविधाओं की जानकारी दी।




इस अवसर पर उपस्थित किसानों और पैक्स प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अब किसानों को बिचौलियों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सरकारी क्रय केंद्रों पर तय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सीधे धान की बिक्री की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। विधायक ने बताया कि धान खरीद की पूरी प्रक्रिया आधुनिक तकनीक से लैस होगी। सभी क्रय केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और ऑनलाइन लॉग-इन सिस्टम के माध्यम से जिला स्तर से निगरानी की जाएगी। खरीदे गए धान को केंद्र के गोदाम में सुरक्षित रखा जाएगा, जबकि परिवहन के दौरान वाहनों में जैमर सिस्टम लगाया गया है, जिससे किसी भी तरह की अनियमितता को रोका जा सके। उन्होंने जानकारी दी कि सरकार द्वारा निर्धारित 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीद की जाएगी और किसानों को भुगतान समय पर उनके खाते में सुनिश्चित किया जाएगा। धान खरीद का कार्य 31 मार्च तक जारी रहेगा। विधायक ने किसानों से अपील की कि वे अपनी उपज औने-पौने दाम पर बाहर न बेचें, बल्कि नजदीकी सरकारी धान क्रय केंद्र पर ही धान दें। किसी भी समस्या या जानकारी के लिए किसान बीसीओ या संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

# जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया जांच अभियान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज परिवहन अधिकारी ने चलाया जांच अभियान मुफसिल थाना के पास इसमें करीब करीब 40 मोटरसाइकिल का काटा गया चलाना टोटो को भी पकड़ा गया डीटीओ संतोष कुमार के देखरेख मे चला ये अभियान इस अभियान मे शामिल एम विआई सेफ्टी मैनेजर वाजिद मुफसिल थाना के अधिकारी इत्यादि मौजूद थे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व बेटी बचाव अभियान को लेकर घर-घर लगेगी नंबर प्लेट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संवाददाता बरही।** बरही प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता अभियान, बेटी बचाव-बेटी पढ़ाव तथा घर-घर शौचालय निर्माण को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस संबंध में सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं जल सहिया को आवश्यक निर्देश जारी किया गया है।

इस सम्बंध में बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि सरकार के निर्देश पर पंचायत के प्रत्येक मकान में मकान मालिक के स्वेच्छा से एल्यूमीनियम का नंबर प्लेट लगाया जाएगा जिसकी कीमत मात्र पचास रूपए है जो मकान मालिक द्वारा देय होगा। उन्होंने बताया कि इन प्लेटों पर स्वच्छ अभियान, बेटी बचाव-बेटी पढ़ाव, स्वच्छ है जहाँ जिंदगी है, स्वच्छ भारत, आयुष्मान भारत, घर-घर शौचालय बनवाएं, बहु-बेटी घर से बाहर न जाएं जैसे जन-जागरूकता संदेश अंकित रहेंगे।नंबर प्लेट लगने से प्रत्येक मकान का स्थायी गृह संख्या निर्धारित हो जाएगा, जिससे मतदाता सूची निर्माण, वार्ड शुद्धिकरण, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, पारिवारिक सूची, बीपीएल सूची, आवासीय एवं जाति प्रमाण पत्र बनाने सहित विभिन्न प्रशासनिक जांच कार्यों में सुविधा होगी।




निर्देश के आलोक में जनगणना में सम्मिलित सभी ग्रामों के प्रत्येक मकानों में नंबर प्लेट लगाना सुनिश्चित किया जाएगा। इस कार्य में वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, चौकीदार जन वितरण प्रणाली तथा रांची के स्वंयसेवी संस्था भारतीय जन कल्याण फाउंडेशन के अरूण कुमार वर्णवाल सहित अन्य संबंधित कर्मियों का सहयोग लिया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इसके प्रचार प्रसार के लिए सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, प्रमुख, उपप्रमुख को पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई है।

प्रशासन का मानना है कि इस पहल से न सिर्फ सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता आएगी, बल्कि स्वच्छता व सामाजिक जागरूकता को भी बल मिलेगा।

# जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों जरूरतमंदों व असहाय के बीच किया कंबल वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन जरूरतमंदों की मदद में जुट गया है। इसी क्रम में आज जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बिनोद कुमार सिंह गिरिडीह मुख्यालय में स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां उन्होंने बुजुर्गों जरूरतमंदों और असहाय के बीच कंबल वितरण किया। ताकि ठंड से परेशान लोगों को राहत मिल सकें।

- जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों का हाल-चाल जाना और उनकी जरूरतों, स्वास्थ्य सेवाओं, भोजन और रहने की सुविधाओं का जायजा लिया, ताकि उन्हें बेहतर सुविधाएँ मिल सकें

इस दौरान उन्होंने कहा कि ठंड से किसी भी गरीब को परेशानी न हो, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। साथ ही जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों का हाल-चाल जाना और उनकी जरूरतों, स्वास्थ्य सेवाओं, भोजन और रहने की सुविधाओं का जायजा लिया, ताकि उन्हें बेहतर सुविधाएँ मिल सकें और सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके, यह सुनिश्चित किया जा सकें। इसके अलावा उन्होंने समाज कल्याण विभाग के तहत संचालित वृद्धाश्रम के प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित कर्मियों को उचित निर्देश दिए इसके अलावा गिरिडीह जिला अंतर्गत सभी अनुमंडल एवं सभी प्रखंडों में अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बढ़ती ठंड से परेशान जरूरतमंदों और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया ताकि लोगों की ठंड से बचाव सुनिश्चित हो सकें। इसके अलावा शीतलहर और रात के तापमान में लगातार हो रही गिरावट को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरे जिले में जरूरतमंद लोगों के लिए बड़े पैमाने पर अलाव की व्यवस्था की है। जिला प्रशासन की इस विशेष मुहिम के तहत न केवल गिरिडीह मुख्यालय के सभी प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र एवं रात में खुली जगहों पर सोने वाले लोगों की बस्तियों में अलाव जलाए जा रहे हैं, बल्कि जिले के सभी प्रखंडों में भी व्यापक स्तर पर यह व्यवस्था की गई है। प्रखंड मुख्यालयों, पंचायत भवन परिसरों, ग्रामीण हाट-बाजारों, धार्मिक स्थलों के पास, मजदूर चौकियों तथा बेघर एवं दिहाड़ी मजदूरों की अधिक संख्या वाले स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जल रहे हैं।

# जनता दरबार में उप विकास आयुक्त ने सुनीं लोगों की फरियाद

## कारवाई के दिए निर्देश

- उप विकास आयुक्त ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आज उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिक उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं उप विकास आयुक्त के समक्ष रखीं।



उप विकास आयुक्त ने एक-एक कर उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य प्रशासन में पारदर्शिता और संवेदनशीलता लाना है। साथ ही जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना होता है। जनता दरबार में भूमि विवाद, जाति, आय प्रमाण पत्र, पेंशन, राशन कार्ड, आवास, दाखिल खारिज सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव है, उनका निपटारा नियमानुसार ढंग से तुरंत किया जाए। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, परीक्ष्यमान उपसमाहर्ता व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# दो बच्चों के झगड़े में एक बच्चे के चाचा ने दूसरे बच्चे को बेरहमी से मारा, मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरही। बरही गया रोड के हरिनगर में क्रिकेट खेलने के दौरान दो बच्चों के बीच लड़ाई हो गई। एक बच्चे के चाचा ने दूसरे बच्चे के साथ बेरहमी से मारपीट की। बच्चे के साथ बेरहमी से मारपीट करने का वीडियो वायरल हो गया है।

बच्चे की मां संजू देवी पति अनिल प्रजापति ने बरही थाना में आवेदन देकर उसके पुत्र के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। संजू देवी ने थाना में आवेदन देकर पुलिस को बताया कि मंगलवार की शाम 5 बजे उसका पुत्र मयंक कुमार उम्र 11 वर्ष घर के बगल में खाली जमीन पर क्रिकेट खेल रहा था। इसी बीच आलोक गुप्ता पिता स्व बीरेंद्र साव उसके पुत्र मयंक कुमार के साथ बेरहमी से मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान उसके पुत्र के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह दौड़ी हुई आयी और अपने पुत्र की जान बचायी। उसके बाद वह वहां से भाग गए। संजू देवी ने थानाप्रभारी से मामले की जांच करने और बच्चे के साथ बेरहमी से मारपीट करने वाले आलोक गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# किसान मेला के दूसरे दिन ही पसरा सन्नाटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** संयुक्त कृषि भवन के प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय 'जिला स्तरीय कृषि सह यांत्रिकीकरण मेला' अपने दूसरे ही दिन अपनी चमक खोता नजर आया।मंगलवार 16 दिसंबर को बड़े ही उत्साह के साथ शुरू हुए इस मेले में पहले दिन तो अच्छी-खासी भीड़ देखी गई थी। लेकिन बुधवार यानी दूसरे दिन नजारा बिल्कुल उलट था।



पंडाल में लगी लगभग 75 फीसदी कुर्सियाँ खाली रहीं और स्टॉल संचालक ग्राहकों व किसानों की राह ताकते नजर आए। मेले के दूसरे दिन मुख्य मंच के सामने बिछी खाली कुर्सियां इस आयोजन की सफलता पर सवालिया निशान लगा रही हैं। हालांकि विभाग द्वारा मेले को लेकर कई दावे किए जाते है लेकिन धरातल पर मेले के दूसरे दिन किसानों की उपस्थिति नगण्य दिखी। मेले में आए कुछ गिने-चुने किसानों का कहना था कि जानकारी के अभाव में लोग यहाँ तक नहीं पहुँच पा रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या मेले के आयोजन को लेकर ग्रामीण

- 75 फीसदी कुर्सियाँ रहीं खाली
- प्रचार-प्रसार की कमी या किसानों की बेरुखी

क्षेत्रों में वैसा प्रचार-प्रसार नहीं किया गया, जैसा बड़े आयोजनों के लिए जरूरी होता है। क्या दूर-दराज के प्रखंडों के किसानों को इस आयोजन की पुख्ता जानकारी ही नहीं मिल पाई। अक्सर देखा जाता है कि वीआईपी उद्घाटन के बाद प्रशासनिक मशीनरी सुस्त पड़ जाती है। दूसरे दिन किसी बड़े कार्यक्रम या आकर्षक सत्र की कमी के कारण भी किसानों ने मेले से दूरी बना ली।

# प्रधानाध्यापक ने साइकिल के नाम पर बच्चों से लिया शुल्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुढ़ियाखाद के प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार सिन्हा ने आठवां वर्ग के छात्रों से लगभग 46 साइकिल वितरण के दरमियान ?80 और किसी से 100 लिया किया गया है स्कूल के बच्चों ने कहा कि हमारे प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार सिन्हा ने हम लोगों से साइकिल के नाम पर शुल्क लिया गया है टिफिन होने से पहले ही 10 से 15 बच्चे खेल रहे थे इस विद्यालय की बड़ी लापरवाही भी देखा गया है।



झारखंड सरकार ने सरकारी विद्यालय में महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है सरकारी विद्यालय में गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा, कॉपी, किताब और साइकिल से आने जाने की सुविधा दी गई है लेकिन दुर्भाग्य पूर्ण यह है कि यहां प्रधानाध्यापक प्रवीण सिन्हा ने साइकिल के नाम पर बच्चों से वसूली की गई है और सभी सरकारी विद्यालय में साइकिल पहुंचाने का जिम्मेवारी साइकिल सप्लायर सूरज ने प्रत्येक साइकिल पर 30 दिया जा रहा है फिर भी बच्चों से वसूली की जा रही है और शिक्षकों की बड़ी लापरवाही हो रही है बच्चों के परिजनों ने स्कूल के प्रधानाध्यापक के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि साइकिल के बदले ?100 लिया है और जब भी नई पुस्तक और बैक वितरण करते हैं तो उसके बदले में 20 या 30 रुपए लिया जाता है इस मामले को गंभीरता से जिला प्रशासन को लेनी चाहिए ताकि उन गरीब बच्चों का मनोबल बरकरार रहे और पठन-पाठन में बाधा उत्पन्न ना हो जिसे अपना भविष्य संवार सके।

# गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम के स्थानीय जिला प्रबंधक अमर कुमार सिन्हा एवं कर्मचारी भविष्य निधि कोषांग के एनफोर्समेंट ऑफीसर सुजीत कुमार के साथ गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय मधुबन वेजेस के सभागार में आज आयोजित की गई।

इस बैठक में कोईलांचल चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव गोपाल भदानी एवं उनके कुछ सदस्य भी उपस्थित रहे बैठक में अमर कुमार सिन्हा जी ने 31 दिसंबर 2025 तक कर्मचारियों का निबंध करने वाले नियोजन कताओं को क्या-क्या सुविधा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई और सभी उद्योग व्यवसाय के मालिकों से तथा उनके प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि वे इस सुविधा का लाभ निश्चित रूप से 31 दिसंबर 2025 के पूर्व कर्मचारी राज्य बीमा निगम के वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर दें कर्मचारी भविष्य निधि कोषांग के प्रवर्तन पदाधिकारी सुजीत कुमार ने विस्तार से कर्मचारी भविष्य निधि कोषांग में 30 अप्रैल 2026 तक अधिक से अधिक अपने कर्मचारियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना तथा प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना के तहत सभी उद्यमी और व्यवसाईयों का निबंध करने का निर्देश दिया गया तथा इससे होने वाले लाभ से अवगत कराया गया बैठक में सदस्यों ने कई तरह के प्रश्न अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए अधिकारी गण से पूछे और अधिकारीयों ने प्रश्नों का विधिवत विस्तार से जवाब दिया आज की बैठक उद्यमी और व्यवसाईयों के लिए बहुत लाभदायक रही और इसका लाभ कर्मचारियों को भी व्यापक रूप से मिलेगा बैठक में जीडीसीसी अध्यक्ष के साथ डॉ सज्जन डोकानिया महासचिव प्रमोद कुमार कोषाध्यक्ष विकास खेतान ध्रुव संथालीया पंकज राठी संजय भुडौलिया मनोज डालमिया निर्मल सलामपुरिया आदि कई सदस्यों ने भाग लिया।

# ट्रैक्टर चोर गिरोह का भंडाफोड़ छह अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा।** जिले की पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोर गिरोह का खुलासा करते हुए छह चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के ट्रैक्टर भी बरामद किए गए हैं।

बता दें कि जिले के पोरैयाहाट थाना क्षेत्र में खास तौर पर ट्रैक्टर वाहन की लगातार चोरी हो रही थी। लगातार हो रही चोरी की घटना के मद्देनजर विशेष टीम एसपी मुकेश कुमार के निर्देश पर गठित कर छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें कुल छह अपराधियों को अलग अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से चोरी के ट्रैक्टर भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार लोगों में सभी छह दुमका जिले के रहने वाले हैं। गिरफ्तार अपराधियों ने चोरी की घटना मे संलिप्त होने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि वे इस तरह की कई घटनाओं में शामिल हैं और उनका एक गिरोह है। वे लोग ट्रैक्टर को 70-80 हज़ार मे बेच देते हैं। गिरफ्तार लोगों में अभिषेक कुमार, प्रकाश हांसदा, दीपक यादव, मुन्ना यादव, वेद यादव व आशीष रंजन यादव शामिल हैं। वहीं एसपी मुकेश कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से इस तरह की घटना सामने आ रही थी। इसी के मद्देनजर टीम गठित की गयी और एक गिरोह का पर्दाफाश किया गया है, जो वाहन चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे। इनमें कई पेशेवर अपराधी भी शामिल हैं।



# वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन: रांची से दिल्ली तक देशभक्ति का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखंड और एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के नेतृत्व में आयोजित होने जा रहा वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन केवल साइकिल चलाने का कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह इतिहास, प्रेरणा और राष्ट्रसेवा से जुड़ा एक बड़ा अभियान है। 'शौर्य के कदम क्रांति की ओर' थीम पर आधारित यह आयोजन महान जनजातीय नायक धरती आबा वीर बिरसा मुंडा को सम्मान देने और युवाओं में देशभक्ति, एकता और सांस्कृतिक गौरव की भावना जगाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

**दो चरणों में संपन्न होगा आयोजन**

इस साइक्लोथॉन का मकसद युवाओं को वीर बिरसा मुंडा के साहस, बलिदान और संघर्ष से जोड़ना है ताकि वे सेवा, अनुशासन और राष्ट्रनिर्माण के रास्ते पर आगे बढ़ सकें। यह आयोजन दो चरणों में पूरा किया जाएगा। यह दोनों ही चरण अपने-अपने तरीके से खास होंगे।

**इन रास्तों से गुजरेगा साइक्लोथॉन**

पहला चरण 18 से 20 दिसंबर 2025 तक झारखंड में आयोजित होगा। इस दौरान साइक्लोथॉन तीन अलग-अलग मार्गों से होकर गुजरेगा और उन स्थानों तक पहुंचेगा, जो वीर बिरसा मुंडा के जीवन और आंदोलन से जुड़े रहे हैं। इस चरण में तीन एनसीसी अधिकारी, तीन स्थायी कर्मचारी और 24 एनसीसी कैडेट्स हिस्सा लेंगे, जिनमें लड़कियां भी शामिल होंगी। सभी कैडेट पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ इस अभियान में भाग लेंगे। पहले चरण का समापन मोरहाबादी मैदान, रांची में होगा, यहां एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साइक्लोथॉन का औपचारिक स्वागत करेंगे।

**रांची से दिल्ली के लिए 28 दिसंबर को रवाना होगी रैली**

वहीं दूसरा चरण और भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण होगा। इसमें रांची से नई दिल्ली तक लगभग 1300 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय की जाएगी। यह यात्रा 28 दिसंबर 2025 को बिरसा मुंडा कारागार परिसर, रांची से शुरू होगी, जिसे झारखंड के राज्यपाल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। करीब 20 दिनों में यह दल झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से होते हुए नई दिल्ली पहुंचेगा। इस चरण में दो एनसीसी अधिकारी, दो स्थायी कर्मचारी और 16 एनसीसी कैडेट्स भाग लेंगे, जिनमें बालिका कैडेट्स भी होंगी। ये सभी कैडेट झारखंड के युवा प्रतिनिधि बनकर देशभर में एकता और साहस का संदेश फैलाएंगे।

**दिल्ली में होगा इस रैली का समापन**

इस साइक्लोथॉन का समापन 27 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की रैली के दौरान एक भव्य समारोह के साथ होगा। यह कार्यक्रम धरती आबा वीर बिरसा मुंडा को राष्ट्रीय स्तर पर दी जाने वाली एक सम्मानजनक श्रद्धांजलि होगी। कुल मिलाकर, वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन सिर्फ एक यात्रा नहीं बल्कि युवाओं को जोड़ने, प्रेरित करने और देश के प्रति समर्पण की भावना मजबूत करने वाला एक जनआंदोलन है। इस दौरान हर पैडल के साथ बलिदान, सेवा और शक्ति का संदेश पूरे देश में पहुंचेगा।

# एचइसी की जमीन पर मॉल बनाने की योजना पर सवाल


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** एचइसी मजदूर संघ के महामंत्री रमा शंकर प्रसाद ने एचईसी प्रबंधन, विशेषकर निदेशक (कार्मिक) की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि एचईसी की बहुमूल्य जमीन पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और मॉल विकसित करने की योजना के पीछे जनहित नहीं, बल्कि कुछ खास लोगों को लाभ पहुंचाने की मंशा है। उन्होंने इसे बड़े स्तर पर संभावित भ्रष्टाचार से जोड़ते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। रमा शंकर प्रसाद ने कहा कि इससे पहले भी एचईसी की जमीन झारखंड सरकार को बेहद कम कीमत पर दी गई थी, जिसके बदले कंपनी को 746 करोड़ रुपये मिले थे। यदि इस राशि का सही और पारदर्शी उपयोग किया गया होता तो आज एचईसी की स्थिति कहीं बेहतर होती, लेकिन तत्कालीन सीएमडी के कार्यकाल में यह राशि अन्य मदों में खर्च कर दी गई, जिससे कंपनी को कोई ठोस लाभ नहीं मिला। उन्होंने दावा किया कि अब तक सिर्फ 446 करोड़ रुपये का ही हिसाब सामने आया है, जबकि करीब 300 करोड़ रुपये का कोई स्पष्ट लेखा-जोखा नहीं है। इस वित्तीय अनियमितता को लेकर पहले ही भारी उद्योग मंत्रालय से जांच की मांग की जा चुकी है।

महामंत्री ने कहा कि एचईसी के निदेशकों की प्राथमिक जिम्मेदारी वर्क ऑर्डर लाना, उत्पादन बढ़ाना और कंपनी को आत्मनिर्भर बनाना होनी चाहिए, न कि मॉल और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना तैयार करना। उन्होंने आशंका जताई कि जिस तरह पहले के निदेशक एचईसी को आर्थिक नुकसान पहुंचाकर चले गए, उसी राह पर मौजूदा प्रबंधन भी आगे बढ़ रहा है। यदि यह सिलसिला जारी रहा तो एचईसी की शेष जमीन भी समाप्त हो जाएगी और कंपनी का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। रमा शंकर प्रसाद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि जमीन का उपयोग करना ही है, तो उसे उद्योग और कारखाने लगाने के लिए दिया जाना चाहिए, न कि मॉल बनाने के लिए। इससे न केवल एचईसी के पुनरुद्धार में मदद मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी पर रोक लगेगी।

# झारखंड में पड़ रही है कड़ाके की ठंड, रांची का तापमान लुढ़का

**कई जिलों का न्यूनतम पारा 10 डिग्री से नीचे**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। उत्तर-पश्चिम से आ रही है उत्तरी हवाओं की वजह से न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री से ज्यादा की कमी दर्ज हुई है। राजधानी रांची में पड़ रही कड़ाके की ठंड ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। यहां का न्यूनतम पारा 5.3 डिग्री पहुंच गया। राज्य में नौ जिले ऐसे हैं, जहां का न्यूनतम पारा 10 डिग्री से भी नीचे रिकॉर्ड हुआ है।

**इन जिलों में पड़ रही है कड़ाके की ठंड**

मौसम केंद्र, रांची की ओर से 17 दिसंबर की सुबह जारी रिपोर्ट के मुताबिक रांची के बाद गुमला का न्यूनतम पारा 5.7 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है। वहीं खूंटी में 6.8 डिग्री, डाल्टनगंज में 7.9 डिग्री, सिमडेगा में 8.1 डिग्री, हजारीबाग में 9.1 डिग्री, लोहरदगा में 9.3 डिग्री, बोकारो में 9.5 डिग्री और लातेहार में 9.7 डिग्री पर पारा पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे के भीतर बोकारो के न्यूनतम तापमान में सबसे ज्यादा 2.8 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज हुई है।

**चार जिलों का अधिकतम पारा 25 डिग्री से नीचे**

मौसम केंद्र के मुताबिक राहत की बात है कि रात के बाद कड़ाके की ठंड के बीच दिन के वक्त खिली धूप की वजह से अधिकतम तापमान भी बढ़ा हुआ है। चाईबासा में सबसे ज्यादा 28.0 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ है। वहीं सरायकेला में 27.3 और पूर्वी सिंहभूम का अधिकतम पारा 27.2 डिग्री रहा है। सिर्फ गुमला, कोडरमा, हजारीबाग और लातेहार ऐसे जिले हैं जहां का अधिकतम पारा 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे है। इन जिलों में दिन के वक्त भी ठिठुरन महसूस हो रही है। मौसम केंद्र का पूर्वानुमान है कि अगले 22 दिसंबर तक सुबह के वक्त मध्यम दर्जे का कोहरा देखने को मिल सकता है। लेकिन दिन के वक्त आसमान साफ रहेगा। पिछले 24 घंटे में कई जिलों में अधिकतम तापमान में सामान्य से 1 से 3 डिग्री तक की कमी आई है।

***किसान भाइयों के लिए सुझाव***

वहीं कड़ाके की ठंड को देखते हुए किसान भाइयों के लिए भी कुछ जरूरी सुझाव साझा किये गये हैं। मसलन, सुबह के वक्त खड़ी सब्जियों और फसलों में हल्की सिंचाई करने का सुझाव दिया गया है। कम तापमान की वजह से खराब अंकुरण से बचने के लिए सब्जियों की नर्सरी के ऊपर कम लागत वाले पॉलिथीन कवर का इस्तेमाल बेहतर साबित होगा। साथ ही हाल में बोई गई रबी की फसलों और नये पौधों को नमी के तनाव से बचाने के लिए पर्याप्त सिंचाई करनी चाहिए।

# स्वदेशी का संकल्प, युवाओं ने भरी हुंकार "हर घर स्वदेशी"




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज एवं भदवा में बुधवार को दोपहर आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत हर घर स्वदेशी–घर घर स्वदेशी संकल्प यात्रा के तहत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू एवं भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह ने की। निजी कोचिंग संस्थान एवं नगर क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को स्वदेशी अपनाने हेतु संकल्प पत्र भरवाया गया तथा दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की शपथ दिलाई गई। संतोष कुमार साहू एवं रामकुमार सिंह ने युवाओं को संबोधित करते हुए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय भाषाओं के सम्मान, स्थानीय कारीगरों और किसानों को प्रोत्साहन देने का संकल्प दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि स्वदेशी केवल एक विचार नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है, जिसमें युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। कार्यक्रम के अंत में युवाओं में स्वदेशी के प्रति गजब का उत्साह देखने को मिला और "हर घर स्वदेशी" का संदेश पूरे क्षेत्र में गूंज उठा। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता सह कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह , आचार्य रविंद्र कुमार मिश्र, शिक्षक नरेंद्र सिंह, ददन सिंह के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रिम्स की जमीन पर चला प्रशासन का बुलडोजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण हटाओ अभियान में और तेजी आई है और पक्के मकानों को तोड़ने में तीन तीन बुलडोजर लगाए गए हैं। जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त कार्यपालक दंडाधिकारी साइनी तिग्गा के साथ साथ बड़गाई के अंचलाधिकारी विजय कुमार दास खुद अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।

**ध्वस्त होंगे सारे अवैध निर्माण: सीओ**

बड़गाई सीओ ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायलय के आदेश पर आज भी कार्रवाई जारी है। उन्होंने आगे बताया कि रिम्स के डॉक्टर्स आवासीय कॉलोनी में कई दिनों तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाने के बाद से डीआईजी ग्राउंड के चारों ओर रिम्स की जमीन पर बनाये गए अवैध निर्माण को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीआईजी ग्राउंड के पूर्वी भाग में बने पक्के निर्माण को आज हटाया जा रहा है। इसके लिए तीन-तीन बुलडोजर को लगाया गया है।

**1960-65 से है रिम्स के पास जमीन का मालिकाना हक: अंचलाधिकारी**

बड़गाई के अंचलाधिकारी ने बताया कि कानून के हिसाब से ये सभी निर्माण अवैध हैं। जब 1960-65 में इस जमीन का मालिकाना हक रिम्स के पास चला गया, उसके बाद जो भी रजिस्ट्री या म्यूटेशन एवं अन्य प्रक्रिया हुई है वे सब अवैध हैं। सीओ ने कहा कि किस अधिकारी का इसमें क्या दोष रहा है? यह तो आगे की जांच का विषय है लेकिन ये निर्माण अवैध हैं और इसे पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

**रिहायशी इलाके में है अवैध अपार्टमेंट: सीओ**

बड़गाई अंचल के अंचलाधिकारी विजय कुमार दास ने बताया कि रिम्स की जमीन पर बने बहुमंजिला अपार्टमेंट को तोड़ने की कार्रवाई आज भी जारी है। उन्होंने कहा कि चूंकि यह अपार्टमेंट रिहायशी इलाके में है और आसपास भी लोग रह रहे हैं, इसलिए कोई अनहोनी या अप्रिय घटना नहीं हो, इसलिए पहले ऊपर के दो तलों को बेहद सावधानी से तोड़ा जा रहा है। उसके बाद इसे बुलडोजर से ढहाया जाएगा।

# नदी में डूबने से बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के बेलदारी टोला निवासी धर्मेन्द्र जमादार के नौ वर्षीय पुत्र गणेश कुमार की मंगलवार को कठार नदी में डूबने से मौत हो गयी। परिजनों ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह घर से पढ़ने के लिए निकला था। वह पढ़ने नहीं गया और पड़ोस के एक बच्चे के साथ घर से निकल गया। काफी देर बाद भी घर नहीं लौटा तो खोजबीन होने लगी। शाम को साथ गये बच्चे ने बताया कि वह नदी में गिर गया है। बच्चे के कहने पर ग्रामीणों के साथ परिजन नदी में खोजबीन करने लगे। कठार पुल के पास नदी से उसे बाहर निकालकर एकंगरसराय अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

# 29 दिसंबर को राष्ट्रपति का जमशेदपुर दौरा, चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 29 दिसंबर को जमशेदपुर के दौरे पर आ रही हैं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने करनडीह स्थित जाहेर स्थल और सोनारी एयरपोर्ट परिसर का निरीक्षण किया।

***जिला प्रशासन द्वारा रूट लाइन का स्थलीय निरीक्षण***

जिला प्रशासन ने प्रस्तावित रूट लाइन का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, सिटी एसपी, अपर उपायुक्त, सिविल सर्जन, डीटीओ, उप नगर आयुक्त जेएनएसी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, विद्युत, अग्निशमन एवं अन्य सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बता दें कि राष्ट्रपति सोनारी एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से करनडीह स्थित जाहेर स्थान कार्यक्रम स्थल जाएंगी।

***प्रोटोकॉल के अनुरूप ही होगी तैनाती***

इधर, निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं समन्वित रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन एवं कार्यक्रम के दौरान प्रोटोकॉल, सुरक्षा, सम्मान एवं गरिमा का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए पुलिस प्रशासन को राष्ट्रपति प्रोटोकॉल के अनुरूप तैनाती, बैरिकेडिंग, रूट लाइन क्लियरेंस, पार्किंग प्रबंधन एवं यातायात नियंत्रण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**बेहतर समन्वय पर जोर**


कार्यक्रम स्थल एवं मार्गों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने रूट लाइन निरीक्षण के दौरान सड़क की स्थिति, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, आपात सेवाओं की उपलब्धता एवं दूसरे पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। हर स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कार्यक्रम गरिमापूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो: पीयूष पांडेय, वरीय पुलिस अधीक्षक

इधर, आदित्यपुर में आगामी 29 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगमन प्रस्तावित है। इस वीवीआईपी दौरे की तैयारियों के मद्देनजर प्रशासन ने शहर के सौंदर्यीकरण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी कमर कस ली है। इसी क्रम में आदित्यपुर की पान दुकान चौक से लेकर एनआईटी मोड़ तक एक व्यापक 'अतिक्रमण हटाओ अभियान' चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान उपनगर आयुक्त पारुल सिंह, आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की और आरआईटी थाना प्रभारी संजीव कुमार सिंह समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही।

# बिहार के समृद्ध खानपान की संस्कृति का हिस्सा रहा है पूस माह में बनने वाला पिट्ठा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में तीज त्योहार और खान-पान के संस्कृति का विशेष योगदान रहा है। मौसम और फसल चक्र के अनुरूप खान पान और व्यंजनों की विविधता यहां देखने को मिलता है। बिहार की लिट्टी चोखा तो वैश्विक पहचान पहले ही बना चुका है। इसके अलावा मगध क्षेत्र में सर्दियों के मौसम में बिकने वाला तिलकुट की सौंधी खुशबू यहां के लोगों के अलावा प्रवासियों को भी खूब आकर्षित करता है। बिहार में क्षेत्रीय स्तर पर भी विभिन्न व्यंजनों की विविधता देखने को मिलती है। मनेर का स्वादिष्ट लड्डू, नालंदा के सिलाव का खाजा, गया का तिलकुट और अनरसा जैसे कई ऐसे मिठाई और व्यंजन है जिसकी क्षेत्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान है।



**पूस माह में बनने वाला पिट्ठा मगध क्षेत्र के विशिष्ट व्यंजन में है शुमार**

सर्दी के मौसम में सिर्फ पूस माह में एक विशिष्ट व्यंजन मगध क्षेत्र में विशेष रूप से घरों में बनाया जाता है। जिसे लोग स्थानीय भाषा में पुसहा पिट्ठा लोग कहते हैं। असर विशुद्ध बिहारी व्यंजन को हमारी सदियों से चले आ रही खानपान परंपरा और संस्कृति का हिस्सा माना जाता है। जिसमें मां की ममता के साथ परिवार के लोगों के लिए सेहत का वरदान छुपा होता है। खास बात यह है कि यह व्यंजन पूरे वर्ष में सिर्फ पूस माह में ही बनाने की परंपरा रही है।

**पिट्ठा सुपाच्य के साथ गुणकारी भी**

पिट्ठा मूल रूप से चावल को धोकर उसे आटा के रूप में पीसकर उससे ही बनाया जाता है। इसे गर्म पानी में गूंथकर भरवां के रूप में अलग- अलग चीज़ों का इस्तेमाल किया जाता है। पिट्ठा में भरवां के रूप में चना दाल को भिगोकर फ्राई किया हुआ (दाल का पिट्ठा), मावा भरा हुआ यानि (खोवा का पिट्ठा), आलू का चोखा भरा हुआ और तीसी को भूनकर उसमें गुड़, सौंफ आदि मिश्रित कर बनाया गया पिट्ठा (तीसी का पिट्ठा) प्रमुख है। सभी प्रकार के पिट्ठा की अलग अलग होती है आकृति, जिसमें उसमें भरे हुए चीजों की आकृति से होती है पहचान।

पिट्ठा मूलतः गर्म पानी में उबालकर उसे सिझाया जाता है। जिससे यह सुपाच्य के साथ स्वास्थ्य वर्धक भी होता है। पिट्ठा बनने के बाद सामान्यतः 3-4 दिनों तक खराब नहीं होता है। इसमें खास बात यह भी है कि इसे बिना किसी सब्जी और चटनी के भी खाया जा सकता है।

**गांव में भी कमजोर हो रही पिट्ठा बनाने की परंपरा**

मगध क्षेत्र में खासा लोकप्रिय रहा पिट्ठा, अब अपनी पहचान धीरे धीरे खोता जा रहा है। सामान्यतः गांवों में पौष माह प्रारंभ होते ही पिट्ठा बनने की तैयारी सभी घरों में शुरू हो जाती थी। पूरे पूस माह में औसतन सभी घरों में पांच-छह दिन तो पिट्ठा बनना तय माना जाता था, लेकिन बदलते परिवेश और परिवर्तित होते खान पान की संस्कृति में आज फास्ट फूड और डिब्बा बंद पैकेट के बढ़ते प्रभाव के कारण पिट्ठा बनाने की परंपरा भी धीरे धीरे गांवों से भी कमजोर हो रही है। इस संबंध में गृहणी अर्चना शर्मा बताती हैं कि पिट्ठा बनाने में कई तरह के संसाधन के साथ साथ काफी समय लगता है। पहले गांवों में संयुक्त परिवार के बीच पिट्ठा बनाना बड़ा सहज होता था, लेकिन एकल परिवार और नई पीढ़ी में खान पान की बदलती आदतों ने इसे आज कम लोकप्रिय कर दिया है।

# अवैध आग्नेयास्त्र के साथ युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** गुप्त सूचना के आधार पर दीपनगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध आग्नेयास्त्र के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जबकि एक अन्य आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। थानाध्यक्ष राजमणि के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए ग्राम मघडा सराय में छापेमारी की। इस दौरान अभियुक्त छोटु कुमार, उम्र लगभग 21 वर्ष, पिता स्व. रंजीत पासवान उर्फ रामजीत पासवान, निवासी मधडासराय, थाना दीपनगर, जिला नालंदा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस तथा एक मैगजीन बरामद की। वहीं दूसरा आरोपी सत्येन्द्र कुमार उर्फ लेढिया, पिता जुगो पासवान, निवासी मघडा सराय, पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस संबंध में थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष राजमणि, अपर थानाध्यक्ष विमलेश कुमार पासवान, पुअनि रंधीर कुमार, मकुन पासवान, अनिल कुमार राम, जितेन्द्र कुमार शर्मा, सअनि पंकज कुमार, रविन्द्र कुमार एवं अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# 24 दिसंबर को बाणावर महोत्सव में शिरकत करेंगी मालिनी अवस्थी

**जहानाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस महीने के 24 दिसंबर को आयोजित बाणावर महोत्सव में देश की प्रसिद्ध लोक गायिका शिरकत करेंगी। प्रसिद्ध भारतीय लोक गायिका जिन्हें ठुमरी, दादरा, कजरी, चैती और अवधी-भोजपुरी लोकगीतों के लिए जाना जाता है। पद्मश्री से सम्मानित मालिनी अवस्थी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अविनीश अवस्थी की पत्नी हैं। मालिनी अवस्थी अपनी मधुर आवाज़ से भारतीय लोक संस्कृति की संरक्षक के रूप में प्रसिद्ध हैं।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा आसनसोल मंडल में आसनसोल एवं पानागढ़ रेलवे स्टेशन पर मोबाइल फ़ूड वैन/ट्रक तथा देवघर रेलवे स्टेशन पर मल्टीपर्पज़ स्टॉल के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के मार्फ़त आईआरईपीएस पोर्टल के जरिये खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:- **नीलामी कैटेलॉग संख्या:** एएसएन-एमएसएस-एसटी जीईएन12। **क्र.सं.**-1। **एसईक्यू संख्या:** एए/1। **लॉट संख्या/श्रेणी:** एमएसएस-एएसएन-पीएएन-एसटी जीईएन-111-25-1। **ई-नीलामी की तारीख/समय:** 02.01.2026 को दोपहर 12.30 बजे। **कार्य का विवरण:** पानागढ़ (पीएएन) स्टेशन पर बुकिंग कार्यालय के सामने सर्कुलेटिंग एरिया के दक्षिण तरफ अवस्थित 200 वर्ग फ़ीट (जैसा कि संलग्न स्केच प्लान में निर्देशित है) नाप के निर्धारित क्षेत्र के अंदर मोबाइल फ़ूड वैन/ट्रक का परिचालन एवं रखरखाव। **क्र.सं.**-2। **एसईक्यू संख्या:** एए/2। **लॉट संख्या/श्रेणी:** एमएसएस-एएसएन-एएसएन-एसटी जीईएन-119-25-1। **ई-नीलामी की तारीख/समय:** 02.01.2026 को दोपहर 12.40 बजे। **कार्य का विवरण:** आसनसोल (एएसएन) स्टेशन के बस स्टैंड के नज़दीक सर्कुलेटिंग एरिया के दक्षिण तरफ अवस्थित 240 वर्ग फ़ीट (जैसा कि संलग्न स्केच प्लान में निर्देशित है) नाप के निर्धारित क्षेत्र के अंदर मोबाइल फ़ूड वैन/ट्रक का परिचालन एवं रखरखाव।

**नीलामी कैटेलॉग संख्या:** एएसएन-एमपीएस-25-17। **एसईक्यू संख्या:** एए/1। **लॉट संख्या/श्रेणी:** एमपीएस-एएसएन-डीजीएचआर-एमपीएस-31-25-1। **ई-नीलामी की तारीख/ समय:** 02.01.2026 को सुबह 10.30 बजे। **कार्य का विवरण:** 05 वर्षों की अवधि के लिए ओल्ड स्टेशन बिल्डिंग बरामदा के सामने सर्कुलेटिंग एरिया पर देवघर रेलवे स्टेशन में मल्टीपर्पज़ स्टॉल (एमपीएस) (6 फ़ीटx10 फ़ीट=60 वर्ग फ़ीट) का आवंटन। अनारक्षित (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में मृत की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) के लिए चिह्नित।

(ASN-277/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

# एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने सभी थानाध्यक्ष, पुलिस निरीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षक के साथ समाहरणालय स्थित हरदेव भवन में अपराध गोष्ठी की । जिसमें जिले में घटित अपराधों की समीक्षा की गई तथा लंबित कांडों के निष्पादन, गंभीर अपराधों पर त्वरित कार्रवाई, वांछित एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, वारंट निष्पादन एवं कुर्की-जप्ती की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था संधारण, रात्रि गश्ती सुदृढ़ करने एवं आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर छात्राओं से छेड़खानी का आरोप, प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्थानीय शहर के मलहचक इलाके में स्थित राजकीयकृत उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में बुधवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर नाबालिग छात्राओं से छेड़खानी के गंभीर आरोप सामने आए। एक साथ तीन छात्राओं द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद विद्यालय परिसर में जमकर हंगामा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही छात्राओं के परिजन बड़ी संख्या में विद्यालय पहुंचे और आरोपी प्रधानाध्यापक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। परिजनों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक संजय कुमार पिछले कई महीनों से छात्राओं के साथ अशोभनीय व्यवहार कर रहा था। छात्राओं ने बताया कि जब वे इसका विरोध करती थीं तो उन्हें डराया-धमकाया जाता था। बुधवार को जब प्रधानाध्यापक की हरकतें हद से ज्यादा बढ़ गईं, तब छात्राओं ने हिम्मत दिखाते हुए पूरी घटना अपने-अपने परिजनों को बता दी। इसके बाद आक्रोशित परिजन विद्यालय पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और विद्यालय परिसर में पुलिस बल की तैनाती की गई। पुइसके बाद पीड़ित छात्राओं और उनके परिजनों को नगर थाना लाया गया, जहां परिजनों द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर प्रधानाध्यापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई।

# काग्यू मोनलम चेन्मो पूजा में गूंजे बुद्ध वचन

## उमड़े कई देशों के श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** तिब्बती बौद्ध परंपरा के प्रमुख आध्यात्मिक गुरु 17वें ग्यालवा करमापा थीनले थाये दोरजे ने बुधवार को महाबोधि मंदिर में आयोजित सात दिवसीय काग्यू मोनलम चेन्मो पूजा में सहभागिता की। उनकी उपस्थिति से पूजा स्थल आध्यात्मिक ऊर्जा और शांति के संदेश से सराबोर हो उठा। करमापा ने सबसे पहले महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में भगवान बुद्ध को नमन किया। मंदिर के पुजारियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई और विश्व शांति व मानव कल्याण की कामना की।
इसके बाद करमापा पूजा स्थल पहुंचे, जहां थेरवाद और महायान परंपरा के भिक्षुओं ने उनका पारंपरिक ढंग से स्वागत किया। पूजा के तीसरे दिन पवित्र बौद्ध धर्म ग्रंथों से प्रवचन का आयोजन हुआ। करमापा ने तिब्बती बौद्ध धर्म के प्रमुख ग्रंथ काग़्यूर धर्म ग्रंथ से बुद्ध के उपदेशों का विशेष पाठ किया। उनके प्रवचन को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु ध्यानमग्न होकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर थाईलैंड, वियतनाम, कंबोडिया, लाओस, नेपाल, तिब्बत, भूटान, अमेरिका सहित कई देशों से आए बौद्ध श्रद्धालुओं ने भाग लिया।
श्रद्धालुओं का कहना था कि बुद्ध के वचनों का यह सामूहिक पाठ न केवल आत्मिक शांति देता है, बल्कि करुणा, अहिंसा और सह-अस्तित्व का मार्ग भी दिखाता है। प्रवचन के दौरान संपूर्ण मानवता के कल्याण और विश्व शांति पर विशेष जोर दिया गया।



उल्लेखनीय है कि काग्यू मोनलम चेन्मो पूजा का आयोजन प्रत्येक वर्ष विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य से किया जाता है।
यह आयोजन बोधगया को एक बार फिर वैश्विक बौद्ध आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित करता है, जहां विभिन्न परंपराओं के भिक्षु और श्रद्धालु एक साथ एकत्र होते हैं।
बताते चलें कि मंगलवार को करमापा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बोधगया पहुंचे थे। कर्मा बौद्ध मठ में उनके अनुयायियों ने बौद्ध परंपरा के अनुसार भव्य स्वागत किया।
श्रद्धालुओं ने एक हाथ में खादा और दूसरे हाथ से पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। करमापा की उपस्थिति से बोधगया में आध्यात्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।

## 4488 चालकों का लाइसेंस निलंबित

**पटना।** सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग ने राज्यभर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की है। परिवहन, पुलिस एवं यातायात पुलिस की अनुशंसा के आधार पर 4488 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, जबकि 497 वाहन चालकों के लाइसेंस रद्द किए गए हैं। परिवहन सचिव राज कुमार ने बताया कि निलंबन के बाद भी वाहन चालक पुनः यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं तो उनका लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी। लाइसेंस रद्द किये जाने की स्थिति में वाहन चालकों को फिर से नए लाइसेंस के लिए आवेदन देना होगा एवं ड्राइविंग टेस्ट की प्रक्रिया से गुजरना होगा। परिवहन सचिव ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों चालकों के विरुद्ध यह कार्रवाई नियमित अभियान के रुप में जारी रहेगा। तेज गति से वाहन चलाना, लापरवाही पूर्वक ड्राइविंग, क्षमता से अधिक लोड ढोना तथा बार-बार नियमों का उल्लंघन करने जैसे मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# मृतक के परिजन से मिले कांग्रेस नेता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नवादा जिले के रोह थाना क्षेत्र में हुई माब लिंचिंग की जघन्य घटना में मारे गए बिहारशरीफ निवासी मोहम्मद अतहर हुसैन को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहारशरीफ विधानसभा से इंडिया गठबंधन के पूर्व प्रत्याशी उमैर खान ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।
मीडिया से बातचीत में उन्होंने घटना को बेहद दुखद और अमानवीय बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ.एक व्यक्ति की हत्या नहीं, बल्कि एक गरीब परिवार की रोजी-रोटी छीन लेने का अपराध है। आज उस घर में न चूल्हा जलने की गारंटी है और न ही बच्चों के भविष्य की कोई सुरक्षा।
उमैर खान ने कहा कि बिहार में लगातार हो रही माब लिंचिंग की घटनाएं सरकार की नाकामी को उजागर करती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस मामले में व्यक्तिगत संज्ञान लेने की मांग करते हुए कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।
उन्होंने सरकार से इंसाफ की पुरजोर मांग करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को तत्काल और पर्याप्त मुआवजा दिया जाए। परिवार के एक सदस्य को स्थायी सरकारी नौकरी दी जाए। दोषियों को तुरंत गिरफ़्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सजा दिलाई जाए। माब लिंचिंग जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख़्त कानून लागू किया जाए।
उमैर खान ने स्पष्ट कहा कि यदि इस परिवार को न्याय नहीं मिला, तो यह पूरे बिहार के गरीब और मेहनतकश लोगों के साथ अन्याय होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा।
इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता कमर रिजवी, राजद महानगर अध्यक्ष खुर्शीद अंसारी, माले नेता पाल बिहारी, नवादा ज़िला अध्यक्ष नौशाद खान, कांग्रेस पार्टी के नालंदा ज़िला अध्यक्ष नरेश कुमार अकेला, जमीयतुल मोमिनीन के सचिव हाफि ज मोहम्मद शाहिद, नालंदा अल्पसंख्यक ज़िला अध्यक्ष फवाद अंसारी सहित कई सामाजिक व राजनीतिक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जारी होगा रेड नोटिस

**बक्सर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गरीब परिवारों को कच्चे मकानों को पक्का बनाने के लिए तीन किस्तों में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों लाभुक ऐसे हैं, जिन्होंने योजना के तहत पहली किस्त की राशि प्राप्त कर ली है, लेकिन कई महीनों बीत जाने के बाद भी उन्होंने मकान निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया है। बीडीओ लालबाबू पासवान ने स्पष्ट किया कि ऐसे सभी लाभुकों को, जिन्होंने पहली किस्त लेने के बाद निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है, नोटिस जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि नोटिस के आधार पर यदि लाभुक एक महीने के अंदर कार्य शुरू नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ रेड नोटिस जारी किया जाएगा। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि योजना के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों को मकान निर्माण के लिए कुल राशि तीन किस्तों में दी जाती है, जिसमें पहली किस्त आधारशिला रखने के बाद, दूसरी छत डालने के स्तर पर और तीसरी किस्त पूर्ण निर्माण के बाद जारी की जाती है।

# प्रेमिका की हत्या कर प्रेमी ने की खुदकुशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पोटका।** पोटका थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां प्रेम संबंध में उत्पन्न विवाद ने दो लोगों की जान ले ली। जानकारी के अनुसार, गणेश माझी नामक युवक ने इंस्टाग्राम लाइव के दौरान अपनी प्रेमिका ज्योतिका हेंब्रम की हत्या करने की बात स्वीकार की और इसके कुछ समय बाद खुद भी आत्महत्या कर ली।
इंस्टाग्राम लाइव में गणेश माझी ने कहा कि उसका ज्योतिका हेंब्रम के साथ पिछले 9 वर्षों से प्रेम संबंध था। उसने आरोप लगाया कि ज्योतिका उसे लगातार धोखा दे रही थी।
गणेश ने बताया कि उसने कई बार ज्योतिका को समझाने का प्रयास किया, लेकिन जब वह नहीं मानी तो गुस्से में आकर उसने धारदार चाकू से उसकी हत्या कर दी। लाइव वीडियो में उसने चाकू दिखाते हुए कहा कि इसी चाकू से उसने ज्योतिका की जान ली है।गणेश ने यह भी आरोप लगाया कि ज्योतिका के थाना प्रभारी मनोज कुमार मुरमू के साथ संबंध थे, जिसके कारण वह मानसिक तनाव में था। आत्महत्या से पहले गणेश ने स्पष्ट रूप से कहा कि ज्योतिका की हत्या में उसके परिवार का कोई हाथ नहीं है और पुलिस उसके परिजनों को परेशान न करे।
घटना को अंजाम देने के बाद गणेश माझी ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके दोस्तों द्वारा उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
ज्योतिका हेंब्रम और गणेश माझी दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। मामले को लेकर डीएसपी संदीप भगत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि गणेश माझी ने धारदार हथियार से ज्योतिका हेंब्रम की हत्या की और बाद में खुद आत्महत्या कर ली।
पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, थाना प्रभारी मनोज कुमार मुरमू ने आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि गणेश माझी ज्योतिका पर लगातार चौकीदार की नौकरी छोड़ने और घर में रहने का दबाव बना रहा था।
ज्योतिका द्वारा इसका विरोध किए जाने के बाद गणेश ने गुस्से में आकर उसकी गला रेतकर हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। यह घटना पूरे इलाके में चर्चा और शोक का विषय बनी हुई है।
इंस्टाग्राम लाइव में प्रेमी गणेश माझी ने आत्महत्या करने से पहले इंस्टाग्राम लाइव किया। मृतक गणेश मांझी ने इंस्टाग्राम लाइव पर कहा कि ज्योतिका हेंब्रम से मेरा लगातार 9 साल से प्रेम संबंध था और मुझे लगातार धोखा दे रही थी। मैंने कई बार समझाने का प्रयास किया इसके बावजूद वह नहीं मानी। गणेश ने धारदार चाकू दिखाते हुए कहा कि इसी चाकू से मैंने ज्योतिका की हत्या की। आत्महत्या से पहले गणेश ने कहा कि ज्योतिका का थाना प्रभारी मनोज कुमार मुर्मू के साथ संबंध था। जिसके कारण मैंने ज्योतिका की हत्या की। साथ ही उन्होंने आत्महत्या से पहले अपने जुबान से बयान करते हुए कहा कि ज्योतिका की हत्या में मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं है।

# प्रधानाध्यापक पर छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोप

## परिजनों का स्कूल में हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** शहर स्थित राजकीयकृत उर्दू मध्य विद्यालय मलहचक के प्रधानाध्यापक संजय कुमार पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाकर बुधवार को छात्राओं और उनके स्वजन ने जमकर हंगामा किया। आरोप था कि छठी कक्षा की कुछ छात्राओं के साथ प्रधानाध्यापक ने छेड़छाड़ की।
घर जाकर छात्राओं ने इसकी शिकायत अपने स्वजन से की, जिसके बाद उग्र अभिभावक विद्यालय पहुंच गए। हालांकि प्रधानाध्यापक छुट्टी पर थे। विद्यालय की कमान सहायक शिक्षिका सुनीता संभाल रही थीं।
अभिभावकों ने उनके समक्ष अपनी





शिकायत रखी और आरोपित शिक्षक पर कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।
सूचना पर पुलिस पहुंची और न्याय दिलाने का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। हंगामा के कारण विद्यालय में बच्चों की परीक्षा स्थगित करनी पड़ी।
थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि लिखित शिकायत मिलने पर केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौर हो कि आरोपित प्रधानाध्यापक संजय कुमार को इसी साल शिक्षक दिवस पर राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया गया था।
उनका कहना था कि मुझे साजिश की तरह फंसाया जा रहा है। विद्यालय में लगे सीसी कैमरे का फुटेज निकाल कर मामले की सच्चाई का पता लगाया जा सकता है।

# पुल की रेलिंग से टकराकर बाइक सवार की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** मब्बी थाना क्षेत्र के गेहूंमी ओवरब्रिज की रेलिंग से टकराकर बाइक सवार मजदूर की मौत हो गई। जबकि दूसरे को गंभीर हालत में इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है।
मृतक की पहचान मब्बी थाना क्षेत्र के बांधबस्ती निवासी रामबाबू पासवान के पुत्र अमरजीत कुमार पासवान (25) के रूप में हुई है। जबकि घायल गांव के ही शिवनारायण साह का पुत्र राजगीर साह (20) है।
जानकारी के अनुसार, अमरजीत कुमार और राजगीर साह मंगलवार की रात से शहर में छत की ढलाई कार्य में मजदूरी करने के बाद से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे।
गेहूंमी ओवरब्रिज के पास पहुंचने पर धुंध की वजह से बाइक ओवरब्रिज की रेलिंग से टकरा गई। इस दौरान बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। सूचना पर पहुंची मब्बी पुलिस ने घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए डीएमसीएच भेज दिया। चिकित्सकों ने दोनों का उपचार करना शुरू किया। इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई।
जबकि दूसरे युवक की स्थिति नाजुक होते देख पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। अमरजीत के शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर बुधवार को स्वजन के सिपुर्द कर दिया।
दोपहर बाद शव गांव पहुंचते ही स्वजन और आसपास के लोगों के बीच कोहराम मच गया। अमरजीत दो भाइयों में छोटा था। उसकी मौत हो जाने से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। माता और पिता सहित परिवार के सभी लोग रो रो कर बदहवास बने रहे।
मब्बी थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया गया है।

# एचआईवी संक्रमित 36 नए मरीजों की हुई पुष्टि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बगहा।** पश्चिमी चंपारण के बगहा पुलिस जिला अंतर्गत अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में अप्रैल से दिसंबर के बीच एचआईवी जांच के दौरान 36 नए संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है। इन मरीजों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता और निगरानी की अहमियत सामने आती है।
इन 36 एचआईवी संक्रमित मरीजों में तीन गर्भवती महिलाएं भी शामिल थीं, जिनका अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराया गया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार मां और नवजात की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक चिकित्सीय प्रोटोकॉल का पालन किया गया।
अस्पताल प्रबंधन द्वारा सभी एचआईवी पॉजिटिव मरीजों की नियमित निगरानी की जा रही है और उनका उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। विभागीय निदेर्शों के तहत संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए अस्पताल स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## तीन गर्भवती महिलाएं भी शामिल, कराया गया सुरक्षित प्रसव

एचआईवी संक्रमण से बचाव के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित व्यवहार अपनाने, समय-समय पर जांच कराने और संक्रमण से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य है कि लोग बिना झिझक जांच कराएं ताकि बीमारी का समय रहते पता चल सके।
अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. ए.के. तिवारी ने बताया कि वर्तमान में दर्ज 36 एचआईवी संक्रमित मरीजों में आठ महिलाएं और तीन बच्चे शामिल हैं। सरकार की ओर से इन मरीजों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।
बिहार जन शताब्दी योजना के तहत एचआईवी पॉजिटिव मरीजों को प्रतिमाह 1500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे इलाज और दैनिक जरूरतों में मदद मिल सके। वहीं परवरिश योजना के अंतर्गत एचआईवी संक्रमित मरीजों के बच्चों को शून्य से 19 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है, ताकि उनकी शिक्षा, पोषण और पालन-पोषण सुनिश्चित हो सके।
परामर्शी रमेश रंजन ने बताया कि एचआईवी मरीजों और उनके आश्रितों को मिलने वाली सरकारी सहायता समय पर उपलब्ध कराई जा रही है।
साथ ही हर छह माह में विशेष शिविर लगाकर मरीजों की स्वास्थ्य जांच की जाती है। उच्च जोखिम वाले लोगों की भी नियमित जांच और आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है।
स्वास्थ्य विभाग के अनुसार समय पर जांच, निरंतर इलाज और व्यापक जागरूकता अभियानों के जरिए एचआईवी संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण पाने का प्रयास लगातार जारी है।

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर पंचायत के नयकीपारी गांव में संदिग्ध परिस्थिति में एक महिला की मौत हो गई। महिला के घर वालों ने ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस घटना की जानकारी परिवार वालों ने राघोपुर थाना की पुलिस को दी।
घटना की सूचना मिलते ही राघोपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी लेने के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। महिला स्थानीय पप्पू शर्मा की 25 वर्षीय पत्नी पूजा देवी बताई गई है। वहीं, स्थानीय लोगों के मुताबिक मंगलवार की रात्रि महिला का अचानक तबीयत खराब हो गई थी।
महिला का इलाज भी कराया गया था। राघोपुर थाना की पुलिस टीम मामले की गहन जांच में जुट गई है।

# लोगों ने उठायी पुर्नवास की मांग



## चंदवारा घाट पुल का निर्माण कार्य तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** जिले के बहुचर्चित चंदवारा घाट पुल के एप्रोच पथ फेज-1 और फेज-2 का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस पुल और मार्ग के बन जाने से शहर में ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा। प्रशासन ने इस परियोजना को पूरा करने के लिए मई और जून 2026 तक की डेडलाइन तय की है।
इधर, निर्माण कार्य के चलते चंदवारा घाट बांध के किनारे रह रहे सैकड़ों परिवारों ने नाराजगी जताई है। इन परिवारों का कहना है कि वे पिछले करीब 40 वर्षों से यहां रह रहे हैं और अब उन्हें निर्माण कार्य के लिए जल्द स्थान खाली करने का नोटिस भेजा गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल बनना खुशी की बात है, लेकिन उन्हें बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के उजाड़ा जा रहा है। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि पहले उन्हें कहीं बसाया जाए, उसके बाद हटाया जाए। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई परिवारों में बेटियों की शादी तय है, कहीं बीमार परिजन हैं तो कहीं बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने का खतरा है। लोगों का कहना है कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं और मानते हैं कि इस परियोजना से क्षेत्र का विकास होगा, लेकिन पहले उनका पुनर्वास किया जाए, फिर निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाए। चंदवारा घाट बांध पर रहने वाली बुजुर्ग महिला शैल देवी ने कहा कि उनके पूर्वज भी यहीं रहते थे और अब उन्हें बेघर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके पति बीमार हैं और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन से न्याय की मांग की है।
वहीं, स्थानीय नागरिक संजय कुमार ने कहा कि यह काम जरूरी है और पुल व सड़क के बन जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी, लेकिन सरकार को पहले पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि लोग बेघर न हों। एक अन्य परिवार की महिला सदस्य शांति देवी ने कहा कि वे काम का विरोध नहीं कर रहे हैं, बल्कि सिर्फ गुहार लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आनन-फानन में नोटिस भेजा गया है और घर खाली करने के लिए पर्याप्त समय भी नहीं दिया गया है। ऐसे में उनके सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि वे बेघर होकर आखिर जाएं तो कहां जाएं।

# गोबर लेने गयी मूक-बधिर युवती से दुष्कर्म

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर में आजादनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-33 पर सिटी इन होटल के पास स्थित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी परिसर में मूकबधिर युवती के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने मुख्य आरोपित अमित कुमार को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।
पुलिस ने मामले में एक अन्य संदिग्ध सोनू सिंह को भी हिरासत में लिया है। पीड़िता के परिजनों के अनुसार, आरोपित अमित कुमार ट्रांसपोर्ट कंपनी परिसर में देखरेख का कार्य करता है।
मूक-बधिर युवती अक्सर कंपनी परिसर में पानी भरने और गोबर लाने जाती थी। घटना के दिन भी वह गोबर लाने गई थी, लेकिन काफी देर तक घर वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिजन उसकी तलाश करते हुए कंपनी परिसर पहुंचे। गोबर लाने गई मूक-बधिर युवती को ढूंढते कंपनी परिसर पहुंचे तो नजारा देखकर सन्न रह गए।
परिजनों का आरोप है कि जब वे घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि अमित कुमार युवती का मुंह दबाकर उसके साथ जबरदस्ती कर रहा था। परिजनों ने बीच-बचाव किया, जिसके दौरान आरोपित के साथ हाथापाई भी हुई। इस झड़प में अमित कुमार के आंख के पास चोट आई है। इसके बाद परिजनों ने उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी। मामले को लेकर आजादनगर थाना



प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि पुलिस प्रारंभिक जांच कर रही है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि घटना से पहले पीड़िता का भाई और आरोपित साथ बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे। पीड़िता के भाई का कहना है कि शराब पीने के बाद वह घर चला गया था।
वहीं आरोपित का दावा है कि पीड़िता गोबर लेने आई थी, जिसे वहां से मना किया गया, इसके बाद युवती के भाई ने उस पर हमला कर दिया।फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।
पीड़िता का बयान दर्ज करने और मेडिकल जांच की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# प्रसव बाद नवजात पोते को 50 हजार में बेचा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले में मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। जन्म के तुरंत बाद एक दादी ने पड़ोसी महिला एवं उसके रिश्तेदार की मदद से अपने नवजात पोते को 50 हजार रुपये में एक झोलाछाप डाक्टर को बेच दिया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दादी समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।
घटना गड़हनी थाना क्षेत्र से जुड़ा है। इसे लेकर बच्चे की मां नारायणपुर थाना के नारायणपुर गांव निवासी खुशबू कुमारी ने गड़हनी थाना में अपनी सास क्रिंता देवी एवं रोहतास जिले के सुर्यपुरा थाना के हुकाडीह गांव निवासी झोलाछाप डाक्टर दिलीप कुमार उर्फ हरिशंकर पंडित समेत पांच के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई है।
पुलिस ने क्रिंता देवी, उसकी पड़ोसी कविता देवी, कविता की रिश्तेदार धनगाई थाना के मिठहा गांव निवासी चांदनी शर्मा एवं डॉक्टर की सहयोगी महिला नर्स दिनारा निवासी प्रीति कुमारी को गिरफ्तार कर लिया है।
आरोपित चिकित्सक फरार है। वह पीरो, सासाराम व दिनारा में निजी क्लिनिक चलाता है। नवजात की बरामदगी नहीं हो सकी है। थानाध्यक्ष कमलजीत के अनुसार सास के पास से सौदा के 49 हजार रुपये नकद बरामद कर लिया गया है।
पूछताछ में यह बात सामने आई है कि क्रिंता देवी के बेटे चितरंजन ने गांव की लड़की से प्रेम-विवाह कर लिया था। जिसके बाद नवजात को रास्ते से हटाने के लिए सास ने उसका सौदा कर दिया।
आरोपित डॉक्टर की गिरफ्तारी एवं नवजात की बरामदगी को रोहतास में दिनारा एवं सुर्यपुरा समेत कई जगहों पर भी छापेमारी की गई। लेकिन, सफलता नहीं मिली।

# गैस रिसाव मामले में प्रशासन चौकस

## आवश्यक दवाइयां और 24 घंटे एंबुलेंस सेवा उपलब्ध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** केंदुआडीह गैस रिसाव मामले में जिला प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य चलाया जा रहा है। गैस रिसाव क्षेत्र में अब तक करीब 90 लोग गैस की चपेट में आ चुके हैं। जिनमें से अधिकांश को बीसीसीएल द्वारा दवाई व इलाज उपलब्ध कराई गई।
आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत कुस्तौर क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुल 50 लोगों का इलाज किया गया। इलाजरत मरीजों में दो सीआईएसएफ जवान क्रमशः कांस्टेबल सोहेब खान और हवलदार हीरालाल शर्मा के अलावा एंबुलेंस चालक गुड्डू तुरी शामिल थे। जो ड्यूटी के दौरान गैस की चपेट में आ गए थे।
तीनों को उपचार के बाद बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दिया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार भर्ती 50 मरीजों में से 47 सीधे तौर पर गैस प्रभावित इलाके के थे, इसके अलावा, छह मरीजों को बेहतर इलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल जगजीवन नगर धनबाद रेफर किया गया था।
यह आंकड़ा केवल सरकारी रिकॉर्ड का है, जबकि कई पीड़ितों ने निजी अस्पतालों में भी इलाज कराया है। कुस्तौर क्षेत्र के एक अधिकारी ने बताया कि आपात स्थिति को देखते हुए एक ही दिन में महज चार घंटे के भीतर 30 बेड का मरीजों के लिए तैयार किया गया था। जिसमें सभी बेड पर आक्सीजन सिलेंडर की सुविधा उपलब्ध कराई गई।
राहत शिविर और अस्पताल दोनों ही स्थानों पर चिकित्सकों की टीम, आवश्यक दवाइयां और 24 घंटे एंबुलेंस सेवा उपलब्ध है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। वही हिंदी भवन के समीप संचालित राहत शिविर में लगाए स्वास्थ्य कैंप में बुधवार को कुल 14 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां दी गईं। जांच कराने वालों में 11 पुरुष एवं तीन महिलाएं शामिल थीं।
शिविर में डॉ. अनुराग कुमार मोदी, डॉ. शिव कुमार, सिस्टर शारदा महतो, सत्यनारायण राम आदि स्वास्थ्यकर्मी तैनात रहे। स्वास्थ्य टीम ने बताया कि अब शिविर में आने वाले मरीजों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है। अधिकांश लोग अब गैस रिसाव से प्रभावित होने की बजाय सामान्य बीमारियों की शिकायत लेकर जांच के लिए पहुंच रहे हैं।
महिला एवं पुरुष वार्ड अलग-अलग बनाए गए हैं। उन्होंने इसे बीसीसीएल की एक बड़ी उपलब्धि बताया। साथ ही यह भी जानकारी दी कि तीन शिफ्टों में चिकित्सक की पूरी टीम तैनात है। क्षेत्रीय अस्पताल में इलाज एरिया मेडिकल आफिसर डॉ. शशि कुमार रवि के नेतृत्व में किया जा रहा है। डॉ. रवि ने बताया

### प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद संजय सरावगी का पहला प्रणाम मिथिला की माटी को

# संजय सरावगी कल करेंगे बिहार भाजपा अध्यक्ष का पदभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने के बाद दरभंगा के विधायक संजय सरावगी लगातार दरभंगा सहित मिथिलांचल के विभिन्न तीर्थस्थलों, पौराणिक स्थलों और मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की और अपने आराध्य देवी-देवताओं के दर्शन प्राप्त कर आशीर्वाद मांगा। इस दौरान वे कुशेश्वरस्थान पहुंचकर बाबा कुशेश्वर नाथ का जलाभिषेक किया और जन कल्याण के लिए प्रार्थना की। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी इस क्रम में अपनी जन्मस्थली और कर्मस्थली के श्यामा माई मंदिर, श्याम बाबा मंदिर, शिवाजीनगर, ज्वालामुखी शक्ति पीठ, कसरौर, मां हैहट्ट देवी, जगदम्बा धाम, नवादा, बेनीपुर और बाबा हजारीनाथ मंदिर, दरभंगा पहुंचे और देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मिथिला और अपनी जन्मभूमि के प्रति भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का प्रेम उनके आचरण में हमेशा दिखाई देता रहा है। मिथिला की परंपरा रही है कि हर शुभ कार्य की शुरूआत पहले अपनी धरती और अपने आराध्य को नमन करके की जाती है। इसी संस्कार को निभाते हुए मिथिला के लाल संजय सरावगी को जब प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई तो उन्होंने किसी औपचारिक कार्यक्रम से पहले मिथिला की पावन धरती पर पहुंचकर अपने धर्मस्थलियों एवं आराध्य देवों के चरणों में शीश नवाया और आशीर्वाद लिया। यह उनकी पहचान से जुड़ा वह भाव है जिसमें मिथिला और उसकी माटी सदैव सर्वोपरि रहती है। अपनी माटी का सम्मान तथा जनता के बीच रहकर आगे बढ़ना, उनके व्यक्तित्व की वही विशेषता है जो उन्हें यहां तक लाई है। विधायक संजय सरावगी के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद शहरवासियों और भाजपा कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया। फूलों की वर्षा, नारों और अभिनंदन से पूरा शहर उत्सवी माहौल में नजर आया। दरभंगा स्थित उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, व्यापारी वर्ग और आम नागरिक उनके आवास पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दीं। सरावगी ने शिवाजीनगर स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर पहुंचकर खाटू नरेश को नमन किया। इसके बाद वे गांधी चौक स्थित अपने कुलगुरु के मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने पारिवारिक परंपरा के अनुसार शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। बुधवार की सुबह वे हजारों कार्यकर्ताओं के स्वागत-अभिनंदन के बीच मिथिला के बाबाधाम के नाम से प्रसिद्ध बाबा कुशेश्वरस्थान मंदिर पहुंचे और भगवान शिव का दर्शन किया। पूजा-अर्चना के दौरान उन्होंने प्रदेश की समृद्धि, संगठन की मजबूती और जनकल्याण की कामना की। कुशेश्वरस्थान जाने के क्रम में रास्ते भर जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। इसके बाद वे कसरौर स्थित प्राचीन ज्वाला मुखी मंदिर पहुंचे। मान्यता है कि यहां मां शक्ति की विशेष कृपा रहती है और श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं के साथ परिवार की सुख-समृद्धि की कामना लेकर यहां आते हैं। तत्पश्चात उन्होंने नवादा भगवती मंदिर में मां भगवती के दर्शन किए, जो मिथिला क्षेत्र में शक्ति उपासना का एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। इसके बाद उन्होंने सैकड़ों समर्थकों के साथ दरभंगा के प्रसिद्ध हजारी नाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ का दर्शन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह मंदिर मिथिला की धार्मिक पहचान का अहम हिस्सा है, जहां वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। गौरतलब है कि श्री सरावगी दरभंगा नगर विधानसभा से लगातार छह बार विधायक हैं और बिहार सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। दरभंगा उनकी जन्मस्थली है और मिथिला की सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना से उनका रिश्ता बचपन से जुड़ा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उनकी यह पहली यात्रा साफ संदेश देती है कि उनके लिए मिथिला, उसकी परंपरा, उसकी आस्था और उसकी जनता सर्वोपरि है। नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी कल पटना पहुंचेंगे और प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे।

## नेशनल हेराल्ड मामले में देश से माफी मांगे केन्द्र सरकार : राजेश राम




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को राजनीतिक द्वेष के तहत फंसाने हेतु केंद्र सरकार के इशारे पर नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा की जा रही दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई को राउज एवेन्यू कोर्ट से संज्ञान लेने से इंकार करने को जीत बताते हुए भाजपा के नीतियों के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में विरोध मार्च आयकर गोलंबर से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय तक आयोजित हुआ। इस विरोध मार्च का नेतृत्व कर रहे बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में हमारे नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इंकार कर दिया। अदालत ने दोनों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से दोनों के खिलाफ दायर की गई चार्जशीट का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया जबकि इडी ने दोनों नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नाहक परेशान करने के लिए आरोपी बनाया। नेशनल हेराल्ड केस सिर्फ गांधी परिवार को परेशान करने के लिए है। इस सत्ताधारी भाजपा सरकार द्वारा राजनीतिक बदले की भावना से इस केस को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हाल में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इडी को कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा। साथ ही बताया था कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के मामलों में दोषसिद्धि की दर 10% से भी कम है।

## बिहार में डीएल टेस्ट पास करने के 24 घंटे में ही मिलेगा ड्राइविंग लाइसेंस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अब ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) प्राप्त करने की प्रक्रिया और भी तेज तथा सुविधाजनक होने वाली है। परिवहन विभाग ने बड़ा फैसला लेते हुए निर्देश जारी किया है कि डीएल टेस्ट पास करने वाले योग्य आवेदकों को मात्र 24 घंटे के अंदर चिप-रहित लैमिनेटेड ड्राइविंग लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा। इससे लोगों को लंबे इंतजार से मुक्ति मिलेगी और असुविधा दूर करने का प्रयास किया गया है। परिवहन एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने विभाग के कामकाज की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित एजेंसी डीएल जारी करने में एक सप्ताह से 10 दिन तक का समय लगा रही थी जिससे आवेदकों को काफी परेशानी हो रही थी। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था जनता की सुविधा के लिए है और इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चयनित एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी जिलों में चिप-रहित लैमिनेटेड डीएल और वाहन रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र (आरसी) की प्रिंटिंग में तेजी लाई जाए। साथ ही हर जिले में कम से कम 90 दिनों की कार्ड प्रिंटिंग सामग्री हमेशा उपलब्ध रखी जाए। यदि एजेंसी इसमें लापरवाही बरतेगी तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश विभागीय अधिकारी को दिया गया है।

# भारतीय रेल ब्रॉड गेज नेटवर्क 99.2 प्रतिशत विद्युतीकृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल में रेलवे नेटवर्क के विद्युतीकरण को मिशन मोड में लिया गया है और अब तक ब्रॉड गेज नेटवर्क का लगभग 99.2 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा किया जा चुका है। शेष नेटवर्क पर भी विद्युतीकरण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह जानकारी 17 दिसंबर 2025 को अपराह्न 3:53 बजे पीआईबी दिल्ली द्वारा जारी की गई। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2014 से पहले लगभग 60 वर्षों में 21,801 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण किया गया था, जबकि वर्ष 2014 से 2025 के बीच 46,900 रूट किलोमीटर नेटवर्क का विद्युतीकरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7,188 रूट किलोमीटर और 2024-25 में 2,701 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण संपन्न हुआ। भारतीय रेल की सभी नई लाइन और मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाएं विद्युतीकरण सहित स्वीकृत और निर्मित की जा रही हैं। वैश्विक तुलना में भारतीय रेल की उपलब्धि उल्लेखनीय मानी जा रही है। यूनियन इंटरनेशनल दे केमिन्स डे फेर की जून 2025 की रिपोर्ट के अनुसार यूनाइटेड किंगडम में रेलवे विद्युतीकरण 39 प्रतिशत, फ्रांस में 60 प्रतिशत, स्पेन में 67 प्रतिशत, रूस में 52 प्रतिशत, जापान में 64 प्रतिशत, चीन में 82 प्रतिशत और स्विट्जरलैंड में 100 प्रतिशत है। इस तुलना में भारत प्रमुख विकसित देशों से कहीं आगे निकल चुका है। देश के 14 रेलवे जोन में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। इनमें सेंट्रल, ईस्ट कोस्ट, ईस्ट सेंट्रल, ईस्टर्न, कोंकण, कोलकाता मेट्रो, नॉर्थ सेंट्रल, नॉर्थ ईस्टर्न, नॉर्दर्न, साउथ सेंट्रल, साउथ ईस्ट सेंट्रल, साउथ ईस्टर्न, वेस्ट सेंट्रल और वेस्टर्न रेलवे शामिल हैं। नॉर्थ वेस्टर्न और सदर्न रेलवे में 98 प्रतिशत, नॉर्थईस्ट फ्रंटियर और साउथ वेस्टर्न रेलवे में 95 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर भी व्यापक प्रगति दर्ज की गई है। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुडुचेरी, पंजाब, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में ब्रॉड गेज नेटवर्क का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। राजस्थान में 99 प्रतिशत, तमिलनाडु में 97 प्रतिशत, कर्नाटक में 96 प्रतिशत, असम में 92 प्रतिशत और गोवा में 91 प्रतिशत विद्युतीकरण हुआ है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा और मिजोरम में मौजूदा ब्रॉड गेज नेटवर्क का पूर्ण विद्युतीकरण हो चुका है, जबकि असम में शेष हिस्सों पर कार्य जारी है। परियोजना की पूर्णता में कुछ चुनौतियां भी सामने आती हैं, जिनमें वन स्वीकृतियां, अतिक्रमित उपयोगिताओं का स्थानांतरण, वैधानिक स्वीकृतियां, भू-वैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियां, कानून-व्यवस्था तथा जलवायु के कारण कार्य महीनों की उपलब्धता जैसे कारक शामिल हैं। नीति आयोग की जून 2021 की रिपोर्ट के अनुसार कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिहाज से भी रेलवे अत्यंत प्रभावी माध्यम है। सड़क परिवहन में एक टन माल को एक किलोमीटर ले जाने पर 101 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन होता है जबकि रेल परिवहन में यह मात्र 11.5 ग्राम है जो लगभग 89 प्रतिशत कम है। भारतीय रेल लगभग पूर्ण विद्युतीकरण तथा सौर, पवन और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के रणनीतिक उपयोग के माध्यम से सतत संचालन के लिए प्रतिबद्ध है जिससे कार्बन फुटप्रिंट में उल्लेखनीय कमी आ रही है। यह जानकारी रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में लिखित उत्तर के माध्यम से दी।

## बहुचर्चित गोपाल खेमका हत्याकांड में मृतक के भाई की गवाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के बहुचर्चित उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या के मामले में अभियोजन ने पटना की एक सत्र अदालत में आज दूसरे गवाह के रूप में मृतक के भाई का बयान कलम बंद करवाया। पटना सिविल कोर्ट के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय नीरज कुमार की अदालत में अभियोजन ने मृतक के भाई किशन खेमका को पेश किया और उसकी गवाही कराई। गवाह को परीक्षण एवं प्रति परीक्षण के बाद मुक्त कर दिया गया। गवाही के दौरान इस मामले के जेल में बंद अभियुक्त उमेश यादव को भागलपुर जेल से लाकर अदालत में पेश किया गया जबकि दूसरे अभियुक्त और अशोक साह उर्फ अशोक कुमार को पटना के बेउर जेल से लाकर अदालत मे उपस्थित कराया गया। अदालत ने मामले में अगला गवाह पेश करने के लिए 03 जनवरी 2025 की अगली तिथि निश्चित की है। गौरतलब है कि इसी वर्ष 4 जुलाई की रात्रि में अपराधियों ने उद्योगपति गोपाल खेमका की गोली मारकर उस समय हत्या कर दी थी जब वह गांधी मैदान थाना क्षेत्र के रामगुलाम चौक स्थित अपार्टमेंट में अपने घर के नजदीक पहुंचे थे। अपराधी वहां पूर्व से घात लगाए बैठे थे। पटना के लोक अभियोजक राजेश कुमार ने बताया कि मामले की स्पीडी ट्रायल की जा रही है।

## अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर गिरोह के सदस्य से एनआइए करेगी हिरासती पूछताछ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार में चल रहे अंतर्राज्यीय अवैध हथियारों और कारतूस तस्करी के कथित नेटवर्क के मामले में गिरफ्तार एक अभियुक्त को आज बिहार की राजधानी पटना स्थित राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने हिरासती पूछताछ के लिए आठ दिनों के पुलिस रिमांड पर एनआईए को सौंपे जाने का आदेश दिया। एन आई ए ने उत्तर प्रदेश के औरैया क्षेत्र निवासी अंकल जी उर्फ कमलकांत को गिरफ्तार करने के बाद मंगलवार को एन आई ए के विशेष न्यायाधीश अभिजीत कुमार की अदालत में पेश किया था जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। उसके बाद एनआईए की ओर से एक आवेदन दाखिल कर इस अभियुक्त से हिरासती पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर सौंपे जाने की प्रार्थना की गई। आवेदन पर सुनवाई के बाद अदालत ने इस अभियुक्त को आठ दिनों के पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए एनआईए को सौंपे जाने का आदेश काराधीक्षक को दिया है। एन आई ए ने यह प्राथमिकी आर सी 01/2025 के रूप में शस्त्र अधिनियम की धारा 25 (1) बी,26, 35, 25 (1ए ए) के तहत 17 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ दर्ज की है। अदालत में यह मुकदमा विशेष वाद संख्या 7/2025 के रूप में दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार 22 जून 2025 को नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की 117 गोलियां बरामद हुई जिनके लिए रहुई थाना कांड संख्या 363/ 2025 दर्ज किया गया । उसी दिन कैमूर जिले के मोहनिया थाना में एक प्राथमिकी संख्या 554/ 2025 दर्ज की गई जिसमें 8 एमएम की 2950 गोलियां तथा 32 बोर की 750 गोलियां बरामद की गई थी। फिर ठीक उसी दिन नालंदा जिले के सोहसराय थाना में प्राथमिकी संख्या 169 /2025 दर्ज की गई जिसमें 9 एमएम की 444 और पॉइंट 38 बोर की 273 गोलियां बरामद की गई थी। इसके अलावा कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद किए गए थे। जांच में तीनों मामले एक दूसरे से आपस में जुड़े हुए मिले तथा तीनों मामलों में सभी अभियुक्तों की संलिप्तता पाई गई। इसके अलावा बड़े आपराधिक षड्यंत्र का भी पता चला। उसके बाद सूचीबद्ध मामलों की श्रेणी में आने के कारण सरकार के आदेश से एनआईए ने इस मामले में तीनों मामलों को मिलकर अपनी प्राथमिकी दर्ज की है। एन आई ए ने हाल ही में उपरोक्त तीनो राज्यों में लगभग 22 ठिकानों पर अपनी अलग-अलग टीम बनाकर छापेमारी की थी और बड़े पैमाने पर अवैध कारतूस और हथियार बरामद किए जाने का दावा किया था। एन आई ए ने अंतर्राज्यीय अवैध हथियारों की तस्करी के बड़े नेटवर्क का पदार्फाश करने का दावा करता है करते हुए अभी तक इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच अभी जारी है।

## हेरोइन तस्करी के जुर्म में एक व्यक्ति को 13 वर्षों की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित मादक औषधि एवं मनोत्तेजक पदार्थ अधिनियम एनडीपीएस एक्ट की एक विशेष अदालत ने हैरोइन की तस्करी के जुर्म में आज एक व्यक्ति को 13 वर्षों के सश्रम कारावास की सजा के साथ दो लाख रुपए का जुर्माना भी किया। पटना सिविल कोर्ट स्थित एनडीपीएस एक्ट की विशेष अदालत संख्या 2 ने मामले में सुनवाई के बाद राजस्थान निवासी रवि शर्मा को एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को 6 माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मामले के विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो एन सी बी के अधिकारियों ने कि गुप्त सूचना के आधार पर दोषी रवि वर्मा को पटना के गांधी मैदान क्षेत्र स्थित बांकीपुर बस स्टैंड के निकट से 1450 ग्राम हैरोइन के साथ गिरफ्तार किया था। हैरोइन की यह खेप दिल्ली से पटना लाई जा रही थी। उन्होंने आगे बताया कि अभियोजन ने इस मामले में आरोप साबित करने के लिए जहां विशेष अदालत में चार गवाहों का बयान कलम बंद करवाया था वहीं 26 कागजात भी पेश किए थे।

## सांस्कृतिक महत्व के बटेश्वर स्टेशन को 'बी' श्रेणी में उन्नत करने का प्रस्ताव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** आगरा मंडल द्वारा बटेश्वर (बीएएसआर) स्टेशन को 'डी' श्रेणी के हाल्ट स्टेशन से उन्नत कर 'बी' श्रेणी के क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तित करने का प्रस्ताव किया गया है। यह जानकारी 17 दिसंबर 2025 को अपराह्न 4:05 बजे पीआईबी दिल्ली द्वारा प्रकाशित की गई। वर्तमान में बटेश्वर स्टेशन भंडई-उदीमोर खंड में बह (एचएबी) और फतेहाबाद (एफएबी) स्टेशनों के बीच स्थित एक 'डी' श्रेणी का हाल्ट स्टेशन है। बटेश्वर का सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व अत्यंत विशिष्ट है। यह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मस्थली होने के कारण राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान रखता है। इसके साथ ही बटेश्वर यमुना नदी के तट पर स्थित अपने प्राचीन और ऐतिहासिक शिव मंदिरों के लिए भी प्रसिद्ध है जो श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। धार्मिक महत्व के अतिरिक्त यह क्षेत्र बटेश्वर पशु मेले के लिए भी जाना जाता है जिसमें हर वर्ष देश-विदेश से बड़ी संख्या में लोग भाग लेने आते हैं। इस पृष्ठभूमि में स्टेशन के उन्नयन को क्षेत्रीय विकास और यात्री सुविधाओं की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रस्तावित कार्य के अंतर्गत 750 मीटर लंबाई की दो लूप लाइनें बिछाने, स्टेशन भवन के निर्माण जिसमें विद्युत भवन भी शामिल है, एक उच्चस्तरीय प्लेटफार्म के निर्माण तथा सकुर्लेटिंग एरिया के विकास का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही जल टंकी, बोरवेल और पंप हाउस की व्यवस्था, दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं तथा अन्य न्यूनतम यात्री सुविधाएं विकसित की जाएंगी। योजना में सिग्नलिंग और दूरसंचार उपकरणों की स्थापना, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग तथा दो लूप लाइनों के लिए ओवरहेड इक्विपमेंट में संशोधन भी शामिल है। इस प्रस्ताव के लागू होने से बटेश्वर स्टेशन की परिचालन क्षमता बढ़ेगी और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे इस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## मंदिरों, मठों एवं धर्मशालाओं का विकास किया जाएगा : रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की बैठक विगत दिनों पर्षद कार्यालय, विद्यापति मार्ग में सम्पन्न हुयी। अध्यक्षता पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणवीर नन्दन के द्वारा की गयी। बैठक में पर्षद के सदस्य हरिभूषण ठाकुर, 'बचौल', आनन्द कुमार, महंत विश्वमोहन दास, सायण कुणाल, हिमराज राम, रामबहादुर सिंह, अभिमन्यु कुमार सिंह उपस्थित हुये। बैठक में सर्वसम्मति से मंदिरों, मठों एवं धर्मशालाओं के विकास सम्बंधित अनेकों निर्णय की पुष्टि की गई। धार्मिक न्यास पर्षद भविष्य में निम्नांकित कार्यक्रम, समस्त बिहार में आयोजित करेगी जो निम्नवत है। धार्मिक न्यास पर्षद अपने सभी पंजीकृत मठ / मंदिरों में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती जो 25 दिसम्बर को है, के अवसर पर प्रखरता दिवस के रूप में मनायी जायेगी। जिसके अंतर्गत मठ/मंदिरों में 1001 हनुमान चालिसा कबीर वाणी का पाठ किया जायेगा और अटलजी को भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। पटना में यह कार्यक्रम राजवंशी नगर पंचरूपी हनुमान मंदिर में भव्य रूप से आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के संयोजक, पर्षद के सदस्य वरीय अधिवक्ता आनंद कुमार होंगे। स्वामी विवेकानंद की जयंती दिनांक 12 जनवरी 2026 के अवसर पर बिहार के सभी मठ एवं मंदिरों में आध्यात्मिक दिवस के रूप में मनाया जायेगा। पटना में यह कार्यक्रम स्थानीय रविन्द्र भवन में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम के संयोजक, पर्षद के सदस्य सायण कुणाल होंगे।

## नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी आज पहुंचेंगे प्रदेश कार्यालय, करेंगे पदभार ग्रहण : दानिश इकबाल

### पटना पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का होगा जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी कल यानी 18 दिसंबर को पटना भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे और विधिवत अपना कार्यभार संभालेंगे। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल उन्हें कार्यभार सौंपेंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहेंगे। बिहार भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने आज बताया कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी कल दरभंगा से पटना पहुंचेंगे। इस दौरान पटना में उनके स्वागत के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। वे जिन मार्गों से प्रदेश कार्यालय पहुंचने वाले हैं, उन सभी मार्गों पर पार्टी के झंडे, बैनर, पोस्टर लगाए जा रहे हैं और विभिन्न स्थानों पर तोरण द्वार बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी पटना में उच्च न्यायालय के समीप संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वे यहां से हजारों कार्यकर्ताओं के बीच खुली जीप पर सवार होकर प्रदेश कार्यालय के लिए रवाना होंगे। इस दौरान वे आयकर गोलंबर के पास जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वे सीधे प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे। वे दिन के 12:30 बजे प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। भाजपा के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने बताया कि कल प्रदेश के सभी जिलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पटना पहुंच रहे हैं। वे सभी अपने प्रदेश अध्यक्ष के कार्यभार संभालने का गवाह बनेंगे और उनका स्वागत करेंगे।

## माइक्रोफाइनेंस कंपनियों से त्रस्त है राज्य की गरीब जनता, सरकार नहीं लगा रही लगाम : राजेश राम

### माइक्रो फाइनेंस बैंकों की मनमानी के खिलाफ कांग्रेस करेगी आंदोलन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुजफ्फरपुर जिले के सकरा में नवलपुर मिश्रवलिया ग्राम निवासी अमरजीत पासवान और उनकी तीन बच्चियों के मौत पर न्याय के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने घटनास्थल के दौरे के बाद प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में संवाददाता सम्मेलन में उक्त परिवार की आंखों देखी विभीषिका को बयान किया और पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग राज्य सरकार से की। साथ ही उन्होंने दोषी माइक्रो फाइनेंस बैंक को चिह्नित कर कार्रवाई करने की मांग भी राज्य सरकार से की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि भूख, कर्ज और तंगी के हालात में फांसी लगाकर अपना और परिजनों के लिए मौत स्वीकारने वाले पिता की स्थिति के लिए जिम्मेदार राज्य की सरकार है जो गरीब और पिछड़े वर्ग को सम्मानजनक जीवन जीने की भी गारंटी नहीं दे सकती है। हृदयविदारक घटना जिसमें चार लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई वह हमें सोचने को विवश करती है कि क्या राज्य में कानून नाम की कोई चीज नहीं है जो गरीब और पीड़ित न्याय मांगने की जगह मौत को चुनना पसंद कर रहे हैं? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि माइक्रोफाइनेंस बैंकों के कारण लगातार सूबे में अप्रिय घटनाएं घट रही हैं और सरकार इस पर लगाम लगाने में असफल है। यह घटना केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि अगल बगल के कई गांवों के लोग ऐसे कर्ज के कारण घर को छोड़कर पलायन को मजबूर हैं। कई घटनाओं का जिक्र करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि मो रईस, रंजीत मांझी, सीवन दास सहित अन्य पीड़ितों ने या तो आत्महत्या कर ली या पलायन को विवश हो गए। माइक्रो फाइनेंस कंपनी और बैंक के खिलाफ बिहार कांग्रेस बड़ा जनआंदोलन करेगी और सरकार से सख्त कानून बनाने और लोन रिकवरी के नाम पर गुंडागर्दी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेगी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने राज्य सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को अविलंब समुचित मुआवजा दिया जाए और जीवित बचे बच्चों की शिक्षा और पालन-पोषण की पूरी जिम्मेदारी सरकार उठाए तथा माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के कर्ज और उनके कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।

## संपादकीय

# आतंक का दायरा !

ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बोंडी समुद्र तट पर आतंकी हमले से फिर यही साबित हुआ है कि वैश्विक स्तर पर तमाम आतंकरोधी कवायदों के बावजूद अब भी इस समस्या से पार पाना एक बड़ी चुनौती है।हथियारों से लैस पिता और पुत्र ने बोंडी समुद्र तट के पास हनुका नामक कार्यक्रम के लिए जमा हुए यहूदी समुदाय के लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें पंद्रह लोग मारे गए और कई घायल हो गए। पुलिस के वहां पहुंचने पर हुई मुठभेड़ में एक हमलावर मारा गया और दूसरा घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया।गनीमत यह रही कि वहां मौजूद एक अन्य साधारण व्यक्ति ने अपनी जान जोखिम में डाल कर एक बंदूकधारी पर हमला कर दिया और उसकी बंदूक छीन ली। इस तरह उसने कई लोगों की जान बचा ली। माना जा रहा है कि इस आतंकी घटना के पीछे हमलावरों के भीतर यहूदी विरोध की भावना थी। पिछले कुछ समय से आस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी भावनाओं के जोर पकड़ने को लेकर चिंताएं जताई जा रही थीं।गौरतलब है कि विश्व भर में आतंकी वारदात की प्रकृति में बदलाव आया है और आतंकियों के भीतर आम नागरिकों को निशाना बनाने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसके बावजूद आस्ट्रेलिया की सरकार ने एक खास मौके पर ज्यादा लोगों के जमावड़े वाली जगह पर एहतियाती सुरक्षा इंतजाम पुख्ता रखने की जरूरत नहीं समझी।यह सवाल इसलिए भी गंभीर है कि हाल के दिनों में आस्ट्रेलिया में कई स्तर पर नस्लीय आग्रहों के आधार पर हमले और विरोध के मामले सामने आते रहे हैं। यों भी, अपने नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर हर समय चाक-चौबंद इंतजाम रखना सरकार का दायित्व है, लेकिन सरेआम अंधाधुंध गोलीबारी की ताजा घटना से साफ है कि सरकार इसमें नाकाम हुई।हालांकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस हमले की निंदा हुई है और आस्ट्रेलिया की सरकार से लेकर मुस्लिम-अरब देशों की ओर से भी आतंकवाद और हिंसा के सभी रूपों को खारिज किया गया है। मगर यह भी सच है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना और विरोध के बावजूद किसी समुदाय से नफरत की भावना में डूबे लोगों को रोक पाना एक मुश्किल चुनौती है।गौरतलब है कि इससे पहले इजराइल में लगभग इसी तरह के एक जमावड़े में हमास के आतंकवादियों ने यहूदी समुदाय के लोगों पर हमला किया था और उसमें बारह सौ से ज्यादा की मौत हो गई थी। उसका अंजाम आज भी हमास और इजराइल के युद्ध और उससे उपजी त्रासदी के रूप में दुनिया के सामने है। इसी प्रकृति के एक अन्य हमले में भारत में कश्मीर के पहलगाम में हमलावरों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर कई लोगों को मार डाला था।

# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का खतरनाकस्तर से आमलोग चिंतित

**दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर लगातार खतरनाक स्तर पर पहुंच रहा है। ऐसे में एक कठिन सवाल पैदा हो गया है कि जब सांस लेने में ही स्ट्रगल करना पड़ रहा है तो लोग कब तक दिल्ली को अपना घर कहते रह सकते हैं? दिल्ली-एनसीआर में लगातार बढ़ते प्रदूषण ने सुप्रीम कोर्ट से लेकर आम आदमी तक की चिंता बढ़ा दी है। प्रदूषण, सुरक्षा और बढ़ती लागत पर चर्चाएं कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन हाल ही में रेडिट पर एक पोस्ट ने इन मुद्दों को इस तरह से सामने लाया है कि कई लोगों के लिए इसे नजरअंदाज करना मुश्किल हो गया है। 'दिल्ली-एनसीआर बर्बाद हो चुका है, अब इसका बचाव करने का कोई मतलब नहीं' शीर्षक वाली यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इसमें किसी तरह के दावे करने के बजाय इस क्षेत्र में जीवन का एक व्यक्तिगत आकलन साझा किया गया है, जिसकी तुलना अन्य भारतीय शहरों के अनुभवों से की गई है।**

(दिनेश मिश्र)

प्रदूषण से मौतों की जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं

दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में 700 से अधिक एक्यूआई स्तर का जिक्र करते हुए रेडिट यूजर ने कहा-असली संकट यह है कि स्थिति कितनी सामान्य हो गई है। उन्होंने लिखा-नेता एयर प्यूरीफायर से सुसज्जित केबिनों में बैठकर कहते हैं-'इस साल प्रदूषण तुलनात्मक रूप से कम है।' जल्द ही, वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या ऐसी घटनाओं से होने वाली मौतों की संख्या से कहीं अधिक होगी, लेकिन कोई भी राजनेता जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।



### 10 साल से हो रहे ऐसे हालात, छोड़ दें दिल्ली

नवभारत टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में दिल्ली एम्स के रेस्पिरेट्री विभाग ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि प्रदूषित हवा सीवियर जोन में पहुंच गई है। डॉक्टर अनंत ने कहा कि 10 साल से ऐसे ही हालात हैं। हर बार बात होती है, लेकिन केवल सर्दियों के तीन महीने इस पर चर्चा होती है, फिर सब चुप हो जाते हैं। वहीं,एम्स के एक पूर्व डॉक्टर गोपी चंद खिलनानी ने मीडिया को दिए गए इंटरव्यू में सलाह दी है कि जो लोग दिसंबर के अंत या बीच में दिल्ली छोड़ किसी अन्य शहर जा सकते हैं तो वह कुछ समय के लिए दिल्ली छोड़ दें।

### हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता है, ब्रेन स्ट्रोक की आशंका

दिल्ली डॉक्टर ने बताया कि प्रदूषण के बहुत ही छोटे व महीन कण (पीएम2.5) नाक के जरिए शरीर में एंट्री करते हैं और ब्लड तक पहुंच जाता है और यहां से पूरे शरीर में फैलता है। इससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता है, ब्लड प्रेशर बढ़ता है, स्ट्रोक (ब्रेन अटैक) की आशंका बढ़ती है, नसें मोटी और ब्लॉक होने लगती है और कैंसर के जोखिम में भी इजाफा होता है। वहीं, कई विदेशी संस्थाओं ने प्रदूषण की वजह से दिल्ली में लाइफ कम होने यानी औसत उम्र में कमी का दावा किया है। इस सवाल पर एम्स के डॉक्टरों ने कहा कि ये सभी 'मॉडलिंग स्टडीज' पर आधारित अनुमान है। सीधे-सीधे प्रमाणित डेटा नहीं है। लेकिन यह तय है कि लंबे समय तक प्रदूषण में रहने से बीमारियां बढ़ेंगी और जीवन पर भी असर होगा। वहीं, एम्स के एक अरेडिट यूजर ने बताया कि उसका जन्म और पालन-पोषण नोएडा में हुआ है और वो बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे सहित कई शहरों में रह चुके हैं और काम कर चुके हैं। हाल ही में पुणे में एक सप्ताह बिताने के बाद उन्होंने कहा कि रोज़मर्रा की जिंदगी में अंतर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने तर्क दिया कि महंगे रियल एस्टेट के अलावा, एनसीआर दक्षिणी और पश्चिमी शहरों की तुलना में स्पष्ट रूप से अलग नहीं दिखता। उन्होंने कहा-एनसीआर में खाना बहुत महंगा है। दक्षिण में, आप 100-150 रुपये में आसानी से अच्छा खाना खा सकते हैं, यहां तक कि नमस्ते जैसे कैफे में भी। एक अच्छी बिरयानी 200 रुपये से ज्यादा की नहीं होगी। यहां, 200 रुपये में आपको ज्यादा से ज्यादा अस्वच्छ मुरादाबादी स्टाइल की बिरयानी ही मिलेगी।

### रात में निकलना दूभर, प्रॉपर्टी भी आसमान पर

यूजर के अनुसार, आईटी क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों के लिए बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे शहर बेहतर हैं, जहां नौकरी के अवसर और वेतन बेहतर हैं। हालांकि दिल्ली एनसीआर में अभी भी ऑफिस और कॉर्पोरेट के मामले में आगे हैं। मगर, रात में सुरक्षा और आराम की स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने कहा-एनसीआर में रात 10-11 बजे के बाद बाहर निकलने से पहले दो बार सोचना पड़ता है। शहर एकदम शांत हो जाता है और खाली सड़कें सुरक्षित महसूस नहीं होतीं। गुरुग्राम जैसी जगहों पर आपको 1-1.5 करोड़ रुपये से कम में कुछ भी अच्छा नहीं मिलेगा। पुणे (खराड़ी) में, आप इसी बजट में एक अच्छा 2क्चाय फ्लैट पा सकते हैं। बेंगलुरु में आपको लगभग 90 लाख रुपये में ऐसे ही विकल्प मिल जाएंगे।

### दिल्ली में कुछ घंटे रुकते ही सांस लेने में तकलीफ

वहीं, फेसबुक पर यह दावा किया गया है कि लंदन में रहने वाले एक भारतीय तकनीशियन की चौंकाने वाली चेतावनी ने दिल्ली की खतरनाक वायु गुणवत्ता पर बहस को फिर से हवा दे दी है। कुणाल कुशवाहा कुछ समय के लिए दिल्ली आए थे। उन्होंने बताया कि विदेश जाने से पहले कई वर्षों तक दिल्ली में रहने के बावजूद कुछ ही घंटों में यहां मुझे सांस लेने में तकलीफ होने लगी। उन्होंने लोगों से अपनी सेहत की खातिर दिल्ली छोड़ने की अपील कर डाली। उन्होंने कहा-दिल्ली छोड़ दो...चाहे इसके लिए कर्ज ही क्यों न लेना पड़े। सोशल मीडिया एक्स पर उनकी इस पोस्ट ने एक गरमागरम बहस छेड़ दी।

### अब प्रदूषण मौसमी टेंशन नहीं, पुनर्विचार की जरूरत

कुछ लोगों ने सहमति जताते हुए कहा कि जहरीली हवा धीरे-धीरे फेफड़ों, रोग प्रतिरोधक क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही है। वहीं, अन्य लोगों ने तर्क दिया कि शहर छोड़ना हर किसी के लिए संभव नहीं है। कई लोगों ने तत्काल सरकारी कार्रवाई की मांग करते हुए दिल्ली के प्रदूषण को एक दीर्घकालिक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल बताया। यह लोगों को अपने भविष्य, अपनी सुरक्षा और यहां तक कि राजधानी के निवासी के रूप में अपनी पहचान पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-अमीरों का किया गरीब को भुगतना पड़ता है

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कई आदेश और नियम बनाए हैं, लेकिन कोर्ट का मानना है कि अमीर लोग अपनी जीवनशैली नहीं बदल रहे हैं, इसलिए ये उपाय कारगर नहीं हो पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पंचोली की बेंच ने यह बात कही। मुख्य न्यायाधीश ने आगे कहा-लोगों को समय की जरूरत को समझना होगा और अपनी जीवनशैली बदलनी होगी। अमीर वर्ग नियमों का पालन नहीं करता और बड़ी-बड़ी डीजल पीने वाली कारें, जनरेटर और अन्य प्रदूषण फैलाने वाले उपकरण इस्तेमाल करता रहता है। गाड़ियों से होने वाला प्रदूषण राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों को चोक कर रहा है। गरीब और मेहनतकश वर्ग ही प्रदूषण के सबसे ज्यादा संपर्क में आता है और सबसे ज्यादा पीड़ित होता है।

### प्रदूषण की सबसे बड़ी वजहें वाहन, निर्माण और इंडस्ट्री

हाल हीं में कोर्ट में पेश किए गए एक हलफनामे में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बताया था कि दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण में ट्रांसपोर्ट सेक्टर का योगदान 41 प्रतिशत है। वहीं, धूल और निर्माण गतिविधियों से 21प्रतिशत, उद्योगों से 19प्रतिशत, बिजली संयंत्रों से 5प्रतिशत, घरों से 3प्रतिशत और अन्य स्रोतों से 11प्रतिशत प्रदूषण होता है। जबकि पराली जलाने की समस्या साल के एक छोटे से समय के लिए ही होती है।

# प्रजातंत्र की कमियों को दूर किया जाए

(मधु दंडवते)

मैं प्रस्ताव करता हूं कि 'यह सभा सिफारिश करती है कि निर्वाचन सुधारों को लागू करने के लिए तुरंत कार्यवाही की जाए, जिससे वर्तमान निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार लाया जा सके और उन्हें त्रुटियों, कमियों से मुक्त किया जा सके।'

इस प्रस्ताव का हमारे देश में संसदीय प्रजातंत्र के कार्यकरण की दृष्टि से बहुत महत्व है। यदि देश में संसदीय प्रजातंत्र के कार्यकरण का पुनरीक्षण किया जाए, तो आपको ज्ञात होगा कि तीन तत्व निर्वाचन प्रक्रिया के विकास तथा संसदीय प्रजातंत्र के कार्यकरण की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। प्रथम, हमारी संसद निष्पक्ष और स्वतंत्र निर्वाचन द्वारा निर्वाचित निडर संसद होनी चाहिए। हमारी एक स्वतंत्र न्यायपालिका होनी चाहिए, जिसको निर्वाचन संबंधी अपीलें की जाएं और एक स्वतंत्र निर्वाचन आयोग होना चाहिए, जिसे किसी का भय न हो। जो लोग प्रजातंत्र में विश्वास करते हैं, वे इन तीन मूलभूत सिद्धांतों को स्वीकार करेंगे, लेकिन जो प्रजातंत्र को समाप्त करना चाहते हैं, वे बंधुआ मतदाताओं द्वारा निर्वाचित बंधुआ संसद लाना पसंद करेंगे। वे एक आज्ञाकारी न्यायपालिका लाना पसंद करेंगे, जिस पर दबाव डाला जा सके और आबद्ध निर्वाचन आयोग लाना पसंद करेंगे, जिसको फुसलाया जा सके और ब्लैकमेल किया जा सके। प्रजातंत्र में विश्वास रखने वालों तथा सत्तावाद में विश्वास रखने वालों, जिनका लोकतांत्रिक जीवन से कोई सही संबंध नहीं है, दोनों के बीच यही अंतर है।

जहां तक देश में निर्वाचन सुधारों का संबंध है, मैं नहीं समझता कि किसी ऐसी समिति या आयोग की नियुक्ति की आवश्यकता है, जो समस्या की गहराई में जाए और पता लगाए कि हमारी प्रणाली की वास्तविक कमियां क्या हैं, हमारी निर्वाचन प्रक्रिया की क्या असफलताएं हैं और वास्तविक आवश्यकताएं क्या हैं। हमारे सौभाग्य से पिछले कई सालों में कई समितियों तथा आयोगों ने समस्या का गहन अध्ययन किया है। जहां तक धन शक्ति का संबंध है, यह सब स्वीकार करते हैं कि यह सबसे गंभीर खतरा पैदा करती है। स्वयं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कई सेमिनारों में भाग लेते समय स्पष्ट रूप से कहा है कि धन शक्ति स्वतंत्र तथा न्यायोचित चुनाव के लिए सबसे बड़ा खतरा है और इसलिए उन्होंने चुनाव के लिए राज्य निधि बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने यह भी हिसाब लगाया है कि उनके सुझाव के कारण कितनी राशि खर्च होगी और यह सुझाव दिया कि आगामी पांच वर्षों के लिए, विभिन्न स्तरों पर खर्च करने के लिए 100 करोड़ रुपये की राज्य निधि स्थापित की जाए। कुछ प्रचार के लिए, कुछ मान्यता प्राप्त दलों को राज्य सहायता के रूप में देने के लिए और कुछ निर्वाचन पैटर्न का मूल ढांचा तैयार करने के लिए खर्च की जाए।माध्यम का दुरुपयोग एक बड़ी बात है। माध्यम का उपयोग उचित ढंग से किया जा सकता है और इसका दुरुपयोग भी किया जा सकता है। लोकतांत्रिक देशों में लोक संचार माध्यम की सुविधा सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाती है। वे अपने दृष्टिकोण का प्रचार कर सकते हैं। इसमें कोई भी कठिनाई नहीं है। कई बार हम देखते हैं कि संचार माध्यम का दुरुपयोग किया गया है। कुछ वर्गों के विरुद्ध इसका उपयोग किया जाता है और इसका उपयोग कुछ वर्षों के लाभ के लिए किया जाता है। इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाने होंगे कि उचित रूप से इसका उपयोग किया जाए...।

एक अन्य पहलू का उल्लेख करना चाहूंगा। प्रायः शिकायत सरकार के आचार के संबंध में होती है, जिसका चुनाव की घोषणा के समय से पालन किया जाता है। तारकुंडे समिति द्वारा एक स्वस्थ परंपरा की सिफारिश की गई है। उस समिति ने सुझाव दिया है कि चुनावों की घोषणा होने के समय से केंद्र अथवा राज्यों में संबंधित सरकार को कामचलाऊ सरकार के रूप में कार्य करना चाहिए और उसे समय के बाद उन सरकारों की नई नीतियां लागू नहीं करनी चाहिए और कोई आर्थिक लाभ नहीं पहुंचाना चाहिए और वेतनों में कोई वृद्धि नहीं करनी चाहिए।...

यदि हम अपनी चुनाव प्रणाली में सुधार करते हैं, मूल परिवर्तन करते है, उसमें सुधार लाते हैं और उन्हें प्रभावशाली ढंग से कार्यान्वित करते हैं, तो इस दुनिया को बता सकेंगे कि महात्मा गांधी के इस देश में गोली नहीं, बल्कि मतदान की जीत होती है। उस विश्वास के साथ मैं इस प्रस्ताव को आपकी स्वीकृति के लिए प्रस्तुत करता हूं। (लेखक तत्कालीन सांसद -(लोकसभा में दिए गए उद्बोधन के अंश)है।

# चेहरों से ज्यादा जेबें साफ...चीन की हालत पतली, क्या बता रहा है ये 'अकाल', भारत कैसे अलग?

( अमित शुक्ला )

चीन में विदेशी लग्जरी कारों की मांग घटने लगी है। इसकी वजह यह है कि चीनी ग्राहक अब सस्ती चीनी ब्रांड की कारों को पसंद कर रहे हैं। ये कारें अक्सर भारी छूट पर मिलती हैं। इनमें ग्राहकों की पसंद के हिसाब से शानदार इलेक्ट्रॉनिक्स और आरामदायक सुविधाएं होती हैं। यह यूरोपीय कार निर्माताओं जैसे पोर्श, एस्टन मार्टिन, मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू के लिए बुरी खबर है। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े ऑटो बाजार के ऊपरी पायदान पर लंबे समय से अपना दबदबा बनाए रखा था। चीन की अर्थव्यवस्था में मंदी का असर लग्जरी बाजार पर पड़ रहा है। प्रॉपर्टी बाजार में लंबे समय से चल रही गिरावट के कारण कई ग्राहक बड़ी खरीदारी करने से कतराने लगे हैं। पॉल गोंग, जो यूबीएस में चीन ऑटोमोटिव इंडस्ट्री रिसर्च के प्रमुख हैं, बताते हैं कि अमीर लोग भी अब अपनी दौलत का दिखावा करने से बच रहे हैं। कई कार खरीदार चीनी सरकार की ओर से इलेक्ट्रिक और प्लग-इन हाइब्रिड वाहनों की खरीद पर दी जा रही 20,000 युआन (2,830) की ट्रेड-इन सब्सिडी से प्रभावित हुए हैं। गोंग का कहना है कि लोग सस्ती, एंट्री-लेवल कारें खरीद रहे हैं जहां छूट का ज्यादा फायदा होता है। ऐसी कारें ज्यादातर चीन में ही बनती हैं।

### धीमी इकोनॉमकि ग्रोथ कमजोर डिमांड के पीछे कारण

एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स में चीन ऑटो के लिए कॉर्पोरेट रेटिंग्स की निदेशक क्लेयर युआन कहती हैं, धीमी आर्थिक ग्रोथ प्रीमियम कारों की कमजोर मांग के पीछे एक मुख्य कारण है। यह सेगमेंट आमतौर पर मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू जैसे ब्रांडों को कवर करता है। एस एंड पी के अनुसार, चीन में प्रीमियम कार बिक्री का बाजार हिस्सा 2017 और 2023 के बीच दोगुने से अधिक होकर कुल बिक्री का लगभग 15त्न हो गया था। इसकी कीमत आमतौर पर 3,00,000 युआन (.42,400) से ऊपर होती है। हालांकि, अब यह ट्रेंड उलट रहा है। एस एंड पी के अनुसार, प्रीमियम कारों की बिक्री का हिस्सा 2024 में घटकर 14 प्रतिशत और 2025 के पहले नौ महीनों में 13त्न हो गया।




चीनी ऑटोमोबाइल निर्माता बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं। लग्जरी ऑटो बिक्री धीमी होने के बावजूद इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता बीवाईडी सहित चीनी निर्माता, तकनीकी इनोवेशन में कई पश्चिमी ब्रांडों की तुलना में अधिक आक्रामक हो गए हैं। वे अक्सर सस्ते दामों पर नए इलेक्ट्रिक वाहन और हाइब्रिड, जिनमें प्रीमियम वाहन भी शामिल हैं, लॉन्च कर रहे हैं।

### ज्यादा प्रतिस्पर्धी हैं चीनी उत्पाद

विश्लेषकों का कहना है कि चीनी कार निर्माताओं के उत्पाद प्रीमियम सेगमेंट में भी अधिक प्रतिस्पर्धी और किफायती हैं। यही कारण है कि ये विदेशी ब्रांड धीरे-धीरे अपनी पकड़ खो रहे हैं।

चाइना एसोसिएशन ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के अनुसार, इस साल के पहले 11 महीनों में यात्री कार बिक्री में चीनी ब्रांडों की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत तक पहुंच गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि जर्मन ब्रांडों की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत, जापानी ब्रांडों की लगभग 10 प्रतिशत और अमेरिकी ब्रांडों की लगभग 6 प्रतिशत रही। बीवाईडी ने हाल के वर्षों में फॉक्सवैगन को पीछे छोड़ते हुए चीन में सबसे बड़ी कार विक्रेता का खिताब हासिल कर लिया है।

चाइना पैसेंजर कार एसोसिएशन के अनुसार, बीवाईडी इस साल चीन में नए ऊर्जा वाहनों (जिनमें इलेक्ट्रिक वाहन और हाइब्रिड शामिल हैं) के लिए सबसे ज्यादा बिकने वाला कार ब्रांड है। बीवाईडी ने अपने इलेक्ट्रिक और प्लग-इन हाइब्रिड मॉडल की कीमतों में 34 प्रतिशत तक की कटौती की है। इससे गीलेई और लीपमोटर जैसे प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों पर दबाव पड़ा है।

### विदेशी कंपनियों की घट रही है बिक्री

मर्सिडीज-बेंज की ताजा कमाई रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन में उसकी बिक्री 27 प्रतिशत गिर गई। 2025 के पहले नौ महीनों में चीन में बीएमडब्ल्यू और उसकी सहायक ब्रांड मिनी की बिक्री में साल-दर-साल 11.2 प्रतिशत की गिरावट आई। पोर्श और एस्टन मार्टिन ने भी चीन में कमजोर मांग के कारण दबाव का जिक्र किया।

इतालवी लग्जरी कार निर्माता फेरारी ने जनवरी-सितंबर में मुख्य भूमि चीन, हांगकांग और ताइवान में कार शिपमेंट में साल-दर-साल 13 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। यह एकमात्र क्षेत्र था जहां बिक्री में गिरावट आई। मर्सिडीज-बेंज के सीईओ ओला कैलेनियस ने अक्टूबर के अंत में निवेशकों से कहा था, चीन में अत्यधिक प्रतिस्पर्धा जल्द ही खत्म होने वाली नहीं है। कार निर्माता ने कहा कि चीन में प्रीमियम और लग्जरी सेगमेंट में बाजार की स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

### पुरानी लग्जरी कारों की कीमतों में भी गरिावट

पुरानी लग्जरी कारों की कीमतें भी गिर रही हैं। लग्जरी वाहनों में दिलचस्पी में आई कमी डीलरों के लिए मुश्किल खड़ी कर रही है। बीजिंग में एक पोर्श सेंटर में सेकंड-हैंड कारों के प्रभारी सेल्सपर्सन ली यी ने बताया कि लगभग 20,000 किलोमीटर चली 2024 मॉडल की पनामेरा 2.9टी की कीमत 950,000 युआन (.134,300 या 1.2 करोड़ रुपये) थी। पिछले मालिक ने इसे लगभग 14 लाख युआन (.198,454) में खरीदा था। ली ने कहा, यह मुख्य रूप से सुस्त आर्थिक स्थिति के कारण है। उन्होंने आगे कहा, यह सिर्फ पोर्श नहीं है। बेंज, बीएमडब्ल्यू, बेंटले और रोल्स-रॉयस सभी एक ही स्थिति का सामना कर रही हैं। पोर्श और बेंटले फॉक्सवैगन समूह का हिस्सा हैं।

बीजिंग के एक यूज्ड-कार बाजार में चार अन्य कार डीलरशिप प्रतिनिधियों ने पिछले एक साल में प्रीमियम कारों की कीमतों में काफी गिरावट के साथ इसी तरह की निराशाजनक स्थिति का जिक्र किया।

सीएएएम ने बताया कि नवंबर में चीन का मासिक ऑटो उत्पादन पहली बार 35 लाख यूनिट के रिकॉर्ड को पार कर गया। लेकिन, कुछ क्षेत्रों में ट्रेड-इन सब्सिडी रोके जाने और मांग में कमी के कारण घरेलू ऑटो बिक्री में साल-दर-साल 4 प्रतिशत की गिरावट आई। एक यूज्ड कार सेल्सपर्सन ने मजाक में कहा, आजकल किसके पास पैसे हैं लोगों की जेबें उनके चेहरों से ज्यादा साफ हैं। सेल्सपर्सन ने बताया कि कीमतें दो साल से गिर रही हैं और वह बड़ी छूट दे रही हैं। उन्होंने कहा, अब वे खर्च करने से पहले अच्छी तरह सोचते हैं।

### भारत की स्थिति चीन से उलट

चीन के उलट भारत का लग्जरी कार बाजार इस समय तेजी के मजबूत दौर से गुजर रहा है। जहां चीन में ग्राहक स्थानीय और सस्ती ईवी का रुख कर रहे हैं और सार्वजनिक रूप से संपत्ति दिखाने से बच रहे हैं। वहीं, भारत में लग्जरी कारों की बिक्री में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। भारतीय उपभोक्ता, खासकर पेशेवर, उद्यमी और एनआरआई लग्जरी प्रॉपर्टी और कारों को न सिर्फ लाइफस्टाइल बल्कि दीर्घकालिक निवेश के रूप में भी देख रहे हैं। भारत में भले ही आयातित कारों पर भारी टैक्स लगता है, जिससे वे महंगी होती हैं। लेकिन, इसके बावजूद बढ़ते एस्पिरेशन और क्रय शक्ति के कारण महंगी गाड़ियों की मांग मजबूत बनी हुई है। भारत में ईवी को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी योजनाएं हैं। लेकिन, चीन की तरह यह अभी तक यूरोपीय लग्जरी कार निर्माताओं के लिए बड़ा झटका साबित नहीं हुई है। वास्तव में भारत में प्रीमियम हाउसिंग मार्केट और लग्जरी सेगमेंट समग्र रूप से मजबूत हो रहे हैं।

# कोढ़ा थाना में एसपी का जनसंवाद, जनता की सुनीं समस्याएं

## पुलिस-पब्लिक समन्वय पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोढ़ा /कटिहार।** पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल बिठाने और अपराध नियंत्रण में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को कोढ़ा थाना परिसर में एक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कटिहार के प्रभारी पुलिस अधीक्षक गौरव मंगला ने किया। उन्होंने कहा कि गृह विभाग की मंशा है कि पुलिस जनता की मित्र बनकर काम करे।

जन संवाद का यह मंच इसलिए सजाया गया है ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँच सके और अपराधियों में पुलिस का खौफ हो,जमीन मामले को लेकर बताया गया की 80 फीसदी जमीनी विवाद का ही आता है। अगर जमीन विवाद कोई मामला ग्रामीणों में हो तो प्रत्येक शनिवार अंचल कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा जिनमें जमीन संबंधित समस्या का निदान किया जाएगा। एसपी ने लोगों से अपील की कि वे अपने आस-पास होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने आश्वासन दिया कि सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने थाना स्तर पर लंबित मामलों और पुलिस की कार्यशैली से जुड़ी अपनी शिकायतें साझा कीं, जिस पर एसपी ने संबंधित अधिकारियों को मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। संवाद को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहाः पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए है। जनसंवाद का उद्देश्य ही यही है कि आम आदमी बिना किसी डर के थाने आए और अपनी बात रखे। जब जनता और पुलिस मिलकर काम करेंगे, तभी एक अपराध मुक्त समाज की स्थापना संभव है। नशे के कारोबार और सेवन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए एसपी ने ग्रामीणों से इस सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने में पुलिस का सहयोग माँगा। इस अवसर पर कोढ़ा डीएसपी रंजन कुमार सिंह थाना अध्यक्ष सहित अंचल के कई पुलिस अधिकारी सहित भाडी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने पुलिस के इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ता है।

# अल-करीम विश्वविद्यालय में सेंट्रल मेस का उद्घाटन

## एक साथ 1400 लोग कर सकेंगे भोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** छात्रों और कर्मचारियों को उच्च स्तरीय और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अल-करीम विश्वविद्यालय कटिहार में बुधवार को नवनिर्मित 'सेंट्रल मेस' का शुभारंभ हुआ। अत्याधुनिक मेस का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अहमद अश्फाक करीम ने किया।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित यह मेस आधुनिक सुविधाओं से लैस है। यह मेस तीन मंजिला है, जहाँ एक साथ 1400 व्यक्ति बैठकर भोजन कर सकते हैं। मेस के किचन में साफ-सफाई और स्वास्थ्यप्रद वातावरण का विशेष ध्यान रखा गया है। साथ ही तीनों तलों पर बड़े एलईडी स्क्रीन लगाए गए हैं, जिन पर मेस से संबंधित जानकारी और तीनों समय का 'मेन्यू' प्रदर्शित होता रहेगा।जबकि भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अनुभवी कैटरर्स की सेवा ली गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस मेस के शुरू होने से कैंपस में रहने वाले लोगों को घर जैसा शुद्ध और पौष्टिक आहार मिल सकेगा। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, सीएफएओ और परीक्षा नियंत्रक सहित सभी संकायों के डीन, विभिन्न कॉलेजों के प्राध्यापक और शिक्षकगण उपस्थित रहे। साथ ही, विश्वविद्यालय की गवर्निंग बॉडी के सदस्य डॉ. सैयद मोहम्मद करीम एवं मो. इरशादुल्लाह भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस मेस के शुरू होने से कैंपस में रहने वाले लोगों को घर जैसा शुद्ध और पौष्टिक आहार मिल सकेगा।

# किसानों की आमदनी में इजाफा अमरूद के साथ शिमला मिर्च व गोभी की खेती

## एक ही भूमि पर फल और सब्जी की खेती शुरू की किसान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। कोढ़ा प्रखंड के राजवाड़ा पंचायत में किसान अब पारंपरिक खेती से हटकर आधुनिक और लाभकारी खेती की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। यहां के किसान एक ही भूमि पर फल और सब्जियों की मिश्रित खेती कर न केवल उत्पादन बढ़ा रहे हैं, बल्कि अपनी आमदनी में भी उल्लेखनीय वृद्धि कर रहे हैं।

राजवाड़ा पंचायत के किसान अब मौसमी सब्जियों की खेती को अपनाकर अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। शिमला मिर्च, गोभी सहित अन्य सब्जियों की खेती के साथ-साथ अमरूद की बागवानी यहां तेजी से विकसित हो रही है। यहां उत्पादित सब्जियां और अमरूद कटिहार, पूर्णिया जिले के अलावा राज्य के कई अन्य जिलों के बाजारों तक पहुंच रही हैं। पंचायत के किसान मोहन कुमार सिंह पिताझरामप्रीत सिंह ने परंपरागत धान और गेहूं की खेती छोड़कर एक ही भूमि पर अमरूद के साथ शिमला मिर्च और गोभी की खेती शुरू की है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष उन्होंने थोड़े से रकबे में शिमला मिर्च की खेती कर प्रयोग किया था, जिसमें उन्हें उत्साहजनक परिणाम मिले। किसान मोहन कुमार सिंह ने बताया कि राजवाड़ा क्षेत्र की जलवायु शिमला मिर्च जैसी नकदी फसलों के लिए काफी अनुकूल है। साथ ही बाजार में इसकी मांग भी लगातार बनी रहती है। इसी अनुभव के आधार पर इस वर्ष उन्होंने एक एकड़ के रकबे में वैज्ञानिक पद्धति से शिमला मिर्च की खेती की है। उन्होंने बताया कि यदि बाजार में सब्जियों का उचित भाव मिलता है, तो लागत खर्च निकालने के बाद दो से ढाई गुना तक मुनाफा होने की पूरी संभावना है। मिश्रित खेती से जहां एक ओर भूमि का बेहतर उपयोग हो रहा है, वहीं दूसरी ओर किसानों को एक से अधिक फसलों से आय प्राप्त हो रही है, जिससे खेती का जोखिम भी कम हो गया है।बता दें कि राजवाड़ा पंचायत अब सब्जी खेती के हब के रूप में उभर चुकी है। यहां के किसान कई उन्नत किस्म के अमरूद की भी खेती कर रहे हैं, जिनमें ताइवान अमरूद खास पहचान बना चुका है। बागवानी और सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में पंचायत के किसान लगातार नए प्रयोग कर रहे हैं, जो आसपास के किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रहा है।किसानों का कहना है कि यदि सरकार और कृषि विभाग की ओर से तकनीकी सहयोग, बाजार सुविधा और उचित मूल्य की व्यवस्था हो, तो यह क्षेत्र सब्जी और फल उत्पादन के क्षेत्र में और भी आगे बढ़ सकता है।

# विधायक ने किया विद्यालय का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**फलका /कटिहार।** कोढ़ा विधायक कविता पासवान ने दरमाही उच्च विद्यालय, राजकीय बुनियादी विद्यालय बरेटा का निरीक्षण किया। दोनों विद्यालय के प्रभारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाया गया। ग्रामीणों ने स्कूल में पढ़ाई नहीं होने एवं अनियमितता की शिकायत की। विधायक ने उपस्थित टीचर को फटकार लगाई और सुधार के निर्देश दिए। साथ ही कोढ़ा विधायक कविता पासवान ने उच्च विद्यालय दरमाही का निरीक्षण किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने स्कूल में व्याप्त अनियमितता से विधायक को अवगत कराया। ग्रामीण ने अनियमितता की जानकारी दी। विधायक ने उपस्थित टीचर का जमकर क्लास लगाई। उन्होंने विद्यालय के प्रभारी बिना सूचना के अनुपस्थिति को लेकर विभागीय पदाधिकारी से बात की। वही शिवनारायण सर्वोदय उच्च विद्यालय का भी निरीक्षण किया। मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनूज कुमार मंडल कोढ़ा महामंत्री रमनझा वार्ड सदस्य सह भाजपा सदस्य अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

# केबी झा कॉलेज की समस्याओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा 11 सूत्री ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार नगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई की ओर से केबी झा कॉलेज की विभिन्न मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु प्राचार्य को एक 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान कार्यकताओं ने कॉलेज प्रशासन से छात्र हितों में जल्द से जल्द सुधार करने की अपील की।

जिला संयोजक रोहन प्रसाद ने कॉलेज की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि महाविद्यालय परिसर कई बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। उन्होने बताया कि कॉलेज भवन की वर्षों से रंग-पुताई नहीं हुई है। साथ ही कमरा संख्या दो और तीन की स्थिति काफी जर्जर है। जिसकी तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है। कॉलेज के पास अपना जनरेटर होने के बावजूद परीक्षाओं के दौरान बाहर से जनरेटर मंगवाया जाता है। परिषद ने कॉलेज के जनरेटर को तुरंत ठीक कराने और पूरे कैंपस में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। वही गर्ल्स कॉमन रूम में छात्राओं के बैठने के लिए बेंच-कुर्सी की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और बैठने के लिए सीमेंटेड सीटों का निर्माण करने का भी आग्रह किया गया है।मांग पत्र के द्वारा पुस्तकालय में सीबीसीएस पाठ्यक्रम की पुस्तकें उपलब्ध कराने और सभी प्रायोगिक विषयों के लिए सुसज्जित प्रयोगशाला की व्यवस्था करने की मांग की गई है। सेमेस्टर-3 की परीक्षाओं को देखते हुए व्यवस्थित साइकिल स्टैंड की मांग की गई है। साथ ही परिसर में अनुशासन बनाए रखने के लिए छात्रों हेतु आई-कार्ड अनिवार्य करने पर जोर दिया गया है। मौके पर विनय सिंह, विक्रांत सिंह सहित अन्य अभाविप के सदस्य मौजूद रहे।

# बंगाली अखाड़ा, बारी पथ में आरोग्य वेलनेस सेन्टर का भव्य उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** आज दिन के 10.00 बजे बंगाली अखाड़ा, बारी पथ में आरोग्य वेलनेस सेन्टर का भव्य उद्घाटन हुआ । सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके बाद विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ. सुनील कुमार दूबे ने फीता काटकर सेन्टर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डॉ. दूबे ने अपने संबोधन में कहा कि इस सेन्टर के निदेशक डॉ. साजन दूबे हैं। जिन्होंने मुम्बई से एम. बी. बी. एस. की पढ़ाई की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सेक्सुअल मेडिसिन में सिंगापुर से फेलोशिप भी प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि इस सेन्टर पर मरीजों का ऐलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक दोनों पद्धति से इलाज होगा। मरीजों को यहाँ सभी प्रकार की विश्वस्तरीय सुविधायें मिलेंगी। विदित रहे कि डॉ. साजन दूबे प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य डॉ. सुनील दूबे के सुपुत्र हैं। इस अवसर पर सेन्टर के निदेशक डॉ. साजन दूबे ने कहा कि आरोग्य वेलनेस सेन्टर की स्थापना ऐलोपैथिक एवं आयुर्वेदिक दोनों क्षेत्रों में मील का पत्थर साबित होगी । उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य पीड़ित मानवता की सेवा है। इसी सेवा भाव से इस सेन्टर की स्थापना की गयी है।

इस अवसर पर डॉ. सुनील दूबे के अतिरिक्त उनकी पत्नी समाजसेविका श्रीमती उषा दूबे, संजय तिवारी, रविरंजन पाण्डेय, रौशन कुमार, धर्मवीर सिंह समेत सैंकड़ो गणमान्य व्यक्ति एवं चिकित्सक मौजूद थे ।

# रेलवे महिला कल्याण संगठन की ओर से स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कटिहार।** कटिहार रेलमंडल के महिला कल्याण संगठन की ओर से संचालित सिल्वर बेल्स प्राइमरी स्कूल साहेबपाड़ा में सभी छात्र-छात्राओं के लिए बुधवार को स्कूल परिसर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।

इस संबंध में कटिहार रेल महिला संगठन की अध्यक्ष निवेदिता नरह ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच कर उन्हें स्वस्थ एवं सशक्त भविष्य के लिए तैयार करना है। रेलवे महिला कल्याण संगठन बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि खेल-कूद, कला, नृत्य के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास को भी समान महत्व देता है। उन्होंने बताया कि बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय रेल महिला संगठन द्वारा स्वास्थ्य जांच, प्रोत्साहन कार्यक्रम एवं कल्याणकारी योजनाएं चलाई जाती हैं। सिल्वर बेल्स प्राइमरी स्कूल में इस वर्ष विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को जाड़े की यूनिफॉर्म निःशुल्क वितरित की गई, जिससे बच्चों को ठंड के मौसम में किसी प्रकार की असुविधा न हो। वही स्वास्थ्य जांच शिविर में मेडिकल टीम के रूप में रेल अस्पताल के सीएमएस डॉ. डी. दामोदर, एसीएमएस डॉ. पवन कुमार, डीएमओ डॉ. निबेदिता मिश्रा एवं डीएमओ डॉ. सौरभ ने लगभग 170 बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रेल महिला संगठन की अध्यक्ष निवेदिता नरह, उपाध्यक्ष पूजा सिंह एवं सचिव कुमकुम वर्मा। प्राचार्या रीता चौधरी की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में बच्चों एवं अभिभावकों ने रेलवे महिला कल्याण संगठन के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

# एक शराब विक्रेता एवं दो शराबियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**फलका/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में एक शराब विक्रेता दो शराबी को पुलिस ने लगातार छापामारी करते हुए तीनों को न्यायालय भेज दिया गया थाना अध्यक्ष रवि कुमार राय ने बताया कि एक व्यक्ति 15 लीटर देशी शराब के साथ एवं दो शराबी नशे में हंगामा करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर मधनिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

# निगम की सख्ती के बावजूद सड़क पर पड़ा है सीएनडी बेस्ड मैटेरियल

## निगम ने अबतक 8 व्यक्ति को कर दिया है नोटिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** नगर नगर निगम के सख्त रूप अपनाने के बावजूद निगम क्षेत्र के कई सड़कों पर सीएनडी बेस्ड मटेरियल देखने को मिल रहा है। हालांकि शहर की सड़कों पर अवैध रूप से निर्माण और विध्वंस का मलबा फेंकने वालों के खिलाफ नगर निगम ने अब अपना रुख कड़ा कर लिया है।

नगर आयुक्त संतोष कुमार के निर्देश पर निगम की टीम लगातार अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत अब तक 8 लोगों को नोटिस जारी कर उनसे जबाव मांगा गया है। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने बताया कि शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थानों पर सीएनडी बेस्ड मैटेरियल रखना प्रतिबंधित है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में संबंधित व्यक्तियों को नोटिस देकर जवाब मांगा जा रहा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने या मलबा नहीं हटाने की स्थिति में भारी जुमार्ना वसूला जाएगा।इसके बावजूद सुधार न होने पर निगम द्वारा जब्ती की भी कार्रवाई की जाएगी। शहर के कई मुख्य मार्गों और गलियों में सीएनडी बेस्ड मटेरियल ईट, पत्थर, कंक्रीट के कारण सड़कों की चौड़ाई कम हो गई है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर निगम प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे निर्माण सामग्री को अपनी निजी भूमि पर रखें और मलबे का निस्तारण निर्धारित मानकों के अनुरूप करें।

# लक्ष्मी केवल नारायण की ही शाश्वत हैं : प्रेमाचार्य पीताम्बर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हसनगंज /कटिहार।** प्रखंड के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भागवत भक्तों की भारी भीड़ जुटी। अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता प्रेमाचार्य पीताम्बर जी महाराज ने गोपीजनों के साथ भगवान की श्रेष्ठतम महारास लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रास तो जीव का परब्रह्म ईश्वर के साथ मिलन की कथा है।

आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति का फल प्राप्त होता है तो उसे रास कहा जाता है। कथा प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी भक्तों को खूब आनंदित किया। महाराजश्री ने कहा कि जो भक्त ईश्वर प्रेम में आनंदित होते हैं और श्रीकृष्ण तथा रूक्मिणी के विवाह में शामिल होते हैं, उनकी समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। पीताम्बर महाराज ने कहा जब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है। लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है, उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ। लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वतः ही प्राप्त हो जाती है। श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया।साथ ही प्रेमाचार्य पीतांबर महाराज ने कथा के सफल संचालन सभी कार्यकर्ताओं का योगदान सहरानीय है। जो इस तरह के आयोजन को करते है।

# रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से राहत सामग्री वितरित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** शहर में तीनगछिया के ताजगंज फसिया वार्ड संख्या 45 मे आगलगी की घटना हुई। समाजसेवी पवन पोद्दार की ओर से खबर मिलते ही रेडक्रॉस सोसाइटी की टीम चेयरमैन डॉक्टर रंजना झा के नेतृत्व मे राहत वितरण के लिए पहुंची।

उन्होंने कहा कि आस पास के लोगों एवं दमकलकर्मी के प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग बुझाया जा सका। लेकिन तब तक 3 परिवारों का घर पुरी तरह राख हो चुका था। घर का सारा सामान यहाँ तक कि नगद राशि भी जल गया। सचिव संतोष गुप्ता ने जानकारी दी गई कि रामदेव मंडल, बैजनाथ मंडल एवं मिथुन मंडल का घर पुरी तरह जल चुका है। वे आज विस्थापित का जीवन जीने को मजबूर है एवं रोजी रोटी की समस्या हो गई है। प्रबंध समिति सदस्य अनिल चमरिया ने कहा कि आगलगी से बचने के लिए सजग रहने कि जरूरत है। मौके पर उपस्थित सह सचिव विवेन सरकार एवं प्रबंध समिति सदस्य अमित जयससवाल उर्फ विक्की एवं नरेश साह ने कहा कि पुआल या कोई भी कचड़े का समान जो ज्वलंशील हो उसे घर से कम से कम 100 फीट की दूरी पर रखें । लालटेन व चिराग को सुरक्षित स्थानों पर रखें एवं उपयोग न होने पर ठीक से बुझायें। संतोष गुप्ता ने कहा कि राहत सामग्री मे 36 बर्तन का सेट, मशहरी, तिरपाल, साबुन, ब्रश, पेस्ट, तेल आदि शामिल है। इस मौके पर बड़ी संख्या मे मोहल्लेवासी भी मौजूद रहे। समाजसेवी पवन पोद्दार ने संस्था को साधुवाद दिया।

## 45 साल में पहली बार हुआ ऐसा, चांदी ने कच्चे तेल को पीछे छोड़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी की कीमत में हाल में काफी तेजी आई है। हाल में इसकी कीमत पहली बार 2 लाख रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गई जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह 65 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंच गई। दूसरी तरफ डब्ल्यूटीआई क्रूड 55.93 डॉलर प्रति बैरल और ब्रेंट क्रूड 59.71 डॉलर प्रति बैरल पर है। 1980 के बाद यह पहला मौका है जब चांदी की कीमत कच्चे तेल से ऊपर गई है। 2022 के मध्य में डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत चांदी से करीब 5.5 गुना ज्यादा थी। उसके बाद से चांदी की कीमत में 206 फीसदी तेजी आई है जबकि कच्चे तेल की कीमत में 44 फीसदी गिरावट आई है। डब्ल्यूटीआई क्रूड के लिए यह साल महामारी के बाद सबसे खराब साल होने जा रहा है जबकि चांदी के लिए यह 1979 के बाद सबसे बेहतर साल है। इस साल चांदी की कीमत में 115 फीसदी तेजी आई है। इसकी वैल्यूएशन भी माइक्रोसॉफ्ट से ऊपर पहुंच चुकी है और यह दुनिया की पांचवीं सबसे वैल्यूएबल एसेट है। एमसीएक्स पर आज चांदी की कीमत में मामूली गिरावट दिख रही है। 5 मार्च को डिलीवरी वाली चांदी शाम 6.00 बजे 423 रुपये यानी 0.21 की गिरावट के साथ 1,97,478 रुपये प्रति किलो पर ट्रेड कर रही थी। पिछले सत्र में यह 1,97,901 रुपये पर बंद हुई थी और आज 1,95,056 रुपये पर खुली। आज यह कारोबार के दौरान 1,94,260 रुपये तक नीचे और 1,97,708 रुपये तक हाई गई। जानकारों का कहना है कि इंडस्ट्रियल मांग के कारण चांदी की कीमत में तेजी आ रही है।

## इंडियन ओवरसीज बैंक में सरकार बेच रही 3 प्रतिशत हिस्सेदारी

### अब 36 वाले शेयर पर रहेगी नजर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार के निवेशकों की नजर बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) पर होगी। दरअसल, केंद्र सरकार ने बैंक में तीन प्रतिशत तक हिस्सेदारी का विनिवेश बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिये करने का फैसला किया है। बुधवार से शुरू होने वाली इस हिस्सेदारी बिक्री से सरकार को मौजूदा बाजार भाव पर करीब 2,100 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। बता दें कि मंगलवार को बीएसई पर आईओबी का शेयर 1.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 36.57 रुपये पर बंद हुआ। आईओबी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि सरकार मूल पेशकश के तहत दो प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 38.51 करोड़ शेयर बेचेगी। इसके अलावा ग्रीन शू विकल्प यानी अतिरिक्त बोली आने पर उसे रखने के तहत अतिरिक्त एक प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 19.25 करोड़ शेयर भी बेचने का विकल्प रखा गया है। कुल मिलाकर यह बैंक की चुकता इक्विटी पूंजी का तीन प्रतिशत है। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अरुणिश चावला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा- आईओबी का ऑफर फॉर सेल बुधवार को गैर-खुदरा निवेशकों के लिए खुलेगा जबकि खुदरा निवेशक बृहस्पतिवार को बोली लगा सकेंगे। बैंक ने यह भी बताया कि ओएफएस के तहत 1.5 लाख शेयर (करीब 0.001 प्रतिशत हिस्सेदारी) पात्र कर्मचारियों के लिए आरक्षित किए जा सकते हैं।

# रुपये की गिरावट... कहां फायदा, किसे है नुकसान कन्फ्यूजन दूर कर देगी रिपोर्ट

### रिपोर्ट कहती है कि कुछ क्षेत्रों को लाभ होता है, आयात महंगा होने से फायदा कम हो जाता है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रुपये के कमजोर होने से एक बात पर बहस फिर से छिड़ गई है। वह यह कि क्या कमजोर मुद्रा वास्तव में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ाती है। सिस्टमैटिक्स रिसर्च की नई रिपोर्ट के अनुसार, करेंसी का कमजोर होना अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग परिणाम देता है। कई बार यह व्यापार संतुलन को बेहतर बनाने के बजाय बिगाड़ देता है। रिपोर्ट बताती है कि इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, मशीनरी और पेट्रोलियम उत्पाद जैसे क्षेत्रों को कमजोर रुपये से निर्यात में कुछ फायदा होता तो है, लेकिन आयात पर उनकी भारी निर्भरता के कारण यह लाभ काफी कम हो जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि करेंसी के कमजोर होने से इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, मशीनरी और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात को फायदा होता है। लेकिन, आयात पर ज्यादा निर्भरता के कारण आयात की लागत बढ़ जाती है। इससे होने वाले फायदे खत्म हो जाते हैं और व्यापार घाटा बढ़ जाता है। मैन्युफैक्चरिंग में कच्चे माल के आयात की लागत लगभग एक तिहाई है। इनपुट लागत बढ़ने से निर्यात प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है और कुल आयात बिल बढ़ जाता है।

इसके उलट रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य और कृषि-आधारित निर्यात ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जिसे रुपये के कमजोर होने से लगातार फायदा होता है। आयात पर कम निर्भरता के कारण यह क्षेत्र न केवल अधिक निर्यात करता है, बल्कि व्यापार संतुलन में भी सुधार दिखाता है। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि खाद्य और कृषि-आधारित निर्यात ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र है जहां मुद्रा का कमजोर होना निर्यात में बढ़ोतरी और व्यापार संतुलन में सुधार दोनों से जुड़ा हुआ है। कारण है कि इसमें आयात की लागत कम होती है। इस संरचनात्मक लाभ के कारण मुद्रा की कमजोरी सीधे तौर पर क्षेत्र के लिए बाहरी लाभ में बदल जाती है।

### टेक्सटाइल, लेदर सेक्टर पर कैसे पड़ता है असर

यह निष्कर्ष श्रम-गहन क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जिन्हें अक्सर कमजोर मुद्रा से सबसे ज्यादा फायदा होने की उम्मीद की जाती है। आम धारणा के उलट रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि रुपये के कमजोर होने का कपड़ा और चमड़ा जैसे क्षेत्रों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि कपड़ा और चमड़ा जैसे श्रम-गहन क्षेत्रों के लिए करेंसी का कमजोर होना नकारात्मक प्रभाव डालता है। आयातित मध्यवर्ती वस्तुओं की बढ़ती लागत, वैश्विक मांग में कमजोरी के साथ मिलकर, इन क्षेत्रों में मूल्य निर्धारण शक्ति और लाभप्रदता को कमजोर करती है। व्यापक रूप से रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि निर्यात पर रुपये के कमजोर होने के किसी भी सकारात्मक प्रभाव को वैश्विक परिस्थितियों के बिगड़ने से बेअसर किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि धीमी ग्लोबल ग्रोथ, बढ़ता संरक्षणवाद और आयातित इनपुट की बढ़ती लागत, ये सब मिलकर मुद्रा-आधारित प्रतिस्पर्धात्मकता लाभों पर हावी हो जाते हैं। अध्ययन में बताया गया है कि रुपये के कमजोर होने का निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव धीमी वैश्विक वृद्धि से बेअसर हो सकता है, जो बढ़ते संरक्षणवाद और आयातित इनपुट की लागत में बढ़ोतरी के कारण होता है।

## 6 दिन में 32,000 करोड़ का फायदा!

### चांदी में तेजी से उछल रहा है अनिल अग्रवाल का शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज उद्योगपति अनिल अग्रवाल की कंपनी हिन्दुस्तान जिंक के शेयर रॉकेट की तरह ऊपर जा रहे हैं। इसकी वजह है चांदी की कीमत ों में हाल में आई जबरदस्त तेजी। चांदी की कीमत पिछले हफ्ते स्ष्ट्ङ्ग पर 2 लाख रुपये प्रति किलो के पार निकल गई जबकि ग्लोबल मार्केट में भी यह करीब ‍65 प्रति औंस तक पहुंच गई। इस तेजी का सीधा फायदा हिंदुस्तान जिंक को मिल रहा है। पिछले छह ट्रेडिंग सेशन में ही कंपनी के शेयर 15 प्रतिशत चढ़े हैं जिससे उसकी मार्केट वैल्यू 32,000 करोड़ रुपये बढ़ गई है। आज कंपनी का शेयर बीएसई पर 567.75 रुपये पर फ्लैट बंद हुआ। जिंक, दोनों की बढ़ती कीमतों का खूब फायदा उठा रही है। जिंक के उत्पादन में इसकी लागत दुनिया में सबसे कम है, जो इसे अच्छी कमाई करने में मदद करती है। 2025 में अब तक चांदी के दाम लगभग दोगुने हो चुके हैं, और इसी के चलते हिंदुस्तान जिंक के शेयर साल की शुरुआत से अब तक 28 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ चुके हैं। यह कंपनी दुनिया में चांदी के पांच सबसे बड़े उत्पादकों में शामिल है। अब सवाल यह है कि क्या यह तेजी 2026 तक जारी रहेगी चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग में टेक्निकल रिसर्च एनालिस्ट आकाश शाह का कहना है कि इस शेयर ने 525-530 रुपये के पिछले रेजिस्टेंस (रुकावट) लेवल को भारी वॉल्यूम के साथ पार कर लिया है। यह दिखाता है कि खरीदार बहुत ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं। टेक्निकल तौर पर देखें तो शेयर अपने जरूरी मूविंग एवरेज से काफी ऊपर चल रहा है। श्वस्न्ह्य के ऊपर ट्रेड करना एक मजबूत अपट्रेंड और मीडियम-टर्म चार्ट्स पर ट्रेंड रिवर्सल का संकेत दे रहा है। शाह आगे बताते हैं, पहले जो रेजिस्टेंस 540-545 रुपये के आसपास था, अब किसी भी गिरावट पर वह सपोर्ट का काम करेगा। ऊपर की तरफ, 600 रुपये एक बड़ा साइकोलॉजिकल और टेक्निकल रेजिस्टेंस है, जहा कुछ लोग मुनाफावसूली कर सकते हैं। अगर शेयर 600 रुपये से ऊपर बना रहता है, तो यह 620 रुपये या उससे ऊपर जा सकता है।

## गांव का छोरा अब 9,448 करोड़ का मालिक, वो एक आइडिया जिसने बदल दी किस्मत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ललित केशरे इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म ग्रो के सह-संस्थापक और सीईओ हैं। उनकी कहानी दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस का शानदार उदाहरण है। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में एक छोटे से गांव लेपा में किसान परिवार में जन्मे ललित ने सीमित संसाधनों और गंभीर वित्तीय चुनौतियों का सामना किया। अपनी मेहनत के दम पर उन्होंने देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक आईआईटी-जेईई को क्रैक किया। फिर आईआईटी बॉम्बे से अपनी शिक्षा पूरी की। फ्लिपकार्ट में शुरुआती करियर के बाद उन्होंने 2016 में ग्रो की स्थापना की। इसने करोड़ों नए निवेशकों के लिए निवेश को सरल बना दिया। आज, उनकी कंपनी में 9.06 प्रतिशत हिस्सेदारी का मूल्य 9,448 करोड़ रुपये से ज्यादा है। इसने उन्हें आधिकारिक तौर पर भारतीय अरबपतियों की सूची में शामिल कर दिया है। आइए, यहां ललित केशरे की सफलता के सफर के बारे जानते हैं। 2016 में जब ललित केशरे फ्लिपकार्ट में नौकरी कर रहे थे, तब उन्होंने हर्ष जैन को अपना यह आइडिया बताया। हर्ष को केशरे का आइडिया बहुत पसंद आया।

### गांव के स्कूल से आईआईटी तक का सफर

ललित केशरे का बचपन मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के लेपा गांव में एक किसान परिवार में बीता। उन्होंने अपने शुरुआती वर्ष दादा-दादी के साथ बिताए, जहां उनके परिवार में वित्तीय सुख-सुविधाओं की कमी थी। हालांकि, बड़े सपने देखने के लिए हमेशा प्रोत्साहन मिला। गांव में सीमित शैक्षिक सुविधाओं के बावजूद ललित ने जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ाई की, जो उनके लिए गेम चेंजर साबित हुआ। कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने प्रतिष्ठित ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (जेईई) पास करके आईआईटी बॉम्बे में दाखिला लिया।

### ऐसे आया आइडिया

आईआईटी से पढ़ाई पूरी करने के बाद ललित केशरे ने अपनी पेशेवर यात्रा की शुरुआत फ्लिपकार्ट से की। वहां वह शुरुआती प्रोडक्ट मैनेजर्स में से एक थे। उन्होंने फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि, जल्द ही उन्होंने अपना कुछ बनाने का नर्णिय लयिा। ललित केशरे ने शेयर बाजार में निवेश करने का फैसला किया और शेयर खरीदे। शेयर खरीदने की कागजी औपचारिकताएं और लंबी प्रक्रिया देखकर वह हैरान रह गए। उन्होंने सोचा कि अगर एक इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले व्यक्ति को शेयर खरीदने में इतनी परेशानी हो सकती है तो आम आदमी के लिए यह कितना मुश्किल होगा। यहीं से उनके दिमाग में निवेश को आसान बनाने का आइडिया आया, जो आगे चलकर 'ग्रो' के रूप में साकार हुआ।

# चीन ने भारत को बड़े नुकसान से बचा लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का चीन के साथ 100 अरब डॉलर का बड़ा व्यापार घाटा है। लेकिन, अब पेट्रोलियम उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक सामान भारत के निर्यात को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-नवंबर 2024 में चीन को भारत का निर्यात 9.20 अरब डॉलर था। वहीं, अप्रैल-नवंबर 2025 में यह बढ़कर 12.22 अरब डॉलर हो गया। यह पिछले साल की तुलना में 32.83 फीसदी की जबरदस्त बढ़ोतरी है।

चीन को निर्यात में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर भारी भरकम टैरिफ लगाए हैं। अमेरिका में भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू हैं। चीन को निर्यात में यह बढ़ोतरी का आंकड़ा दिखाता है कि भारत ने अपने एक्सपोर्ट में डायवर्सिफिकेशन किया है। इससे भारत को अमेरिकी बाजार में हुए नुकसान की भरपाई करने में मदद मिली है। चीन जैसे देशों में यह निर्यात न बढ़ता तो भारत को नुकसान हो सकता था। इस तरह भारत को अपने एक्सपोर्ट में डायवर्सीफिकेशन का फायदा मलिा है।

चीन को निर्यात में पेट्रोलियम उत्पादों का सबसे बड़ा योगदान रहा। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक सामान, समुद्री उत्पाद और तेल खली का नंबर आता है। एक अधिकारी ने बताया कि यह तेज बढ़ोतरी चीन के साथ व्यापार में मजबूती को दिखाता है। यह प्रमुख सामानों की बढ़ती मांग और निर्यात के अच्छे प्रदर्शन के कारण हुआ है।

भारत और चीन के बीच व्यापार में यह बदलाव महत्वपूर्ण है। खासकर तब जब भारत का चीन के साथ व्यापार घाटा (ट्रेड डेफिसिट) काफी ज्यादा है। पेट्रोलियम उत्पादों और इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निर्यात में इजाफा इस घाटे को कुछ हद तक कम



करने में सहायक हो सकता है। यह दिखाता है कि भारतीय कंपनियां चीन के बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर रही हैं। चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा हमेशा चिंता का वषिय रहा है। इसे घटाने को लेकर हाल में काफी प्रयास कए़ि गए हैं।

व्यापार घाटा एक आर्थिक स्थिति है जो किसी देश के आयात और निर्यात के बीच के अंतर को दर्शाता है। जब कोई देश निर्यात से जितना कमाता है, उससे ज्यादा आयात पर खर्च करता है तो इस अंतर को व्यापार घाटा कहा जाता है।

## इंडिगो संकट का असर ईंधन की मांग पर

### दिसंबर में एटीएफ की बिक्री 4.1 प्रतिशत तक घटी





**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिसंबर में इंडिगो की बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने का असर विमान के ईंधन की मांग पर पड़ा है। दिसंबर के पहले पखवाड़े में विमानन टरबाइन ईंधन यानी एटीएफ की बिक्री में 4 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई।

भारत के विमानन क्षेत्र में कोविड महामारी के कारण आई मंदी से उबरने के बाद से पिछले दो वर्षों में जेट ईंधन (एटीएफ) की मांग लगातार बढ़ रही थी। लेकिन यह रुझान तब बदल गया जब दिसंबर में इंडिगो को बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को पायलटों के ड्यूटी टाइम के नए नियमों, कर्मचारियों की कमी और प्रमुख हवाई अड्डों पर घने कोहरे जैसी मौसम से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा। आंकड़ों के अनुसार, 1 से 15 दिसंबर के दौरान एटीएफ की बिक्री पिछले वर्ष की इसी अवधि के 3,45,400 टन से घटकर 3,31,400 टन रह गई। मासिक आधार पर बिक्री में 7.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

- 1 से 15 दिसंबर 2023 के दौरान 3.16 मिलियन टन डीजल की खपत की तुलना में, भारत में सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले ईंधन की मांग में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दिसंबर 2022 की पहली छमाही में 2.87 मिलियन टन की बिक्री की तुलना में यह 15.2 प्रतिशत अधिक थी। दिसंबर के पहले पखवाड़े में पेट्रोल की खपत 7.7 प्रतिशत बढ़कर 13 लाख टन हो गई।

## 85 साल की उम्र तक निवेश, 80 प्रतिशत तक निकासी... एनपीएस के नियमों में हुए 10 बड़े बदलाव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल पेंशन सिस्टम में निवेश करने वालों के लिए अच्छी खबर है। पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ने एनपीएस सब्सक्राइबर्स के लिए कई बड़े बदलाव किए हैं। ये बदलाव सरकारी, गैर-सरकारी और एनपीएस-लाइट स्वावलंबन के सभी सब्सक्राइबर्स पर लागू होंगे। इन बदलावों से एनपीएस को और भी लचीला और फायदेमंद बनाया गया है। यहां हम आपके ऐसे 10 नियमों के बारे में बता रहे हैं जिनमें बदलाव किया गया है।

सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब एनपीएस सब्सक्राइबर्स 75 साल की उम्र की बजाय 85 साल की उम्र तक भी अपने एनपीएस खाते में निवेश जारी रख सकते हैं। यह सुविधा सरकारी और गैर-सरकारी दोनों तरह के सब्सक्राइबर्स के लिए है। इसका मतलब है कि आप अपनी रिटायरमेंट प्लानिंग को और लंबा खींच सकते हैं और ज्यादा पैसा जमा कर सकते हैं।

पहले, जब आप रिटायर होते थे या कुछ खास परिस्थितियों में, तो आपको अपने कुल जमा पैसे का 40 प्रतिशत हिस्सा एन्युटी खरीदने में लगाना पड़ता था। खासकर अगर आपका जमा कॉर्पस 5 लाख रुपये से ज्यादा था तो ऐसा करना पड़ता था। लेकिन अब, गैर-सरकारी क्षेत्र के सब्सक्राइबर्स के लिए यह नियम बदल गया है। अब वे अपने कुल जमा पैसे का सिर्फ 20 प्रतिशत हिस्सा ही एन्युटी खरीदने में लगा सकते हैं। एन्युटी एक तरह की पेंशन योजना होती है जो रिटायरमेंट के बाद आपको नियमित आय देती है। एक और बड़ा बदलाव यह है कि अब सरकारी और गैर-सरकारी दोनों तरह के सब्सक्राइबर्स अपने एनपीएस खाते से 100 प्रतिशत रकम एक साथ निकाल सकते हैं, भले ही उनका जमा कॉर्पस 8 लाख रुपये या उससे कम हो।

## 10 साल पहले दुनिया के सबसे बड़े रईस थे बिल गेट्स, इस साल हुआ भारी नुकसान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स 2013 से 2017 तक लगातार पांच साल दुनिया के सबसे बड़े रईस की कुर्सी पर काबिज रहे। लेकिन उसके बाद वह लगातार दुनिया के टॉप 10 रईसों में बने हुए थे। लेकिन इस साल उनकी नेटवर्थ और रैंकिंग में भारी गिरावट आई है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक गेट्स की नेटवर्थ में इस साल 41.3 अरब डॉलर की गिरावट आई है और वह 117 अरब डॉलर के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 16वें नंबर पर हैं। गेट्स टॉप 30 में इस साल नेटवर्थ गंवाने वाले एकमात्र रईस हैं।

गेट्स से पहले 2009 से 2012 तक मेक्सिको के कार्लोस स्लिम दुनिया के सबसे बड़े रईस थे जबकि 2008 में यह खिताब अमेरिका के जाने-माने निवेशक वॉरेन बफे के पास था। गेट्स के बाद दुनिया के सबसे उसके बाद चार साल यह तमगा ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस के पास रहा। साल 2022 में एलन मस्क ने इस पर कब्जा किया लेकिन अगले साल यानी 2023 में यह फ्रांस के बर्नार्ड आरनॉल्ट की झोली में चला गया। लेकिन 2024 में मस्क ने फिर वापसी करते हुए अपनी बादशाहत कायम की और तबसे यह ताज उनके ही पास है।मस्क का जलवा

ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक मस्क 638 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे बड़े रईस हैं। वह 600 अरब डॉलर के मुकाम पर पहुंचने वाले दुनिया के पहले रईस हैं और माना जा रहा है कि अगले साल वह दुनिया के पहले ट्रिलिनेयर बन सकते हैं। इसकी वजह यह है कि उनकी कंपनी स्पेसएक्स अगले साल दुनिया का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। माना जा रहा है कि कंपनी का वैल्यूएशन 1.5 ट्रिलियन डॉलर हो सकता है। मस्क स्पेसएक्स के अलावा टेस्ला और एक्स समेत कई कंपनियां चलाते हैं।

बेजोस 246 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। बफे 152 अरब डॉलर के साथ दसवें, स्लिम 112 अरब डॉलर के साथ 17वें और ऑरनॉल्ट 202 अरब डॉलर के साथ सातवें नंबर पर हैं।

# डीएलआरसी व डीएलसीसी की बैठक

- सभी बैंकों के प्रबंधक और प्रतिनिधि रहे उपस्थित
- योजनाओं की हुई समीक्षा और कार्यों का आकलन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** उपायुक्त आर० रॉनिटा के निर्देशानुसार समाहरणालय खूँटी स्थित डीआरडीए सभागार में आज परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति एवं जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में जिले के सभी बैंकों के प्रबंधक और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और बैंकों के कार्यों का आकलन करना था। इस दौरान जिला अंतर्गत सितंबर 2025 क्वाटर में सिडी रेशियो, केसीसी योजना, पीएमईजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, एनपीए, एमएसएमई, स्वयं सहायता समूहों को सहायता सहित अन्य कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं केसीसी, महिला स्वयं सहायता समूह की क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी की उपलब्धि, पीएम मुद्रा योजना आदि की गहन समीक्षा की गई।

परियोजना निदेशक ने बैंकों को सीडी रेशियो बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने बैंकर्स को निर्देशित किया कि सीडी रेशियो को बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में ऋण उपलब्ध कराने की जरूरत है। समयबद्ध तरीके से लक्ष्य पूर्ण करने और जिले में वित्तीय सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से मत्स्य, केसीसी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, कृषि ऋण जैसी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। वहीं आरसेटी के तहत दिए जा रहे प्रशिक्षण एवं अन्य नए-नए विषयों पर प्रशिक्षण देने हेतु चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिया गया।बैठक में सांसद प्रतिनिधि खूँटी लोकसभा क्षेत्र, डीडीएम नाबार्ड, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, जिला मत्स्य पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस अन्य संबंधित पदाधिकारी, सहित जिले के विभिन्न बैंकों के प्रबंधक/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## गोड्डा में निकाय चुनाव का गजट जारी

**गोड्डा।** राज्य निर्वाचन आयोग ने निकाय चुनाव के लिए यहां वार्ड आरक्षण का गजट जारी कर दिया है। जारी गजट में गोड्डा नगर परिषद के 21 वार्डों में छह वार्ड अनारक्षित, शेष 15 वार्ड अलग-अलग संवर्गों के लिए आरक्षित किया गया है। इसमें बीसी वन के लिए सबसे अधिक सात वार्ड आरक्षित किए गए हैं। इसी तरह महागामा नगर पंचायत के 17 वार्डों में से पांच वार्ड आरक्षित हैं, शेष 12 वार्ड को अलग-अलग संवर्गों के लिए आरक्षित किया गया है। बता दें कि निकाय चुनाव में वार्डों का आरक्षण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 टी और राज्य नगर पालिका अधिनियमों के प्राविधानों के अनुरूप पूर्व में निकाय स्तर पर किए गए सर्वे व संबंधित संवर्गों की आबादी के अनुसार किया गया है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा एक-तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसमें सामान्य सहित एससी, एसटी और ओबीसी संवर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित सीटें शामिल हैं।

राज्य में ओबीसी के लिए सीटों के आरक्षण का प्राविधान इस बार किया गया है।

# रेलवे भर्ती परीक्षा में धराया मुन्ना भाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में आयोजित रेलवे ग्रुप डी भर्ती परीक्षा के दौरान फजीर्वाड़े का एक गंभीर मामला सामने आया है। परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान एक युवक को दूसरे अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने की कोशिश करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता पर उठने वाले सवालों के बीच सुरक्षा व्यवस्था की भूमिका भी सामने आई।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार युवक की पहचान लालू कुमार उर्फ अनीश कुमार के रूप में हुई है, जो बिहार के गया जिले का निवासी है। वह अपने जीजा जवाहर प्रसाद की जगह रेलवे ग्रुप डी की परीक्षा देने परीक्षा केंद्र पहुंचा था।

प्रारंभिक जांच में उसने स्वयं को वास्तविक अभ्यर्थी बताकर परीक्षा में शामिल होने का प्रयास किया।

परीक्षा प्रक्रिया के तहत जब बायोमेट्रिक जांच की गई तो आरोपी के फिंगरप्रिंट और परीक्षा आवेदन में दर्ज बायोमेट्रिक डेटा का मिलान नहीं हो पाया। तकनीकी सत्यापन में इस असमानता के सामने आते ही परीक्षा केंद्र पर तैनात कर्मियों को संदेह हुआ और मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रशासन को सूचित किया गया।

सूचना मिलते ही नामकुम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने जीजा की जगह परीक्षा देने आया था। इसके बाद पुलिस ने उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस फजीर्वाड़े में किसी अन्य व्यक्ति या संगठित गिरोह की भूमिका तो नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस घटना के बाद रेलवे भर्ती परीक्षा में लागू बायोमेट्रिक जांच प्रणाली और सुरक्षा इंतजामों की उपयोगिता एक बार फिर सामने आई है। प्रशासन का कहना है कि परीक्षा की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ऐसे सख्त उपाय आगे भी जारी रहेंगे।

# नवादा हत्याकांड के विरोध में जोकीहाट में उबाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** नवादा में एक मुस्लिम युवक की निर्मम हत्या और कथित मॉब लिंचिंग की घटना के विरोध में बुधवार को जोकीहाट प्रखंड के भेभड़ा चौक पर जबरदस्त जनआक्रोश देखने को मिला। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के बैनर तले आयोजित इस विशाल विरोध प्रदर्शन में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और नफरती हिंसा के खिलाफ एकजुट होकर इंसाफ की मांग की।




धरना-प्रदर्शन के दौरान भेभड़ा चौक नारेबाजी से गूंजता रहा। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, कड़ी सजा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। इस मौके पर मौलाना शाहनवाज, कारी मंजूर, मुफ्ती हुसैन हमदम, सरवर आलम कासमी, मुदस्सिर, राघिब और डॉ. जमशेद सहित कई प्रमुख उलेमा और सामाजिक बुद्धिजीवी मौजूद रहे।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि नवादा की घटना मानवता पर गहरा धब्बा है और यह साबित करती है कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि अल्पसंख्यकों को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग उठाई गई। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने 24 घंटे के भीतर दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के अंत में यह संदेश दिया गया कि समाज अब जुल्म और अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा और इंसाफ मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

## आरोपित धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** तेघड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी अनाज की कालाबाजारी और लाखों रुपये के गबन के फरार आरोपित को उसके ही घर से गिरफ्तार कर लिया। वह अपने घर में अंडरग्राउंड था। पुलिस ने आरोपित को घर में बने शौचालय की टंकीनुमा तहखाने से पकड़ा, जिसे देख लोग हैरान रह गए। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बरौनी-दो पंचायत के वार्ड संख्या छह निवासी 50 वर्षीय त्रिपुरारी कुमार के रूप में हुई है। उसे इलाके में नटवरलाल के नाम से भी जाना जाता है। इस संबंध में तेघड़ा डीएसपी कृष्ण कुमार ने बताया कि वैशाली जिले के देसरी गाजीपुर निवासी शिशिर कुमार, जो वर्तमान में तेघड़ा में आपूर्ति निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, उनके आवेदन पर आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि त्रिपुरारी कुमार ने धोखाधड़ी कर 128.97 क्विंटल सरकारी गेहूं और चावल की कालाबाजारी की और 37 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की राशि का गबन किया। डीएसपी ने बताया कि तेघड़ा थाना कांड संख्या 256/24 में आरोपित फरार चल रहा था।

# व्यवसायी से मांगी दो करोड़ की रंगदारी

## ऑडियो वायरल, परिजन दहशतजदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** उग्रवाद प्रभावित चतरा जिले में चर्चित व्यवसायी प्रेम सिंह को गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम से जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। व्हाट्सएप पर भेजे गए ऑडियो क्लिप के जरिए दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। पैसे नहीं देने पर हत्या कराने की धमकी दी गई है। प्रेम सिंह के अनुसार, उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक मिनट दो सेकंड का ऑडियो क्लिप अज्ञात नंबर से भेजा गया, जिसमें खुद को प्रिंस खान बताते हुए दुबई से बात करने का दावा किया गया है। ऑडियो के अलावा व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से भी दो करोड़ रुपये की मांग की गई और रकम नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई।

पिंडरा निवासी प्रेम सिंह ने हंटरगंज थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर के अनुसार 11 दिसंबर 2025 को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट पर उनके मोबाइल नंबर 7004249087 पर व्हाट्सएप नंबर +971545920432 से धमकी भरा वॉयस रिकॉर्डिंग और कुछ यूट्यूब वीडियो लिंक भेजे गए। रिकॉर्डिंग में उनके व्यवसाय को लेकर टिप्पणी करते हुए रंगदारी मांगी गई और जान से मारने की धमकी दी गई।

एफआईआर में उल्लेख है कि धमकी देने वाले ने केस नहीं करने की चेतावनी दी और कहा कि पुलिस या किसी भी स्तर के अधिकारी उन्हें बचा नहीं पाएंगे। ऑडियो में यह भी कहा गया कि बेटे की शादी के कारण पहले कुछ नहीं कहा गया था, लेकिन अब पैसे नहीं देने पर हत्या करने की धमकी दी गई। प्रेम सिंह के अनुसार इसके बाद शाम 4 बजकर 13 मिनट पर व्हाट्सएप कॉल के जरिए भी रंगदारी की मांग दोहराई गई।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाराज प्रेम सिंह ने चतरा एसडीपीओ संदीप सुमन, एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, आईजी बोकारो सुनील भास्कर, डीजीपी और एटीएस एसपी सहित वरीय अधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

वहीं, हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को गंभीरता से ले रही है। टेक्निकल सेल की मदद से धमकी देने वाले तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है और वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम काम कर रही है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों को किसी भी हाल में क्षेत्र में पनपने नहीं दिया जाएगा।

हालांकि धमकी का मामला सामने आने के बाद इलाके के व्यवसायियों में दहशत का माहौल है। लोग सुरक्षा व्यवस्था और त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## ठंड और कोहरे ने बढ़ाई मुश्किलें

**गोपालगंज।** जिले में पछुआ हवाओं की रफ्तार बढ़ने के साथ ही कनकनी और कड़ाके की ठंड ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। मंगलवार को जिले का न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जिससे पूरा इलाका शीतलहर की चपेट में आ गया है। सुबह से ही घने कोहरे की चादर छाई रहने के कारण सड़कों पर दृश्यता बेहद कम रही, जिसका सीधा असर यातायात व्यवस्था पर भी देखने को मिला।

पछुआ हवाओं के चलते लोगों को शरीर में चुभने वाली ठंड का एहसास हो रहा है। ठंड का सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, दैनिक मजदूरों और स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों पर पड़ रहा है। कोहरे के कारण सुबह के समय वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर बेहद धीमी गति से वाहन चलाने को मजबूर होना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, बिहार के अधिकांश हिस्सों में फिलहाल मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा और सुबह-शाम ठंडी हवाओं के साथ घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

# बैठक कर उपायुक्त ने की योजनाओं की समीक्षा

## योजनाओं के ससमय, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में आज ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायतीराज विभाग सहित संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा, पशुपालन एवं गव्य, पंचायतीराज, कल्याण, आपूर्ति तथा जल छाजन अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

बैठक की शुरूआत में उपायुक्त ने बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रखंडों में छात्र-छात्राओं के बीच स्वेटर वितरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को शीघ्र शत-प्रतिशत स्वेटर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों को दिए गए लाभ, पशुओं के वैक्सीनेशन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी जिला पशुपालन-सह-गव्य विकास पदाधिकारी से ली गई। उपायुक्त ने योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ देने एवं पशुओं के वैक्सीनेशन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

मनरेगा की समीक्षा करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य के अनुरूप अब तक हुए मानव दिवस सृजन, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, वर्मी कंपोस्ट, ई-केवाईसी रिपोर्ट सहित लंबित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी योजनाओं का ससमय एवं पारदर्शी तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




पंचायतीराज विभाग की समीक्षा के दौरान चयनित पंचायतों एवं वहां किए गए सर्वे कार्यों की जानकारी ली गई। पंचायत भवनों में भारत नेट रिचार्ज ससमय कराने तथा पंचायत सचिवों को पंचायत भवन में नियमित रूप से कार्यालय कार्य करने का निर्देश दिया गया। कल्याण विभाग की समीक्षा में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण, 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाणपत्र वितरण सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने ससमय कार्य निष्पादन के निर्देश दिए।

आपूर्ति विभाग की समीक्षा में राशन कार्ड की संख्या, लाभुकों का यूआईडी सीडिंग, ई-केवाईसी, राशन वितरण की जानकारी ली गई। साथ ही लैम्प्स केंद्रों के माध्यम से किसानों से किए जा रहे धान अधिप्राप्ति के ससमय भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

जल छाजन अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने चेक डैम, प्रोडक्शन सिस्टम, एग्रीकल्चर टूल्स वितरण, सोलर मिल एवं फ्लोर संचालन, लाइवलीहुड कस्टम हायरिंग, अमृत सरोवर, लाह कल्टीवेशन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रमोद राम, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी मनरेगा, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), जिला तकनीकी विशेषज्ञ जल छाजन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 660आवास की किश्त बकाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत प्रखंड में पिछले कई महीने से लाभुकों को भुगतान नहीं किए जाने से भवन निर्माण का कार्य प्रभावित हो रहा है। इस कारण प्रखंड में करीब 660 पीएम आवास आधे-अधूरे हैं। लाभुकों की शिकायत है कि समय पर राशि नहीं मिलने से दिक्कत हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना गरीब और बेघर परिवारों को पक्का घर बनाने में मदद करती है। इस संदर्भ में बीडीओ अश्वनी कुमार ने बताया कि 660 लाभुकों की राशि अभी बाकी है।

इसमें से 80 -85% लाभुकों के मकान का निर्माण हो चुका है। अंतिम दिसंबर तक पैसा खाते में जाने की संभावना है। प्रखंड लेखा पाल सुमन सौरभ ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए प्रखंड को कुल 762 आवास का लक्ष्य मिला था, जो स्वीकृत था। इसमें 718 लाभुकों को प्रथम किस्त, 465 लाभुकों को दूसरी किस्त एवं 102 लाभूकों को तीसरी किस्त की राशि लाभुकों को मिल चुकी है।

# कैम्प में 20 उद्यमियों का हुआ रजिस्ट्रेशन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** कर्रा प्रखंड अंतर्गत जिला उद्योग केन्द्र, खूँटी द्वारा प्रायोजित उद्यम रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प के दौरान कुल 20 उद्यमियों का उद्यम रजिस्ट्रेशन किया गया। साथ ही उपस्थित उद्यमियों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ नाबार्ड के डीडीएम द्वारा किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उद्यम रजिस्ट्रेशन के माध्यम से उद्यमियों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होती है, जिससे वे स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य उद्यमियों को उद्यम रजिस्ट्रेशन उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना, स्वरोजगार के अवसर सृजित करना तथा उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम में जिला उद्योग केन्द्र से मैनेजर अभिनव राज एवं चितरंजन कुमार, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के प्रखंड उद्यमी समन्वयक संतोष कुमार सोनी, पंकज कुमार शर्मा, आशीष वर्मा सहित एजेंसी के प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। उद्यम रजिस्ट्रेशन एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर प्रशिक्षणार्थी काफी प्रसन्न दिखे और उन्होंने भविष्य में स्वरोजगार की दिशा में कार्य करने की बात कही।

# बकाया राशि को ले केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की पहल तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** केंद्र सरकार से लंबित बकाया राशि और योजनागत फंड को लेकर झारखंड सरकार ने अपना दबाव और तेज कर दिया है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे पर हुई तीखी बहस के बाद अब राज्य सरकार की रणनीति खुलकर सामने आ गई है।

सरकार ने केंद्र पर फंड रोकने और झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए सीधे दिल्ली में मंत्रियों के स्तर पर पहल शुरू कर दी है।

इसी क्रम में विभिन्न विभागों के मंत्री इन दिनों राजधानी दिल्ली का दौरा कर केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर रहे हैं और लंबित राशि जल्द जारी करने की मांग उठा रहे हैं।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। उनका कहना था कि ग्रामीण विकास, सामाजिक कल्याण, पेयजल, आवास और रोजगार से जुड़ी कई केंद्रीय योजनाओं की राशि लंबे समय से अटकी हुई है, जिससे राज्य की योजनाएं प्रभावित हो रही हैं।

सत्र में विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच इस मुद्दे पर जमकर बहस हुई।

सरकार ने स्पष्ट किया कि यदि केंद्र से समय पर फंड नहीं मिला तो इसका सीधा असर राज्य के गरीब, आदिवासी और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों पर पड़ेगा।

सत्र समाप्त होते ही झारखंड सरकार के मंत्रियों की दिल्ली दौड़ तेज हो गई है। ग्रामीण विकास, कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता समेत कई अहम विभागों के मंत्री अपने-अपने मंत्रालयों से जुड़े केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर बकाया राशि और योजनागत फंड जारी करने की मांग रख रहे हैं।

राज्य सरकार का तर्क है कि सभी जरूरी दस्तावेज और उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर भेजे गए हैं, इसके बावजूद फंड रोके गए हैं, जो संघीय ढांचे की भावना के खिलाफ है।

राज्य सरकार की यह पहल सिर्फ प्रशासनिक नहीं, बल्कि राजनीतिक रूप से भी अहम मानी जा रही है। विधानसभा में मुद्दा उठाकर सरकार ने जनता के बीच संदेश दिया, वहीं अब दिल्ली में सीधी बातचीत कर दबाव बनाया जा रहा है।

यह रणनीति केंद्र को यह दिखाने के लिए है कि झारखंड अपने अधिकारों के लिए अब आर-पार की लड़ाई के मूड में है। सरकार का कहना है कि विकास कार्यों के लिए राज्य को उसके हक की राशि मिलनी ही चाहिए।

## थ्रेसर मशीन से महिला जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** तारापुर थाना क्षेत्र के खैरा पंचायत अंतर्गत भगलपुरा गांव के इंदिरा नगर निवासी मजदूर संजीव पासवान (25) की थ्रेशर मशीने में फंस जाने से मौत हो गई। बताया गया कि मंगलवार की देर शाम इंदिरा नगर के पास ही धान की थ्रेशिंग की जा रही थी।

इस दौरान संजीव पासवान का एक हाथ थ्रेशर के अंदर चला गया। इसके बाद थ्रेशर ने उसके आधे शरीर को अंदर खींच लिया। ऐसे में थ्रेशर के अंदर के चले जाने से उसकी मौत हो गई।इस घटना की जानकारी मिलने पर तारापुर पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। इधर, घटनास्थल पर ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गई।दूसरी ओर, मृतक के स्वजनों में माहौल गमगीन हो गया। समाचार लिखे जाने तक शव को थ्रेशर से बाहर नहीं निकाला जा सका है। पुलिस घटनास्थल पर लोगों को शांत कराने तथा पूरी जानकारी लेने में लगी हुई।

# अब एआई करेगी बांधों की सुरक्षा

## कनाडा और जर्मनी की टीम ने किया सर्वे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड और पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित डीवीसी का मैथन डैम पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। यहां सालभर पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। खासकर दिसंबर और जनवरी में पिकनिक सीजन के दौरान पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ जाती है। ऐसे में मैथन डैम की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बन जाती है।मैथन डैम की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ के पास है। अब आधुनिक एआई तकनीक के माध्यम से डैम की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। डीवीसी के चेयरमैन एस. सुरेश कुमार के निर्देश पर मंगलवार को कनाडा और जर्मनी की छह सदस्यीय टीम मैथन पहुंची और आधुनिक एआई तकनीक से डैम की संरचनात्मक सुरक्षा का ड्रोन के जरिए सर्वे शुरू किया।



जर्मनी की एरियल इंटेलिजेंस कंपनी और कनाडा की निरीक्षण सॉफ्टवेयर कंपनी की टीम ने एआई तकनीक से लैस आधा दर्जन से अधिक ड्रोन कैमरों की मदद से मैथन डैम के चारों ओर जाकर सुरक्षा जांच शुरू की। इस दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि डैम की संरचना में कहीं कोई दरार या कमजोरी तो नहीं है। साथ ही भविष्य में डैम को बेहतर स्थिति में बनाए रखने और किन-किन स्थानों पर सुधार की आवश्यकता है, इसका भी आकलन किया जा रहा है। टीम में भारत के एआई विशेषज्ञ भी शामिल हैं। मौके पर मौजूद कनाडा से आए सर्वेयर टर्नर गुलिकसन ने बताया कि डीवीसी ने उन्हें मैथन डैम के साथ-साथ पंचेत और कोनार डैम की सुरक्षा जांच का कार्य सौंपा है। पहले दिन मैथन डैम से सर्वे का कार्य शुरू किया गया है। इसके बाद पंचेत और कोनार डैम का भी सर्वे होगा। इस दौरान यह आकलन किया जाएगा कि डैम की संरचना कितने समय तक सुरक्षित रह सकती है। यदि कहीं सुधार की आवश्यकता पाई जाती है तो उसकी विस्तृत रिपोर्ट डीवीसी को सौंपी जाएगी, जिससे डैम की प्रबंधन क्षमता को और बेहतर बनाया जा सके।उन्होंने बताया कि कनाडा में इस प्रकार के डैम सर्वे का उन्हें लंबा अनुभव है, जहां एआई तकनीक आधारित आधुनिक ड्रोन कैमरों के माध्यम से संरचनात्मक सुरक्षा की जांच की जाती है। इससे डैम में संभावित क्षति का समय रहते पता लगाया जा सकता है।

किसी भी खामी के सामने आने पर तुरंत डीवीसी को सूचित किया जाएगा, ताकि समय पर मरम्मत और पुनर्निर्माण का कार्य किया जा सके। इससे डैम के रखरखाव और प्रबंधन में काफी मदद मिलती है। सर्वे टीम में टर्नर गुलिकसन, आर्टम शेवचेंको, कुंजन पटेल, राहुल मकवाना, हेमंत देसाई और आर्ट टम शामिल हैं।

# राम सेतु से टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी टूर लॉन्च: पैरामोटर से ब्रिज के ऊपर घुमाया गया

## टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर की शुरुआत राम सेतु के ऊपर की गई। इस मौके पर दो-सीटर पैरामोटर के जरिए ट्रॉफी को आसमान में ले जाया गया, जिसने इस लॉन्च को ऐतिहासिक और यादगार बना




दिया। भारत में एडम्स ब्रिज को राम सेतु के नाम से जाना जाता है। यह स्थल धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से अहम होने के साथ-साथ टूर्नामेंट के दो मेजबान देशों भारत और श्रीलंका को जोड़ता भी है। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में 20 टीमें हिस्सा लेंगी और मुकाबले 29 दिनों तक खेले जाएंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से होगी और मैच भारत व श्रीलंका के कुल 8 वेन्यू पर आयोजित किए जाएंगे। टी-20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी एशिया के ओमान, नेपाल जैसी देशों का भी दौरा करेगी।

## राम सेतु ब्रिज ही क्यों चुना गया

राम सेतु भारत और श्रीलंका के बीच स्थित है। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 को भारत और श्रीलंका ही होस्ट कर रहे हैं, इसलिए यह स्थान दोनों देशों को जोड़ने वाले सेतु के रूप में टूर्नामेंट की भावना को साफ तौर पर दर्शाता है। आईसीसी ने इस ट्रॉफी टूर को सिर्फ एक प्रचार अभियान नहीं, बल्कि दुनिया भर के फैंस को जोड़ने वाली यात्रा बताया है। राम सेतु का अर्थ ही जोड़ना है, और यही संदेश क्रिकेट के जरिए देशों और लोगों को काउंसिल देना चाहता है।

# आरआर के लिए खेलना घर जैसा महसूस होगा

## जोधपुर के रवि बिश्नोई 7.2 करोड़ में रॉयल्स से जुड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने एक शानदार होमकमिंग पूरी करते हुए भारतीय लेग-स्पिनर और राजस्थान के मूल निवासी रवि बिश्नोई को ?7.2 करोड़ में अपनी टीम में शामिल किया। जोधपुर से ताल्लुक रखने वाले बिश्नोई रॉयल्स के गेंदबाजी आक्रमण में साबित हो चुकी गुणवत्ता और नई ऊर्जा जोड़ते



हैं। राजस्थान रॉयल्स से जुड़ने पर रवि बिश्नोई ने कहा, 'राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलना घर पर खेलने जैसा महसूस होगा। मैंने अपने क्रिकेट सफर की शुरुआत यहीं ऋ्र्मे की थी, और अब अपने राज्य के नाम वाली टीम का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' आरआर के लीड ओनर मनोज बदाले ने कहा, 'रवि एक खास प्रतिभा हैं और हमारे फैंस लंबे समय से उन्हें रॉयल्स के रंग में देखने के इच्छुक थे। फ्रेंचाइज़ी में उनकी वापसी एक सच्ची होमकमिंग जैसी है, खासकर यह जानते हुए कि उन्होंने अपने सफर की शुरुआत यहीं से की थी। वह एक बेहद कुशल गेंदबाज, शानदार फील्डर और उस भूख व जज़्बे का प्रतीक हैं जिसे हम इस फ्रेंचाइज़ी में महत्व देते हैं।

ग्लोबल चैस लीग:

# गुरु आनंद ने शिष्य को हराया

## गंगा ग्रैंड मास्टर्स की लगातार दूसरी जीत


**मुंबई, एजेंसी।** ग्लोबल चेस लीग के तीसरे दिन पर रोमांच अपने चरम पर रहा, जब प्रोडिजी बोर्ड पर आख़िरी क्षणों में मिली जीत के दम पर फायर्स अमेरिकन गैम्बिट्स ने मौजूदा चैंपियन ट्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स के खिलाफ़ शानदार वापसी करते हुए 10-8 से मुकाबला अपने नाम कर लिया।




यह टूर्नामेंट टेक महिंद्रा और फ़ीडे की संयुक्त पहल है। इससे पहले दिन के पहले मुकाबले में गंगा ग्रैंडमास्टर्स ने पीबीजी अलास्कन नाइट्स को 12-3 से हराकर अपनी मजबूत लय बरकरार रखी। खैर दिन का आकर्षण रहा गंगा ग्रैंडमास्टर्स और पीबीजी अलास्कन नाइट्स के बीच मुकाबले में दिग्गज पाँच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और युवा सितारे वर्तमान विश्व चैंपियन गुकेश डी. के बीच आइकन बोर्ड की टक्कर। अन्य बोर्डों पर भी दिलचस्प मुक़ाबले देखने को मिले, जहां अर्जुन एरिगैसी का सामना विसेंट कीमर से हुआ, वहीं वर्ल्ड कप चैंपियन जावोखिर सिंदारोव ने लीनियर डोमिंगेज़ के खिलाफ़ अहम जीत दर्ज की। डेनियल डार्डा और रौनक साधवानी के बीच ड्रॉ के बाद सिंदारोव की जीत ने ग्रैंडमास्टर्स को शुरुआती बढ़त दिलाई।लेकिन सबसे बड़ी जीत दर्ज की विश्वनाथन आनंद नें जिन्होंने सफेद मोहरो से गुकेश के ख़िलाफ़ अपने हाथी को क़ुर्बान करते हुए अपने दो प्यादों के दम पर सबसे बेहतरीन जीत दर्ज की। इस जीत के साथ गंगा ग्रैंड मास्टर्स अब शीर्ष 3 टीमों में शामिल हो गई है। मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए आनंद ने कहा, 'गुकेश के खिलाफ़ खेलना अच्छा लगा, वह बेहद लड़ाकू खिलाड़ी है। लेकिन सच कहूं तो मैं किसी के भी खिलाफ़ यह अंक लेना चाहता था। इस सीज़न का मेरा पहला पॉइंट मेरे लिए बहुत मायने रखता है। वहीं दिन के तीसरे मुक़ाबले में एक बेहद करीबी मुक़ाबले में सब तक सबसे आगे चल रही मुम्बा मास्टर्स को जिन्हें अल्पाइन एसजी पाइपर्स के हाथों एक करीबी हार का सामना करना पड़ा।

आईपीएल 2026 ऑक्शन

# सरफराज खान की 5 साल बाद आईपीएल में वापसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सरफराज खान की पांच साल बाद वापसी हुई। आईपीएल 2026 के लिए मेगा ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स ने सरफराज खान को उनके बेस प्राइस यानी 75 लाख रुपये में खरीदा। सरफराज खान ने आईपीएल में अपना आखिरी मैच 2021 में खेला था। सरफराज खान ने आईपीएल में अब तक 40 मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 23.21 के औसत और 138.24 के स्ट्राइक रेट से 441 रन बनाए हैं। सरफराज खान का आईपीएल में सर्वोच्च स्कोर 67 रन है, जो इंडियन प्रीमियर लीग में उनका एकमात्र अर्धशतक भी है। आईपीएल 2021 में सरफराज खान को दिल्ली कैपिटल्स की ओर से दो मैच खेलने को मिले थे। हालांकि, वह दोनों ही मुकाबलों में एक भी रन नहीं बना पाए थे। वह कुल चार गेंदें ही खेल पाए थे। सरफराज खान का आईपीएल में सबसे अच्छा प्रदर्शन साल 2019 में रहा था। तब उन्होंने 45.00 के औसत और 125.87 के स्ट्राइक रेट से 8 मैच में 180 रन बनाए थे। सरफराज ने आईपीएल में पहली बार 2015 के संस्करण में खेला था। उस सीजन उन्होंने 13 मैच में 27.75 के औसत और 156.33 के स्ट्राइक रेट से 111 रन बनाए थे। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 45 रन था।

टी20 विश्व कप 2026:

# 42 साल के वेन मैडसेन करेंगे इटली की कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इटैलियन क्रिकेट फेडरेशन ने कहा है कि भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 में वेन मैडसेन टीम के कप्तान होंगे। यह पहला मौका है जब इटली टी20 विश्व कप का हिस्सा बन रही है। इटैलियन क्रिकेट फेडरेशन ने एक बयान में कहा कि वेन मैडसेन को विश्व कप में इटली की कप्तानी का सबसे पसंदीदा उम्मीदवार माना गया है।

वेन मैडसेन अगले साल 2 जनवरी को 42 साल के हो जाएंगे। मैडसेन ने इटली के लिए अब तक 4 टी20 मैच खेले हैं जिसमें 1 अर्धशतक की मदद से 95 रन बनाए हैं। हालांकि इटली ने टी20 विश्व कप 2026 में क्वालिफिकेशन बर्न्स की कप्तानी में हासिल की है।

बर्न्स ने जुलाई 2025 में नीदरलैंड्स में क्वालिफाइंग कैंपेन के दौरान नेशनल टीम की कप्तानी की थी। उन्हीं की कप्तानी में इटली ने टी20 विश्व कप में ऐतिहासिक रूप



से अपनी जगह बनाई। फेडरेशन ने जो बर्न्स को इटैलियन क्रिकेट में एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया है। इटली अपना टी20 विश्व कप कैंपेन 9 फरवरी को कोलकाता में बांग्लादेश के खिलाफ शुरू करेगी, टीम को ग्रुप सी में इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और नेपाल के खिलाफ खेलना है। इटली आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा। ये सीरीज विश्व कप से पहले होगी। सीरीज इटली के लिए ऐतिहासिक है।

आईसीसी के पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ उसकी यह पहली तीन मैचों की द्विपक्षीय सीरीज है। सभी मैच 23 जनवरी से दुबई के सेवेंस स्टेडियम में खेले जाएंगे। सीरीज दोनों टीमों को इस बड़े इवेंट से पहले अपनी टीम को बेहतर बनाने का एक कीमती मौका भी देती है। इटैलियन टीम ने अभी तक अगले साल होने वाले टूर्नामेंट के लिए अपनी प्लेयर लिस्ट जमा नहीं की है।

महिला विश्व कप में 14 विकेट लिए थे

# आंध्र प्रदेश सरकार ने श्री चरणी को दिया 2.5 करोड़ का नकद पुरस्कार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला वनडे विश्व कप जीता था। विश्व विजेता भारतीय महिला टीम की सदस्य श्री चरणी को बुधवार को आंध्र प्रदेश की सरकार ने सम्मानित किया। आंध्र प्रदेश सरकार के शिक्षा और आईटी मंत्री नारा लोकेश ने श्री चरणी से उनके उंडावल्ली स्थित घर पर मुलाकात की और उन्हें सरकार की तरफ से 2.5 करोड़ रुपये का चेक सौंपा। कैश इनाम के अलावा, सरकार ने उन्हें विशाखापत्तनम में 500 स्क्वायर यार्ड का एक आवासीय प्लॉट भी दिया है।

उनकी डिग्री पूरी होने के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने नौकरी का भी भरोसा दिया है। इससे संबंधित आदेश जारी किए गए हैं। सरकार की तरफ से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह कदम राज्य सरकार के खेल में बेहतरीन प्रदर्शन को बढ़ावा देने और आंध्र प्रदेश की युवा महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ खेलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने विश्व कप के बाद श्री चरणी से मुलाकात के समय उनके लिए पुरस्कारों की घोषणा की थी। कार्यक्रम में परिवहन और खेल मंत्री मंडीपल्ली रामप्रसाद रेड्डी, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ आंध्र प्रदेश के अध्यक्ष अनिमिनी रविनायुडू, स्पेशल चीफ सेक्रेटरी (खेल) अजय जैन और दूसरे सीनियर अधिकारी उपस्थित रहे। कडप्पा जिले की रहने वाली श्री चरणी ने भारतीय टीम को महिला विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

बाएं हाथ की इस स्पिनर ने 9 मैचों में 14 विकेट लिए थे और टूर्नामेंट की चौथी सफल गेंदबाज रही थीं। 21 साल की चरणी ने अप्रैल 2025 में भारतीय टीम के लिए डेब्यू किया था। उनके प्रभावशाली प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें विश्व कप में मौका दिया गया और उन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से टीम मैनेजमेंट के फैसले को साबित किया। कुल 18 वनडे में 23 और 5 टी20 में 10 विकेट ले चुकी चरणी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बड़ी स्टार के रूप में उभरी हैं।

# आर श्रीधर को मिली बड़ी जिम्मेदारी, टी20 विश्व कप के लिए श्रीलंका के फील्डिंग कोच नियुक्त

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका क्रिकेट ने अगले साल होने वाले पुरुष टी-20 विश्वकप तक के लिए आर श्रीधर को राष्ट्रीय टीम का क्षेत्ररक्षक कोच नियुक्त किया है। लेवल 3 क्वालिफाइड कोच श्रीधर ने पहले 2014 से 2021 तक भारत की पुरुष टीम के क्षेत्ररक्षक कोच के रूप में काम किया है। हाल ही में उन्होंने अफगानिस्तान टीम के साथ कंसल्टेंट कोच के तौर पर काम किया। अब वह श्रीलंका के फील्डिंग स्टैंडर्ड को बेहतर बनाने पर ध्यान देंगे। वह पाकिस्तान और इंग्लैंड के आगामी दौरों पर टीम के साथ मिलकर काम करेंगे और फिर टी-20 विश्व कप की तैयारियों की देखरेख करेंगे। श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार श्रीधर ने कहा, 'श्रीलंकाई खिलाड़ी हमेशा सहज प्रतिभा, लचीलेपन और सामूहिक भावना के लिए जाने जाते हैं। मेरा काम कोई सिस्टम थोपना नहीं है, बल्कि ऐसा माहौल बनाना है जहां खिलाड़ी क्षमता, जागरूकता और मैदान पर गर्व स्वाभाविक रूप से बढ़ सके।'

एडिलेड टेस्ट:

# एलेक्स कैरी का शतक, पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट पर 326 रन बनाए



**एडिलेड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट की शुरुआत एडिलेड में बुधवार को हुई। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। एलेक्स कैरी के शतक और उस्मान ख्वाजा के बेहतरीन अर्धशतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन की समाप्ति के समय 8 विकेट के नुकसान पर 326 रन बना लिए थे। मिचेल स्टार्क 33 और नाथन लियोन शून्य पर नाबाद हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 33 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों, ट्रेविस हेड और जैक वेदरलैंड, का विकेट खो दिया था। इसके बाद मार्नस लाबुशेन और कैमरन ग्रीन बैक टू बैक आउट हो गए। 94 रन पर 4 विकेट गंवाकर ऑस्ट्रेलिया मुश्किल में थी। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए उस्मान ख्वाजा और छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की। ख्वाजा अपना शतक चूक गए और 126 गेंद पर 82 रन की पारी खेलकर आउट हुए।

कैरी क्रीज पर जमे रहे, और ऑस्ट्रेलियाई पारी को आगे बढ़ाने के साथ ही उन्होंने अपना पहला एशेज शतक पूरा किया। कैरी 143 गेंद पर 1 छक्का और 8 चौकों की मदद से 106 रन बनाकर आउट हुए। कैरी दिन के आखिरी यानी आठवें विकेट के रूप में आउट हुए। इस बीच छठे विकेट के लिए जोश इंग्लिस के साथ उन्होंने 59 और आठवें विकेट के लिए मिचेल स्टार्क के साथ 50 रन की अहम साझेदारी की। स्टार्क 63 गेंद पर 33 रन बनाकर नाबाद हैं।

इससे पहले स्टीव स्मिथ की जगह ऑस्ट्रेलियाई प्लेइंग इलेवन में उस्मान ख्वाजा को जगह दी गई। स्मिथ टेस्ट शुरू होने से कुछ मिनट पहले ही अस्वस्थ होने की वजह से बाहर हो गए।

इंग्लैंड की तरफ से जोफ्रा आर्चर ने 3, ब्रायडन कार्स ने 2, विल जैक्स ने 2, और जोश टंग ने 1 विकेट लिए।

# यशस्वी जायसवाल राजस्थान के खिलाफ मैच के बाद अस्पताल में हुए भर्ती

**पुणे, एजेंसी।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान मंगलवार को राजस्थान के खिलाफ हुए मैच के बाद अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। यशस्वी जायसवाल को पेट में तेज ऐंठन होने के बाद आदित्य बिड़ला हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा।

जायसवाल को डॉक्टरों ने आराम करने की सलाह दी है। रिपोर्ट के मुताबिक यशस्वी जायसवाल को पूरे मैच के दौरान पेट में ऐंठन हो रही थी और मैच के बाद उनकी हालत और खराब हो गई। अस्पताल में उनका अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन हुआ। इसके बाद चिकित्सकों को उनकी परेशानी का पता चला। फिलहाल उनकी स्थिति ठीक है और उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। बीसीसीआई ने अभी तक उनकी हालत पर कोई ऑफिशियल अपडेट जारी नहीं किया है, हालांकि आने वाले दिनों में और क्लैरिटी मिलने की उम्मीद है। यशस्वी जायसवाल भारतीय टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं और इसी वजह से सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट में मुंबई की तरफ से खेल रहे हैं। हरियाणा के खिलाफ




**जायसवाल को डॉक्टरों ने आराम करने की सलाह दी**

जायसवाल ने तूफानी शतक लगाते हुए न सिर्फ अपनी टीम को जीत दिलायी थी, बल्कि भारतीय टी20 टीम में बतौर ओपनर अपना दावा ठोका था। हरियाणा के खिलाफ पारी की शुरुआत करने उतरे यशस्वी जायसवाल ने 50 गेंद पर 16 चौके और 1 छक्के की मदद से 101 रन की पारी खेली। इस दौरान 23 गेंद पर उन्होंने अर्धशतक और 48 गेंद पर शतक लगाया था। भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल टीम में अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरुआत कर रहे हैं। गिल बतौर ओपनर टी20 में अपनी भूमिका के साथ न्याय नहीं कर पाए हैं और लगातार असफल रहे हैं। गिल को बतौर ओपनर टीम में जगह जायसवाल और संजू सैमसन जैसे बल्लेबाजों को ड्रॉप करके दी गई है। ऐसे में जायसवाल के शतक ने गिल के लिए मुश्किल बढ़ा दी है। जायसवाल ने भारतीय टीम के लिए 23 टी20 मैचों की 22 पारियों में 1 शतक और 5 अर्धशतक की मदद से 723 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 164.32 है।

## संक्षिप्त समाचार

### शाहदरा से कृष्णा नगर तक हटेंगी रेड लाइट, पूरा रास्ता होगा सिग्नल फ्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहदरा जीटी रोड से कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन तक स्वामी दयानंद मार्ग पर जाम घटाने की तैयारी है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) समस्या का समाधान करने के लिए इस रोड से चार रेड लाइट हटाकर उसे सिग्नल फ्री करने जा रहा है। वहां पर यू-टर्न बनाए जाएंगे, जिससे रोड का ट्रैफिक संचालित होगा। ऐसे में वाहन बिना रुके निकल सकेंगे। इस मार्ग से प्रतिदिन एक लाख से अधिक वाहन निकलते हैं। मार्ग पर बिहारी कॉलोनी, ईस्ट आजाद नगर, स्वर्ण सिनेमा और विश्वास नगर के पास रेड लाइट है। प्रत्येक के बीच 200 से 250 मीटर का फासला है। यह रेड लाइटें वाहन चालकों की राह में बाधा बनी हुई थीं। थोड़ी दूर चलकर ही वाहन चालकों को रुकना पड़ता है। इसकी वजह से रोड पर रोज लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। लंबे समय से इस हिस्से को जाम मुक्त बनाने की मांग की जा रही थी। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के सुझाव पर पीडब्ल्यूडी ने अब इन चारों रेड लाइट को खत्म करने और मार्ग पर अलग-अलग स्थानों पर यू-टर्न बनाकर उनके जरिये ट्रैफिक संचालित करने की योजना का खाका खींच लिया गया है। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने बताया कि इस कार्य में 68 लाख रुपये के करीब लागत आएगी। यू-टर्न चौराहों से हटकर बनाए जाएंगे, ताकि वाहनों का मूवमेंट प्रभावित न हो। कुछ स्थानों पर दोनों तरफ का रोड ऊपर-नीचे है, उसका समाधान भी किया जाएगा। स्वामी दयानंद मार्ग पर ही कड़कड़ी मोड़ के पास भी एक यू-टर्न बनाने का काम होगा। ताकि दिल्ली-सहारनपुर हाईवे से मास्टरप्लान रोड होते हुए आने वाले वाहन यू-टर्न लेकर दयानंद विहार व आनंद विहार की ओर जा सकें। स्वामी दयानंद मार्ग पर चार रेड लाइट हटने की वजह से वाहन चालकों के 12 से 15 मिनट बचेंगे। लोगों इस मार्ग पर बिना रुके आ-जा सकेंगे। इससे आसपास के क्षेत्रों के लोगों को ज्यादा फायदा होगा। जाम कम होने से वायु के साथ ध्वनि प्रदूषण में कमी आएगी। इस तरह के प्रयास विकास मार्ग पर भी हुए थे, जिसका यातायात पर सकारात्मक असर देखा गया है। यहां पहले की तुलना में काफी फरक पड़ा है।

### यमुना सिटी के इन 6 नए सेक्टरों में सुविधाएं देने के लिए होगा टोपोग्राफिकल सर्वे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुना सिटी में विकास कार्यों को व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नए सेक्टरों में टोपोग्राफिकल सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। इसके माध्यम से सेक्टर की मौजूदा स्थिति, सुविधाएं और जरूरतों का विस्तृत आकलन किया जाएगा, ताकि भविष्य में परियोजनाओं को बेहतर ढंग से विकसित किया जा सके। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने नए विकसित हो रहे सेक्टर-4, 5, 5ए, 8ए, 8डी, 8एफ में टोपोग्राफिकल सर्वेक्षण के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी की है। इस सर्वेक्षण के जरिये सेक्टरों में जमीन की नापजोख, सड़कों, नालियों, पानी के स्रोत, खाली जमीन, निर्माण कार्यों और अन्य बुनियादी ढांचे की स्थिति दर्ज की जाएगी। इसके आधार पर सेक्टरों में विकास कार्यों की प्राथमिकता तय की जाएगी। दावा है कि सर्वेक्षण से भविष्य में विकास परियोजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारने में आसानी होगी। अफसरों का मानना है कि यह सर्वेक्षण शहर के विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद करेगा। इसके लिए अनुमानित धनराशि 22.12 लाख रुपये तय की गई है। इच्छुक कंसल्टेंट कंपनी 26 दिसंबर तक आवेदन कर सकती हैं। 46 नए सेक्टर का सर्विस प्लान तैयार होगा - यमुना विकास प्राधिकरण मास्टर प्लान 2041 के अंतर्गत 46 नए सेक्टर का सर्विस मास्टर प्लान तैयार कराएगा। कंसल्टेंट कंपनी के चयन के लिए जल्द ही आरएफपी जारी की जाएगी। मास्टर प्लान के अनुसार इन 46 सेक्टरों में सीवर, ड्रेनेज और जलापूर्ति को लेकर प्लान तैयार किया जाएगा, ताकि आने वाले 100 वर्षों तक इनके विस्तार से नागरिकों को कोई दिक्कत न होने पाए।

# ठंड और प्रदूषण का डबल अटैक

## आज भी छाया रहेगा कोहरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के मौसम में पिछले दो दिनों की अपेक्षा सुधार देखा गया। मंगलवार को धुंध और कोहरे का असर कम रहा। इसके पीछे हवा की गति में बढोतरी को प्रमुख कारण माना गया है। राजधानी में मंगलवार दोपहर को कई इलाकों में तेज धूप देखी गई। बुधवार को भी दिल्ली का मौसम मुख्य रूप से साफ रहने का अनुमान है।



मौसम विभाग के अनुसार सुबह के समय कई इलाकों में हल्का कोहरा छाया रह सकता है, जबकि कुछ स्थानों पर मध्यम कोहरा देखने को मिल सकता है। दिन चढ़ने के साथ ही कोहरे के छंटने और आसमान साफ रहने की संभावना है। बुधवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान लगभग 24 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है, जो सामान्य से थोड़ा अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान करीब 10 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान जताया गया है। राजधानी दिल्ली में लगातार तीन दिन गंभीर श्रेणी में रहने के बाद वायु गुणवत्ता सूचकांक में थोड़ा सुधार हुआ है। मंगलवार को राजधानी का औसत एक्यूआई गंभीर से बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया। हवा की गति बढ़ने और सुबह स्मॉग में कमी होने के कारण प्रदूषण के स्तर में कमी दर्ज की गई। मंगलवार को दिल्ली के लगभग सभी केंद्रों पर प्रदूषण का स्तर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। सोमवार को राजधानी का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 427 दर्ज किया गया था। मंगलवार को इसमें कमी आई और यह 354 अंक पर पहुंच गया।

# दहेज उत्पीड़न-हत्या मामले में पूर्व जज का परिवार बरी

## 12 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने दी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंचकूला की विशेष सीबीआई अदालत ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। गुरुग्राम के पूर्व चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट रवनीत गर्ग, उनके रिटायर्ड सेशंस जज पिता केके गर्ग और मां रचना गर्ग को 2013 के दहेज मौत मामले में बरी कर दिया गया। यह मुकदमा 12 साल तक चला। अंत में सबूतों की कमी और गवाहों के पलटने से आरोपियों को क्लीन चिट मिल गई।



17 जुलाई 2013 को गुरुग्राम के पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड में 28 साल की गीतांजलि गर्ग का शव मिला था। उनके शरीर पर चार गोली के घाव थे और पास में रवनीत गर्ग का लाइसेंड रिवॉल्वर पड़ा था। रवनीत उस समय जुडिशियल मजिस्ट्रेट थे, इसलिए मामला काफी चर्चा में आया। शुरुआत में स्थानीय पुलिस ने इसे आत्महत्या माना, लेकिन हरियाणा सरकार के आदेश पर अगस्त 2013 में जांच सीबीआई को सौंप दी गई।

2016 में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की। हत्या का आरोप हटाकर दहेज मौत, क्रूरता और साजिश के सेक्शन लगाए गए। आरोप था कि गर्ग परिवार ने गीतांजलि को दहेज के लिए प्रताड़ित किया। हालांकि ट्रायल के दौरान केस कमजोर पड़ गया।

मामले में सबसे बड़ा झटका तब लगा जब गीतांजलि के भाई और मुख्य शिकायतकर्ता प्रदीप अग्रवाल गवाह बनकर दुश्मन हो गए। जुलाई 2018 में उन्होंने अदालत में कहा कि रवनीत ने कभी गीतांजलि के साथ बदसलूकी नहीं की और न ही दहेज में कार या फ्लैट की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि मौत के लिए आरोपियों की जिम्मेदारी साबित नहीं हुई। इस बयान से सीबीआई का केस काफी कमजोर हो गया। बचाव पक्ष के वकीलों ने तर्क दिया कि शादी में कोई झगड़ा या क्रूरता नहीं थी। गीतांजलि ने मौत वाले दिन परिवार से सामान्य बात की थी और कोई शिकायत नहीं की। सबसे महत्वपूर्ण, रवनीत उस समय पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में 18 अन्य जजों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस में थे। उनका एलीबाई पूरी तरह साबित हुआ। सीबीआई ने रवनीत पर पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट किए, लेकिन नतीजे स्पष्ट नहीं आए। दहेज की मांगों के आरोप भी कोर्ट में नहीं टिक पाए। रवनीत को 2016 में गिरफ्तार किया गया था। वे करीब दो साल जेल में रहे और 2018 में बेल मिली। अब बरी होने के बावजूद उनकी नौकरी से सस्पेंशन बना हुआ है।


## अब बीज विधेयक पर कन्फ्यूजन? किसानों के पारंपरिक बीजों पर लागू होगा या नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार बीज विधेयक लाने पर विचार कर रही है। इस बावत कई तरह के कन्फ्यूजन सामने आने लगे हैं। इसी बीच केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने आज (मंगलवार, 16 दिसंबर को) लोकसभा को बताया कि प्रस्तावित 'राष्ट्रीय बीज विधेयक-2025' किसानों और उनकी पारंपरिक बीज किस्मों पर लागू नहीं होगा। उन्होंने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि इसमें ऐसे प्रावधान किए गए हैं जो किसानों के अपने खेत में बचाए गए बीजों को सुरक्षित रखने, उनका आदान-प्रदान करने और उन्हें बेचने के अधिकारों की रक्षा करते हैं। रामनाथ ठाकुर ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप किसान संगठनों सहित विभिन्न हितधारकों से परामर्श करने के बाद इस कानून का मसौदा तैयार किया है। ठाकुर ने कहा, ''विधेयक के प्रावधान किसानों और इनके द्वारा विकसित किस्मों पर लागू नहीं होते हैं, जिनमें पारंपरिक किस्में भी शामिल हैं। यह विधेयक पादप किस्मों के संरक्षण और किसान अधिकार अधिनियम, 2001 के अनुरूप किसानों के अधिकारों की रक्षा करता है, जिसके तहत उन्हें संरक्षित बीजों को उगाने, बोने, सहेजने, आदान-प्रदान करने और बेचने का अधिकार है।'' उन्होंने कहा कि जैव विविधता अधिनियम, 2002 और पादप किस्मों के संरक्षण और किसान अधिकार अधिनियम, 2001 के तहत विभिन्न प्रावधान किसानों, सामुदायिक बीज उत्पादकों और पारंपरिक एवं स्वदेशी बीज किस्मों की सुरक्षा के लिए भी उपलब्ध हैं। मंत्री ने कहा कि विधेयक में बाजार में बेची जाने वाली सभी किस्मों के अनिवार्य पंजीकरण, बीज उत्पादकों, बीज प्रसंस्करण इकाइयों और विक्रेताओं के पंजीकरण तथा पौध नर्सरियों के पंजीकरण के प्रावधान हैं।

# पलूशन के बीच काल बन रहे ये तीन तरह के कैंसर

## सरकार की रिपोर्ट डराने वाली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में पलूशन के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट डरा रही है। मंगलवार को एक लिखित जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2023 से 2025 के बीच के डेटा को साझा किया है। दिल्ली में ओरल कैंसर (मुंह के कैंसर) के मामलों में साल-दर-साल सबसे तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो 5.1त्न बढ़ी है। वहीं, फेफड़ों के कैंसर के रिपोर्ट किए गए मामलों में भी 4.9त्न की वृद्धि हुई है।



महिलाओं में फेफड़ों के कैंसर के मामलों में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई। यह 6.5त्न बढ़कर 2025 में 686 मामले हो गए, जो 2024 में 644 और 2023 में 604 थे। पुरुषों में ओरल कैंसर के मामलों में सबसे बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह 5.8त्न बढ़कर 2025 में 2,717 मामले हो गए, जबकि 2024 में 2,569 और 2023 में 2,429 मामले थे। संख्या के हिसाब से देखें तो राजधानी दिल्ली में स्तन कैंसर सबसे आम कैंसर बना रहा। ओरल कैंसर कुल मिलाकर दूसरा सबसे आम प्रकार का कैंसर बन गया, जिसमें पुरुषों और महिलाओं दोनों के कुल मामले 2025 में 3,208 तक पहुंच गए।

यह दोनों वर्षों में लगभग 3.4त्न की साल-दर-साल गिरावट को दर्शाता है। पुरुषों में, ओरल कैंसर में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई, जिसके बाद फेफड़ों के कैंसर में भी वृद्धि हुई, जो 2023 में 1,668 मामलों से बढ़कर 2025 में 1,814 हो गए। प्रोस्टेट कैंसर के मामलों में भी लगातार वृद्धि का रुझान दिखा, जिसके रिपोर्ट किए गए मामले 2023 में 1,168 से बढ़कर 2025 में 1,301 हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिल्ली में कैंसर की अपेक्षाकृत उच्च आयु-समायोजित घटना दर पर भी प्रकाश डाला। 2015-2019 की अवधि के दौरान, दिल्ली में पुरुषों के लिए प्रति एक लाख जनसंख्या पर 146.7 और महिलाओं के लिए 132.5 की‚ढ्रक्र दर्ज की गई थी। यह दर मुंबई, कोलकाता, पुणे और अहमदाबाद जैसे शहरों की तुलना में अधिक थी।‚ढ्रक्र अलग-अलग आयु संरचना वाली आबादी में कैंसर की घटना को मानकीकृत करता है, जिससे क्षेत्रों की सार्थक तुलना करना संभव हो जाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए, यह ध्यान रखना ज़रूरी है कि दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और राजीव गांधी कैंसर संस्थान और अनुसंधान केंद्र जैसे बड़े तृतीयक देखभाल केंद्र मौजूद हैं। इन केंद्रों की उपस्थिति के कारण, दिल्ली में पूरे उत्तर भारत और देश के अन्य हिस्सों से कैंसर के मरीजों का एक बड़ा प्रवाह आता है, जिससे शहर में उपचार का बोझ और भी बढ़ जाता है।

# दिल्ली-एनसीआर की आबोहवा खराब, लोगों की सांसों पर संकट!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में जहरीली हवा का संकट बरकरार है। हालांकि कल से प्रदूषण में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन हवा का स्तर अभी भी बेहद खराब बना हुआ है। कुछ जगहों पर एक्यूआई अभी भी 350 से ज्यादा पर दर्ज किया जा रहा है। सुबह से ही दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में कोहरे के साथ धुंध की चादर छाई हुई है। वहीं कल भी राजधानी का औसत एक्यूआई गंभीर से बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया था।



हवा की गति बढ़ने और सुबह स्मॉग में कमी होने के कारण प्रदूषण के स्तर में कमी दर्ज की गई। मंगलवार को दिल्ली के लगभग सभी केंद्रों पर प्रदूषण का स्तर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। सोमवार को राजधानी का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 427 दर्ज किया गया था। मंगलवार को इसमें कमी आई और यह 354 अंक पर पहुंच गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को बीते 24 घंटे के अंदर वायु गुणवत्ता सूचकांक में 73 अंकों का सुधार दर्ज किया गया। राजधानी में मंगलवार को कई स्थानों पर 10 किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार तक उत्तर पश्चिमी हवा चलने के कारण प्रदूषण में गिरावट आई। सीपीसीबी के मुताबिक हवा में पीएम 10 का स्तर 100 और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर की हवा में मंगलवार दिन में तीन बजे पीएम 10 का औसत स्तर 276 और पीएम 2.5 का औसत स्तर 167 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। यानी दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषक कणों का स्तर अभी मानकों से लगभग दो गुना से अधिक दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली का अनुमान है कि अगले दो दिनों के बीच हवा के रफ्तार में थोड़ी तेजी आएगी। खासतौर पर दिन के समय हवा की रफ्तार दस किलोमीटर प्रति घंटे से तेज होगी और दिन में धूप निकलेगी। इससे प्रदूषक कणों का विसर्जन भी तेज होगा। इससे प्रदूषण के स्तर में हल्का सुधार होने के आसार हैं।

## मोजांबिक के राष्ट्रपति से मिली जॉर्जिया मेलोनी; हाइट में अंतर वाली तस्वीर वायरल

**रोम, एजेंसी।** इटली प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की मोजांबिक के राष्ट्रपति डेनियल फ्रांसिस्को चापो से पिछले हफ्ते रोम में हुई मुलाकात सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच हाइट के बड़े अंतर ने सबका ध्यान खींच लिया। मेलोनी राष्ट्रपति चापो से मिलने आगे बढ़ीं तो ऊपर देखकर थोड़ा हैरान हो गईं, फिर शरमाते हुए मुस्कुराईं और फोटो खिंचवाने के लिए पोज किया। 48 साल के राष्ट्रपति चापो की लंबाई करीब 6 फुट 8 इंच है, जबकि मेलोनी की लंबाई करीब 5 फुट 2 इंच है। इस बड़े अंतर की वजह से फोटोग्राफर्स को दोनों को एक ही फ्रेम में कैद करने में काफी मुश्किल हुई, कई फोटोग्राफर्स झुक गए, तो कुछ जमीन पर लेटकर तस्वीरें लेने लगे। राष्ट्रपति चापो बास्केटबॉल के शौकीन हैं और पहले भी अन्य विश्व नेताओं के साथ तस्वीरों में अपनी लंबाई की वजह से चर्चा में रह चुके हैं। यह बैठक मोजांबिक की आजादी की 50वीं वर्षगांठ और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर हुई। दोनों नेताओं ने ऊर्जा, व्यापार और विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग पर बात की। इस प्लान में ऊर्जा तक पहुंच, सतत कृषि, व्यावसायिक प्रशिक्षण, डिजिटलीकरण और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने जैसे कई संयुक्त प्रोजेक्ट शामिल हैं।

## 'ड्रग्स लेते थे मस्क, हर घटना के पीछे साजिश देखते हैं वेंस'

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** व्हाइट हाउस की वरिष्ठ अधिकारी सूसी वाइल्स ने एक पत्रिका को दिए इंटरव्यू में चौंकाने वाले खुलासे किए। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीब लोगों के बारे में स्पष्ट और आलोचनात्मक टिप्पणियां कीं। उन्होंने यह भी कहा कि टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क केटामाइन (ड्रग) का सेवन करते थे।

उन्होंने उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को 'बिना सबूतों के हर बड़ी घटना के पीछे गोपनीय साजिश मानने वाला व्यक्ति' और बजट प्रमुख रस वॉट को 'कट्टर दक्षिणपंथी' बताया। उन्होंने जेफरी एपस्टीन से जुड़े दस्तावेजों को संभालने के तरीके को लेकर अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी की भी आलोचना की।

इस इंटरव्यू के सामने आने के व्हाइट हाउस ने उनके बयानों को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि, सूसी वाइल्स ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस खबर में जरूरी संदर्भों को नजरअंदाज किया गया और इसे जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया गया।



व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने सूसी वाइल्स का समर्थन करते हुए कहा कि ट्रंप के पास सूसी से बड़ा या उनसे ज्यादा वफादार सलाहकार कोई नहीं है। लीविट ने एक्स पर कहा, 'पूरा प्रशासन उनके स्थिर नेतृत्व के लिए आभारी है और पूरी तरह उनके साथ खड़ा है।' लेकिन यह इंटरव्यू फिर से राष्ट्रपति और उनकी नीतियों पर सवाल खड़े कर सकता है और पुराने मतभेद, खासकर मस्क के साथ फिर से टकराव पैदा कर सकता है। वाइल्स ने मस्क के बारे में कहा, वह पूरी तरह अकेले काम करने वाले व्यक्ति हैं। एलन के साथ चुनौती यह है कि उनकी गति के साथ कदम मिलाना मुश्किल है। जब उनसे पूछा गया कि मस्क ने एक्स पर जो पोस्ट शेयर की थी, जिसमें कहा गया था कि सरकारी कर्मचारी एडॉल्फ हिटलर, जोसेफ स्टालिन और माओ जेदोंग के समय लाखों मौतों के लिए जिम्मेदार थे, इसके बारे में उनका क्या विचार है, तो वाइल्स ने कहा, मुझे लगता है उस समय वह हल्का ड्रग (माइक्रोडोजिंग) का इस्तेमाल कर रहे थे। हालांकि, वाइल्स ने माना कि उन्हें मस्क के ड्रग इस्तेमाल की प्रत्यक्ष जानकारी नहीं है।

मस्क और टेस्ला के प्रतिनिधियों ने इस बारे में तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

## जेवर एयरपोर्ट के पास बनेंगे 2 नए थाने

**नई दिल्ली , एजेंसी।** जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास सुरक्षा के लिहाज से दो नए पुलिस थाने बनाए जाएंगें। इनको इंटरनेशनल और डोमेस्टिक टर्मिनल थाने के रूप में पहचान मिलेगी। शासन ने दोनों थानों के निर्माण की मंजूरी दे दी है। नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम अंतिम चरण में है। उड़ान शुरू होने के बाद यहां रोजाना हजारों लोगों का यहां आवागमन होगा। इनमें विदेशी भी भारी संख्या में होंगे। यात्रियों समेत अन्य लोगों की सुरक्षा पुलिस की पहली प्राथमिकता होगी। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसी कड़ी में दो थानों के निर्माण की मंजूरी शासन से मिल गई है। डोमेस्टिक थाने के लिए 35 पुलिसकर्मियों की स्वीकृति मिली है। दोनों नए थानों में प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मियों की तैनाती जल्द ही की जाएगी।

# वो भारतीय महिला, जिसने पाकिस्तान में की शादी और बनी जॉर्डन की क्राउन प्रिंसेस

**अम्मान, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस सप्ताह जॉर्डन यात्रा के बाद भारत और जॉर्डन के ऐतिहासिक रिश्तों पर एक बार फिर लोगों का ध्यान गया है। पीएम मोदी ने सोमवार, 15 दिसंबर 2025 को जॉर्डन की राजधानी अम्मान में स्थित अल-हुसैनिया पैलेस में जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की अहम बैठक की। इसी मौके पर हम आपको एक ऐसी भारतीय महिला की कहानी बता रहे हैं, जिनका जीवन भारत, पाकिस्तान और जॉर्डन ङ्क तीनों देशों से गहराई से जुड़ा रहा। यह महिला बाद में जॉर्डन की क्राउन प्रिंसेस बनीं और दशकों तक शाही जिम्मेदारियां निभाईं।



हम बात कर रहे हैं प्रिंसेस सरवत एल. हसन की। उनका जन्म 1947 में कोलकाता में हुआ था, यानी भारत-पाकिस्तान बंटवारे से कुछ ही हफ्ते पहले। वे एक प्रतिष्ठित बंगाली मुस्लिम परिवार - सुहरावर्दी परिवार से ताल्लुक रखती थीं।

उनका जन्म नाम सरवत इकरामुल्लाह था। उनके पिता मोहम्मद इकरामुल्लाह भारतीय सिविल सेवा के अधिकारी रहे और बाद में वे पाकिस्तान के पहले विदेश सचिव बने। उनकी मां शाइस्ता सुहरावर्दी इकरामुल्लाह पाकिस्तान की पहली महिला सांसदों में से एक थीं और उन्होंने मोरक्को में पाकिस्तान की राजदूत के रूप में भी काम सरवत की पढ़ाई ब्रिटेन में हुई। अपने पिता की यूरोप और दक्षिण एशिया में अलग-अलग राजनयिक तैनातियों के कारण उनका बचपन और युवावस्था एक अंतरराष्ट्रीय माहौल में बीती। इसी दौरान, लंदन में आयोजित एक राजनयिक कार्यक्रम में उनकी मुलाकात जॉर्डन के हाशमी वंश के प्रिंस हसन बिन तलाल से हुई। यहीं से दोनों के रिश्ते की शुरुआत हुई।

**पाकिस्तान में हुई शाही शादी:** इसके बाद 28 अगस्त 1968 को सरवत इकरामुल्लाह ने पाकिस्तान के कराची में प्रिंस हसन बिन तलाल से विवाह किया। यह शादी पाकिस्तानी, जॉर्डनियन और पश्चिमी परंपराओं का अनोखा मेल थी।

## नीरव मोदी के प्रत्यर्पण पर फिर टला लंदन कोर्ट का फैसला, मार्च 2026 में होगी अगली सुनवाई

**लंदन, एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े करीब 2 अरब डॉलर के धोखाधड़ी मामले के मुख्य आरोपी भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया में एक बार फिर देरी हो गई है. लंदन हाई कोर्ट ने नीरव मोदी की उस अर्जी पर सुनवाई मार्च 2026 तक के लिए टाल दी है, जिसमें उसने अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील को दोबारा खोलने की अनुमति मांगी थी. सुनवाई के दौरान कोर्ट में यह बात सामने आई कि नीरव मोदी द्वारा प्रत्यर्पण रोकने के लिए अपनाया गया कोई 'गोपनीय कानूनी रास्ता' (संभवत: शरण की अर्जी) अगस्त में विफल हो गया है. इसके तुरंत बाद उसने अपनी अपील को दोबारा खोलने की यह नई याचिका दायर की. भारत की 'मजबूत गारंटी' और कोर्ट का रुख लंदन के रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में जस्टिस जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे की पीठ ने सुनवाई की. भारतीय अधिकारियों (सीबीआई और ईडी) ने नीरव मोदी को मुंबई की आर्थर रोड जेल में रखने और उससे पूछताछ को लेकर 'पुख्ता संप्रभु आश्वासन' पेश किए. हालांकि, नीरव के वकीलों ने दावा किया कि ये आश्वासन पर्याप्त नहीं हैं और भारत में उनके मुवक्किल के साथ 'अमानवीय व्यवहार' का खतरा है. अदालत ने नीरव के वकीलों को इन आश्वासनों का जवाब देने के लिए समय देते हुए अगली सुनवाई मार्च 2026 तक टाल दी. जज ने इस देरी पर टिप्पणी करते हुए इसे 'बेहद निराशाजनक' बताया. अगर मार्च-अप्रैल 2026 में होने वाली दो दिवसीय सुनवाई में नीरव की अर्जी खारिज हो जाती है।

# उपायुक्त ने किया प्री बोर्ड परीक्षा को लेकर विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोर्ड परीक्षाओं में धनबाद जिले के छात्रों का बेहतरीन प्रदर्शन सुनिश्चित करने तथा छात्रों को बोर्ड परीक्षा के माहौल से परिचित कराने के उद्देश्य से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं के लिए जिले के 141 विद्यालयों में मैट्रिक एवं 36 हाई स्कूल में इंटरमीडिएट प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया था। प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन आज, 17 दिसंबर से शुरू हुआ। इसको लेकर उपायुक्त ने बीएसएस बालिका विद्यालय, पीएम राजकीयकृत प्लस 2 हाई स्कूल (एच.ई. स्कूल) के अलावा अन्य विद्यालयों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने छात्रों के साथ बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। विद्यालयों में सुधार के लिए उनके सुझाव लिए और उसे शीघ्र पूरा करने का भरोसा दिया। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्रा बोर्ड परीक्षा और प्रतियोगिता परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करें। इसके मद्देनजर आज से जिले के विद्यालयों में प्री बोर्ड परीक्षा शुरू की गई है। इसका आयोजन 18, 19, 22, 23, 24 एवं 26 दिसंबर 2025 को दो शिफ्ट में बोर्ड परीक्षा की तरह ही किया जा रहा है। इसमें बोर्ड परीक्षा की तरह ही परीक्षा ली जा रही है। बच्चों को प्रश्न पत्र के साथ उत्तर पुस्तिका दी गई है। प्री बोर्ड परीक्षा में शामिल होने से छात्र बोर्ड परीक्षा के माहौल से भी परिचित होंगे। उन्होंने कहा कि प्री बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मी मेहनत कर रहे हैं। बोर्ड परीक्षा में धनबाद राज्य में एक अच्छी पहचान बनाएगा। छात्रों के स्वर्णिम भविष्य की परिकल्पना साकार होगी। वहीं भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने प्री-बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्रों से सीधा संवाद कर उनकी शैक्षणिक स्थिति जानी। विद्यालयों में हाउस सिस्टम पर चर्चा की। हाउस गतिविधियों को और बेहतर करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। छात्रों को घर जाकर भी परीक्षा की तैयारियों में जुटे रहने का आह्वान किया। शिक्षकों को छात्रों से संवाद कर बेहतर मार्गदर्शन देने का निर्देश दिया। बीएसएस बालिका विद्यालय के छात्रों ने उपायुक्त से स्वच्छ पानी, कंप्यूटर लैब, हॉल व खेल मैदान की मांग रखी। उपायुक्त ने विद्यालय को 10 कंप्यूटर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही किचन का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता व पोषण की जांच की। भ्रमण के दौरान उपायुक्त श्री आदित्य रंजन के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री अभिषेक झा मौजूद थे।

## उपायुक्त ने प्रोजेक्ट रेल परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाली तीन छात्राओं को किया सम्मानित

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने प्रोजेक्ट रेल परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बीएसएस बालिका



उच्च विद्यालय की तीन छात्राओं को डायरी और कलम देकर सम्मानित किया। उनकी हौसला आफजाई की। दरअसल, उपायुक्त आज बी.एस.एस. बालिका उच्च विद्यालय में प्री बोर्ड परीक्षा के अनुश्रवण के लिए गए थे। इस दौरान वर्ग 8 में रेल परीक्षा में प्रथम स्थान के लिए उन्होंने रूपोश्री नंदी, द्वितीय स्थान के लिए आईशा कुमारी तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए कोमल कुमारी को सम्मानित किया। उपायुक्त ने विद्यालय में की गई वॉल पेंटिंग की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने वर्ग 8 की कक्षा में प्रिंट रिच सजावट, वर्ग कक्ष में छात्रों की उपस्थिति की प्रशंसा करते हुए छात्र - छात्राओं से प्रोजेक्ट रेल परीक्षा, पाठ्यक्रम एवं पढ़ाई के साथ साथ विद्यालय एवं छात्रों की आवश्यकता के संबंध में बातचीत की।उपायुक्त ने विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार के क्रियाकलाप की भी प्रशंसा की।

# गणेश साव को शहीद का दर्जा दिलाने को विधानसभा में आवाज उठाएंगे : शत्रुघ्न महतो



**झरिया/धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वर्गीय गणेश साव की 40 वीं पुण्यतिथि झरिया बाटा मोड़ गणेश चौक के समक्ष मनाई गई। संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शत्रुघ्न महतो थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड बच्चन भारती संचालन सतेंद्र गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन बलिदानी गणेश साव के पुत्र पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव ने किया कार्यक्रम को संगीतमय बनाने हेतु संस्कृत निर्गुण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रतिमा पर विधायक शत्रुघ्न महतो एवं उनके पुत्र अनूप साव ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तदुपरांत जिले के कई गण मान्य लोग एवं समाजसेवी तथा व्यावसायिक गणों ने श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए संगीतमय श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि महाजनी प्रथा एवं गरीबों का शोषण करने वाले के विरुद्ध लड़ाई लड़ने में गणेश साव की हत्या की गई उन्होंने शोषित वर्ग के हक की लड़ाई के लिए अपनी प्राण की बलिदानी दी है! इसलिए शहीद का दर्जा दिलाने हेतु विधानसभा में आवाज उठाएंगे जगत महतो ने कहा कि उनकी बलिदानी व्यर्थ नहीं गई नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा मिलती है! महेंद्र सिंह मीनू ने कहा कि शासक वर्ग के विरुद्ध हमेशा मुखर रहना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद चंदन महतो अंकेश राज दिलीप आडवाणी मधुसूदन अग्रवाल सैकड़ो की संख्या में आमलोगों ने श्रद्धा पुष्प अर्पित किए।

# सीआरपीएफ के फर्जी कमांडेंट को पुलिस ने भेजा जेल



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीआरपीएफ कमांडेंट बनकर धौंस दिखाने वाले अश्विनी कुमार ठाकुर को यातायात पुलिस ने पड़कर बीएस सिटी थाने के हवाले किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। वाहन जांच के क्रम में आरोपी ने ट्रैफिक पुलिस के पदाधिकारी और कर्मियों को सस्पेंड कराने की धमकी दी थी और जांच में सहयोग नहीं कर रहा था। आरोपी अश्विनी कुमार ठाकुर खुद को सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट संतोष कुमार बता रहा था। जो खुद को छत्तीसगढ़ के सुकमा में पदस्थापित होने की बात कह रहा था। जब उसे ट्रैफिक पुलिस में तैनात सहायक अवर निरीक्षक ओशो प्रदीप ने आई कार्ड दिखाने की बात कही तो उसने अपना कार्ड दिखया जो फर्जी निकला। आई कार्ड में लगे तस्वीर से उसका चेहरा मैच नहीं कर रहा था। उसके मोबाइल फोन से दो अन्य फर्जी परिचय पत्र भी बरामद किया गया। जिसमें उसने राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड का पहचान पत्र असीम कुमार के नाम पर बना रखा था। पूछताछ के क्रम में उसने अपना वास्तविक आधार कार्ड दिखया जिसमें उसका नाम अश्विनी कुमार ठाकुर पता जोशी कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी अंकित था। इस मामले में पुलिस ने सहायक अवर निरीक्षक ओशो प्रदीप के आवेदन पर मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

# कानून-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण को लेकर हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुनील भास्कर बुधवार की सुबह धनबाद पहुंचे। उनके आगमन पर वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका औपचारिक एवं आत्मीय स्वागत किया। इसके पश्चात समाहरणालय परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। आगमन के बाद पुलिस मुख्यालय के सभागार में पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर की अध्यक्षता में प्रक्षेत्र स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बोकारो प्रक्षेत्र अंतर्गत आने वाले धनबाद, बोकारो, रामगढ़, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा,चतरा के पुलिस अधीक्षक एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य प्रक्षेत्र के सभी जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति, अपराध की वर्तमान प्रवृत्ति और पुलिस कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा करना था।



समीक्षा बैठक के दौरान आईजी सुनील भास्कर ने जिलेवार अपराध की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने हत्या, लूट, डकैती, चोरी, साइबर अपराध, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति, शराब व मादक पदार्थों की तस्करी जैसे गंभीर मामलों पर विशेष ध्यान दिया। आईजी महोदय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपराध नियंत्रण और आम नागरिकों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। आईजी ने संगठित अपराध के विरुद्ध कठोर और प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए कहा कि अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ना जरूरी है। उन्होंने लंबे समय से फरार वारंटियों और इनामी अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, लंबित कांडों का समयबद्ध निष्पादन करने तथा गंभीर मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करने पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने थानों में लंबित अनुसंधान को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। आईजी ने कहा कि संगठित अपराध से जुड़े अपराधियों की सम्पति जब्त करने की दिशा मे भी पुलिस कार्रवाई करने जा रही है। कुख्यात अपराधियों पर सीसीए लगाने के साथ साथ विदेश भाग चुके अपराधियों के जल्द प्रत्यर्पण की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे है। बैठक में विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। आईजी ने क्रिसमस, नववर्ष, त्योहारों जनसभाओं, आंदोलन और अन्य संवेदनशील अवसरों पर विशेष सतर्कता बरतने, जन जागरूकता अभियान को निरंतर संचालित करने, सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस गश्ती बढ़ाने और खुफिया तंत्र को अधिक मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने के लिए संवेदनशील और जवाबदेह पुलिसिंग बेहद जरूरी है। बैठक के अंत में वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद प्रभात कुमार ने पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर सहित सभी वरीय पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आईजी महोदय ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की अपील की। इस प्रक्षेत्र स्तरीय समीक्षा बैठक में एसएसपी प्रभात कुमार, बोकारो एसपी हरविन्दर सिंह, रामगढ़ एसपी अजय कुमार, गिरिडीह एसपी बिमल कुमार, हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन, कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह, ग्रामीण एसपी धनबाद कपील चौधरी एवं सिमरिया के एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अनागत प्रश्नों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समिति सभापति ने की समीक्षा बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति ने बुधवार को बोकारो जिले का दौरा किया। इस क्रम में समिति ने बोकारो परिसदन भवन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठककी। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुरेश पासवान ने की। मौके पर विधायक टुंडी मथुरा महतो भी उपस्थित थे। बैठक में समिति के अध्यक्ष ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अनागत प्रश्नों को गंभीरता एवं सावधानीपूर्वक अध्ययन करें तथा समिति को लिखित रूप में सटीक, तथ्यपरक एवं अद्यतन उत्तर उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान विभागवार अनागत प्रश्नों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समिति द्वारा स्वास्थ्य, सड़क निर्माण, जल संसाधन, विद्युत, पंचायती राज, पर्यटन, भूमि संरक्षण, विशेष प्रमंडल, शिक्षा,खान एवं भूतत्व विभाग, गृह कारा, वन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। सभी संबंधित विभागों से कार्य प्रगति प्रतिवेदन लेते हुए योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।



समिति के अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, तत्परता एवं जवाबदेही बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं रहे। मौके पर डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, डीएसओ शालिनी खालखो, डीटीओ मारूति मिंज, मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता, डीपीआरओ रवि कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता,डीपीओ राज शर्मा,डीईओ जगरनाथ लोहरा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह,नोडल पदाधिकारी मनरेगा पंकज कुमार आदि उपस्थित थे। इससे पूर्वउपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने समिति के सभापति सुरेश पासवान को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

## नि:शुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन

**निरसा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निरसा गुरुदास भवन माले पार्टी कार्यालय में, आज गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन के द्वारा नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन का शिविर आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विधायक अरूप चटर्जी के द्वारा फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रातः 9:00 बजे से ही नेत्र जांच करवाने के लिए सैकड़ो की संख्या में मरीज पहुंचे। वहीं 64 मरीजों के आंखों की जांच की गई, जिसमें 32 मरीज को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 18 दिसंबर को दोपहर 2:00 बजे वाहन के द्वारा नेताजी आई हॉस्पिटल रामचंद्रपुर ले जाया जाएगा। मोतियाबिंद के जितने भी मरीज हैं, उनका ऑपरेशन से लेकर दवाई चश्मा सभी निशुल्क में दिया जाएगा। इस शिविर में मुख्य रूप से नेताजी आई हॉस्पिटल के डॉक्टर राजेश चौधरी एवं सहयोगी में औशिक राय , गौतम दे, जितिन प्रमाणिक सेबिका गंगा बाऊरी तनुश्री पाल , टूटन मुखर्जी आगम राम गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन के , मीडिया प्रभारी प्रभु सिंह एवं मन्नू सिंह धीरज श्रीवास्तव,गुलाम रब्बानी, अतिकुर रहमान हर हर आर्य अजहर आदि उपस्थित थे

# अस्पताल में वैक्सीन नहीं, दर-दर भटकने को मजबूर ग्रामीण

**चन्दनकियारी (बोकारो)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार के 'बेहतर स्वास्थ्य सेवा' के तमाम दावों की हकीकत चंदनकियारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धरी की धरी रह गई है। यहां बुनियादी सुविधाओं और जीवन रक्षक दवाओं का अकाल इस कदर है कि कुत्ते के काटने जैसी आपातकालीन स्थिति में भी ग्रामीणों को अस्पताल से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। ताजा घटना भोस्की गाँव की है, जहां आवारा कुत्ते के हमले में कई ग्रामीण घायल हो गए। आनन-फानन में परिजन घायलों को लेकर चंदनकियारी सीएचसी पहुंचे। लेकिन वहां इलाज की जगह उन्हें सिस्टम की लाचारी मिली। अस्पताल में एंटी-रेबीज वैक्सीन उपलब्ध नहीं था। घंटों इंतजार और अस्पताल प्रबंधन से मिन्नतें करने के बाद भी जब कोई समाधान नहीं निकला, तो दर्द से कराहते मरीजों को मजबूरी में इलाज




के लिए जिला मुख्यालय बोकारो का रुख करना पड़ा। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब इस सीएचसी में दवाओं की किल्लत सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल केवल रेफरल सेंटर बनकर रह गया है।

**जिम्मेदार कौन?** रेबीज एक जानलेवा बीमारी है। ऐसे में वैक्सीन का स्टॉक खत्म होना क्या स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही नहीं है?

**सरकारी दावों की हकीकत:** जब प्रखंड स्तर के मुख्य अस्पताल में जीवन रक्षक टीके उपलब्ध नहीं हैं, तो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य क्रांति के दावे कितने खोखले हैं? क्या विभाग किसी बड़ी अनहोनी के बाद ही नींद से जागेगा?

**ग्रामीणों में भारी रोष:** भोस्की के ग्रामीणों का कहना है कि वे गरीब हैं और बार-बार बोकारो जाकर निजी या बड़े अस्पतालों का खर्च वहन करना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि चंदनकियारी सीएचसी में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और इस लापरवाही के लिए जवाबदेही तय हो। चंदनकियारी की यह स्थिति राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली का जीवंत उदाहरण है। अगर समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो इसका खामियाजा सीधे तौर पर उन मासूम ग्रामीणों को भुगतना पड़ेगा जिनके पास सरकारी सुविधाओं के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

# बीएसएल में पहली बार हॉट मेटल टॉरपीडो लैडल कार का सफल जीर्णोद्धार कर पुनः परिचालन शुरू

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट ने आंतरिक संसाधनों एवं सुदृढ़ तकनीकी दक्षता के बल पर हॉट मेटल टॉरपीडो लैडल कार-02 (टीएलसी-02) का सफलतापूर्वक जीर्णोद्धार कर उसे पुनः परिचालन में लाकर एक महत्वपूर्ण तकनीकी एवं परिचालन उपलब्धि हासिल की है. यह उपलब्धि संयंत्र की आत्मनिर्भरता, नवाचार क्षमता तथा प्रभावी अंतर-विभागीय समन्वय का सशक्त उदाहरण है. ब्लास्ट फर्नेस विभाग में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान जीर्णोद्धारित हॉट मेटल टॉरपीडो लैडल कार को अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) श्री अनूप कुमार दत्त द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर पुनः परिचालन हेतु फ्लैग-ऑफ किया गया. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) श्री शौविक रॉय, मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरी) श्री नागराजन श्रीकांत, मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी) श्री प्रकाश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मी उपस्थित थे. उल्लेखनीय है कि टॉरपीडो लैडल कार संख्या-02, जुलाई 2021 में हॉट मेटल पंक्चर की घटना के पश्चात परिचालन से बाहर हो गई थी. हॉट मेटल पंक्चर एवं लंबे समय तक निष्क्रिय रहने के कारण इसके बाहरी खोल तथा रिफ्रैक्टरी लाइनिंग क्षतिग्रस्त हो चुकी थी. ऐसी स्थिति में इस महत्वपूर्ण परिसंपत्ति का जीर्णोद्धार एक बड़ी तकनीकी चुनौती बन गया था. इस चुनौतीपूर्ण कार्य को



सफलतापूर्वक पूर्ण करने हेतु अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) श्री अनूप कुमार दत्त के नेतृत्व में एक विस्तृत एवं सुव्यवस्थित पुनरुद्धार योजना तैयार की गई. मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) श्री शौविक रॉय, मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरी) श्री नागराजन श्रीकांत तथा मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी) श्री प्रकाश कुमार के मार्गदर्शन में गठित टीम ने इस जीर्णोद्धार कार्य को चरणबद्ध एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न किया. जीर्णोद्धार प्रक्रिया के अंतर्गत लैंसिंग कार्य को सुगम बनाने तथा इस दौरान उत्पन्न पिघले पदार्थ की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से टॉरपीडो के बाहरी खोल को चार स्थानों पर काटा गया. इसके पश्चात टॉरपीडो की आंतरिक सफाई की गई तथा 40 मिमी मोटाई की वक्राकार धातु प्लेटों के माध्यम से सभी कटे हुए भागों की वेल्डिंग कर बाहरी संरचना को पुनः सुदृढ़ किया गया. इसके उपरांत रिकॉर्ड समय में मात्र 18 दिनों के भीतर टॉरपीडो की रीलाइनिंग का कार्य पूर्ण किया गया. वहीं सीईडी टीम के सहयोग से ऊष्मा-रोधी एल्युमिनियम पेंटिंग की गई तथा पाँच दिवसीय हीटिंग साइकिल के सफल समापन के पश्चात टीएलसी-02 को पुनः सेवा हेतु उपयुक्त घोषित किया गया. इस उल्लेखनीय उपलब्धि में महाप्रबंधक (बीएफ) जे. जोड़र, महाप्रबंधक (बीएफ) मानस सरकार, महाप्रबंधक (ट्रैफिक) एस. पात्रा, उप महाप्रबंधक (बीएफ) सरोज कुमार, सहायक महाप्रबंधक (कैपिटल रिपेयर) वेंकटेश, सहायक महाप्रबंधक (आरईडी) ए. वर्मा, प्रबंधक (बीएफ) गुणवंत कुमार सहित उनकी टीम तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने टीम भावना के साथ महत्वपूर्ण योगदान दिया. यह उपलब्धि सेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि



यह पहली बार है जब किसी पंक्चर हो चुकी हॉट मेटल टॉरपीडो लैडल कार का जीर्णोद्धार कर पुनः परिचालन बोकारो स्टील प्लांट द्वारा पूर्णतः आंतरिक संसाधनों, तकनीकी विशेषज्ञता एवं सुदृढ़ अंतर-विभागीय समन्वय के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया है.

### बीएसएल में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला एवं सेफ्टी अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन

बोकारो इस्पात संयंत्र में चल रहे सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों में सुरक्षा के प्रति सजगता, उत्तरदायित्व तथा सुरक्षित कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निरंतर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं. इसी क्रम में, आरएमपी विभाग द्वारा संयंत्र परिसर स्थित प्लांट प्लाजा रोड पर सड़क सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने हेतु एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति संवेदनशील बनाना तथा कार्यस्थल पर 'शून्य दुर्घटना' की प्रतिबद्धता को और सशक्त करना था. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन्स) अनूप कुमार दत्त उपस्थित रहे. उन्होंने मानव श्रृंखला की सराहना करते हुए सड़क सुरक्षा को जीवन का अभिन्न अंग बताया तथा सुरक्षित, सतर्क एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के महत्व पर विशेष बल दिया. कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बी. के. सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (रिफ्रैक्टरी) नागराजन श्रीकांत तथा महाप्रबंधक (आरएमपी) मुकेश कुमार सिंह सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में संविदा श्रमिक उपस्थित रहे। मानव श्रृंखला के दौरान प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा संदेशों से युक्त तख्तियों के माध्यम से हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, सीट बेल्ट पहनने तथा निर्धारित गति सीमा के पालन जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए. इस दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु प्रेरित करते हुए सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया. एक अन्य कार्यक्रम में, बीएसएल के परियोजना डिवीजन द्वारा परियोजना डिवीजन के कॉन्फ्रेंस हॉल में एक 'सेफ्टी अवॉर्ड कार्यक्रम' का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) श्री अनीश सेनगुप्ता द्वारा किया गया. इस अवसर पर परियोजना डिवीजन के मुख्य महाप्रबंधक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, परियोजना-सुरक्षा विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे. अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री सेनगुप्ता ने प्रत्येक कर्मचारी से कार्यस्थल पर व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) के नियमित एवं सही उपयोग को सुनिश्चित करने का आह्वान किया. उन्होंने बेहतर हाउसकीपिंग, संभावित खतरों की पहचान, जोखिम मूल्यांकन की तकनीकों को समझने तथा कार्य के दौरान व्यवस्थित एवं सुरक्षित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया. समारोह के दौरान सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक (परियोजना) श्री राजेश शर्मा द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक (परियोजना) श्री कौशल किशोर द्वारा किया गया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com